seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

सफलता की राह पर चलने का पहला कदम है खुद पर विश्वास।

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की



■ वर्ष : 56 ■ अंक : 314 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 | seema-sandesh.com | श्रीगंगानगर, बुधवार, 18 नवम्बर, 2026

गिल बोले- भारत पहले टेस्ट में 4 पेसर उतारेगा 11 >

न्यूज इन ब्रीफ

पूर्व सरपंच की हत्या से तनाव, ग्रामीणों ने लगाया जाम

खेतड़ी (झुंझुनूं)। विजयनगर ग्राम पंचायत में मतदान के बाद हुई हिंसक झड़प में घायल पूर्व सरपंच लक्ष्मीनारायण सैनी की मौत से क्षेत्र में तनाव फैल गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने करमाड़ी के पास खेतड़ी-जयपुर मार्ग पर जाम लगा दिया, जिससे आवागमन बाधित हो गया। खेतड़ी विधायक धर्मपाल गुर्जर ने बताया कि सोमवार शाम मतदान के बाद बैठे पूर्व सरपंच (जिनकी पुत्रवधू सरपंच प्रत्याशी हैं) पर 15-20 लोगों ने सरिया, कुर्सियों और पत्थरों से हमला कर दिया, जिससे अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई। ग्रामीण आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और खेतड़ी के अजीत अस्पताल में पोस्टमार्टम की मांग पर अड़े हैं। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है और प्रशासन समझाइश में जुटा है।

बागवानी उत्पादन में 4.36 फीसदी की ऐतिहासिक उछाल

नई दिल्ली। देश में बागवानी फसलों का कुल उत्पादन वर्ष 2025-26 में 4.36 प्रतिशत बढ़कर 3869.15 लाख टन होने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष 3707.38 लाख टन था। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को तीसरे अग्रिम अनुमान जारी करते हुए कहा कि यह किसानों की मेहनत और सरकारी नीतियों का परिणाम है। खास बात यह है कि 301.36 लाख हेक्टेयर के मुकाबले कम क्षेत्रफल (297.21 लाख हेक्टेयर) में भी रिकॉर्ड पैदावार दर्ज हुई है।

अमृतसर: 38 किलो हेरोइन सहित 7 काबू

अमृतसर। अमृतसर देहात पुलिस ने सर्च ऑपरेशन के दौरान विभिन्न स्थानों से 38 किलो हेरोइन, दस अवैध पिस्तौल के साथ सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में केस दर्ज किए गए हैं। कुछ देर बाद एसएसपी कंवलप्रीत सिंह चाहल इस बारे में जानकारी देंगे। आरोपियों के कब्जे से आठ सौ ग्राम अफीम और 102 कारतूस भी बरामद किए गए हैं। बता दें कि अमृतसर देहात पुलिस ने मंगलवार की सुबह सीमांत क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन चलाकर उक्त आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

1,000 नए विमान खरीदने की तैयारी

नई दिल्ली। देश में हवाई यात्रियों की तेजी से बढ़ती संख्या के मद्देनजर विमानों की कमी को पूरा करने के लिए भारत 1,000 और नए विमान खरीदने की तैयारी कर रहा है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मिस्र की राजधानी काहिरा में बताया कि देश को दो हजार से अधिक विमानों की आवश्यकता है। भारत पहले ही एयरबस और बोइंग जैसी कंपनियों को 1,200 से ज्यादा विमानों का ऑर्डर दे चुका है, जिनकी जल्द आपूर्ति के लिए बातचीत जारी है। नए विमानों के आने से घरेलू संपर्क मजबूत होने के साथ-साथ मिस्र सहित अन्य देशों के लिए सीधी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या भी बढ़ेगी। इसके अतिरिक्त, एम्ब्रेयर और अडानी समूह की साझेदारी के जरिए देश में ही क्षेत्रीय विमान निर्माण को बढ़ावा देने पर भी काम चल रहा है।

एसआईआर पर सबूत नहीं दे पाया आयोग

नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कामकाज और वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ता राकेश कुमार सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में नया हलफनामा दाखिल किया है। इसमें कहा गया है कि चुनाव आयोग (ईसीआई) सर्वसम्मति से फैसले लेने का कोई समकालीन रिकॉर्ड पेश नहीं कर सका है। याचिका में ऑनलाइन फॉर्म-6 में बदलाव और बाद के सुधारात्मक कदमों पर सवाल उठाते हुए मूल रिकॉर्ड मांगे गए हैं।

बेहतर सड़कों और बढ़ते ऑटोमोबाइल सेक्टर से बढ़ा वाहनों का धुआं

देश के करीब 40% एयर पॉल्यूशन के लिए मैं जिम्मेदार : मंत्री गडकरी

पराली से बायोएनर्जी, एलपीजी में 40% डीएमई और यूरिया आयात में 6 लाख करोड़ रुपये बचाने का रोडमैप किया साझा



नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने देश में बढ़ते वायु प्रदूषण पर एक बेबाक बयान देते हुए कहा है कि देश के करीब 40 प्रतिशत एयर पॉल्यूशन के लिए वे स्वयं को जिम्मेदार मानते हैं। मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित 14वें सीआईआई बायोएनर्जी समिट को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि चूंकि वे परिवहन मंत्री हैं और सरकार लगातार देश में विश्वस्तरीय व बेहतर सड़कें बना रही है, इसलिए लोग ज्यादा गाड़ियां खरीद रहे हैं और उनका उपयोग भी बढ़ रहा है। सड़कों पर वाहनों की बढ़ती संख्या और उनसे निकलने वाले धुएं के कारण प्रदूषण में इजाफा हो रहा है।

गडकरी ने आंकड़ों के जरिए भारतीय ऑटोमोबाइल सेक्टर की तेज रफ्तार को रेखांकित करते हुए बताया कि जब उन्होंने मंत्री पद संभाला था, तब देश का ऑटोमोबाइल उद्योग करीब 14 लाख करोड़ रुपये का था, जो अब बढ़कर 22 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इस दौरान भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल बाजार बन गया है, जबकि पहले वह सातवें स्थान पर था। इस बढ़ती चुनौती से निपटने के लिए उन्होंने पेट्रोल और डीजल पर निर्भरता कम कर इथेनॉल, हाइड्रोजन और बायोफ्यूल जैसे वैकल्पिक ईंधनों को अपनाने की तत्काल आवश्यकता बताई।

पराली से बायोएनर्जी और गोबरधन योजना पर फोकस : बायोएनर्जी की अपार संभावनाओं का जिक्र करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार 'गोबरधन योजना' के तहत देश भर में करीब 3,000 प्लांट स्थापित कर रही है। इनमें से 250 प्लांट शुरू हो चुके हैं और 200 निमार्णाधीन हैं। उन्होंने दिल्ली के प्रदूषण का जिक्र करते हुए कहा कि यदि पराली जलाने पर पूरी तरह रोक लगाकर उसका उपयोग बायोएनर्जी बनाने में किया जाए, तो न केवल प्रदूषण से बड़ी राहत मिलेगी, बल्कि किसानों की आय में भी वृद्धि होगी।

इथेनॉल, हाइड्रोजन और बायोफ्यूल अपनाने पर दिया जोर

इथेनॉल से उड़ेंगे हवाई जहाज और चलेंगे ट्रैक्टर

गडकरी ने बताया कि इथेनॉल और रेक्टिफाइड स्पिरिट से सीधे सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (हवाई जहाज का वैकल्पिक ईंधन) तैयार किया जा सकता है। वर्तमान में कई देश एविएशन फ्यूल में 2 प्रतिशत बायोफ्यूल मिलाना अनिवार्य करने पर विचार कर रहे हैं। इसके साथ ही आइसोब्यूटेनॉल को डीजल के मजबूत विकल्प के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि किर्लोस्कर ने शत-प्रतिशत इथेनॉल और आइसोब्यूटेनॉल से चलने वाले जनरेटर सेट तैयार कर लिए हैं और अब ट्रैक्टर इंजनों पर भी इसी दिशा में काम हो रहा है, जिससे भविष्य में किसान इथेनॉल से ट्रैक्टर चला सकेंगे।

आयात बिल घटाने और गैस आधारित अर्थव्यवस्था का लक्ष्य

केंद्रीय मंत्री ने औद्योगिक कार्बन डाइऑक्साइड के सदुपयोग पर जोर देते हुए कहा कि इलेक्ट्रोलाइजर तकनीक से पानी से हाइड्रोजन निकालकर और उसे कार्बन डाइऑक्साइड के साथ मिलाकर यूरिया व डाइमिथाइल ईथर (डीएमई) बनाया जा सकता है। भारत हर साल करीब 6 लाख करोड़ रुपये का यूरिया आयात करता है, जिसे इस स्वदेशी तकनीक से बचाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, घरेलू स्तर पर उत्पादित डीएमई को एलपीजी में 40 प्रतिशत तक मिलाने की तैयारी है, जिससे एलपीजी का आयात बिल काफी कम होगा। गडकरी ने स्पष्ट किया कि सरकार की ऊर्जा नीति का मुख्य उद्देश्य ईंधन आयात घटाना, कीमतों को किफायती रखना और देश को गैस व हाइड्रोजन आधारित स्वच्छ अर्थव्यवस्था की ओर ले जाना है।

गोपाष्टमी पर गो-पूजा



गोपाष्टमी के शुभ अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा के दीनदयाल गांव की गौशाला में विधिवत 'गौ पूजन' कर गौमाता को गुड़ खिलाया।

दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल-सिसोदिया समेत आप नेताओं को लगाई कड़ी फटकार

नई दिल्ली।

दिल्ली हाईकोर्ट ने न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा पर की गई कथित

जवाब दाखिल करने का दिया अंतिम मौका

टिप्पणियों से जुड़े आपराधिक अवमानना मामले में छह महीने बाद भी जवाब दाखिल न करने पर आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सौरभ भारद्वाज, संजय सिंह और दुर्गेश पाठक समेत अन्य नेताओं को कड़ी फटकार लगाई है। न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति अरुण भारद्वाज



की खंडपीठ ने आप नेताओं के रवैये पर नाराजगी जताते हुए कहा कि रजिस्ट्री की रिपोर्ट के अनुसार सभी दस्तावेज उपलब्ध करा दिए गए हैं, फिर भी जवाब दाखिल न करना ठीक नहीं है और वे अदालत को गुमराह कर रहे हैं। दूसरी ओर, आप नेताओं की ओर से पेश हुए अधिवक्ता विवेक जैन और अन्य वकीलों ने अदालत के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उन्हें अभी तक कुछ आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए हैं, जिसे वे अपने जवाब में दर्ज करेंगे। हाईकोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद आरोपियों को तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का अंतिम अवसर दिया है और चेतावनी दी है कि ऐसा न करने पर उनका जवाब दाखिल करने का अधिकार समाप्त किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि यह मामला आबकारी नीति से जुड़ी सीबीआई की याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा के खिलाफ कथित सोशल मीडिया पोस्ट और पत्रों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए 14 मई को दर्ज किया गया था। मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2027 में होगी।

शिवराज की पंजाब के किसानों को 254.20 करोड़ की सौगात

खाद की कालाबाजारी करने वालों को जेल की चेतावनी

चंडीगढ़। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को मोहाली के गांव बदरपुर में आयोजित 'खेत बचाओ अभियान' के दौरान पंजाब के किसानों को 254.20 करोड़ रुपये की बड़ी सौगात दी। उन्होंने राज्य के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (2026-27) का स्वीकृति पत्र सौंपा, जिसमें 98.44 करोड़ रुपये की सात नई कृषि परियोजनाएं शामिल हैं। किसानों को संबोधित करते हुए चौहान ने खाद की कालाबाजारी और जबरन 'टैगिंग' करने वाले डीलरों को जेल भेजने की कड़ी चेतावनी दी तथा नकली कीटनाशकों व घटिया बीजों पर रोक के लिए सख्त कानून लाने की घोषणा की। उन्होंने रासायनिक खादों के अंधाधुंध उपयोग से बचने और मिट्टी की जांच कराने की अपील करते हुए बताया कि यूरिया के विकल्प के तौर पर 10 हजार हेक्टेयर में 'ग्रीन अमोनिया' का प्रयोग किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने किसानों से एकीकृत खेती (इंटीग्रेटेड फार्मिंग) अपनाने का आह्वान किया और शहद उत्पादकों के लिए राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड की विशेष बैठक बुलाने के निर्देश दिए।



शिव-पार्वती की तस्वीर पर गरमाई सियासत: राहुल के पोस्ट पर सीएम बिस्वा का पलटवार

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के बीच सोशल मीडिया पर तीखी राजनीतिक बयानबाजी देखने को मिली है। विवाद की शुरूआत सोनिया गांधी की पुस्तक बिलॉनिंगः ए जर्नी ऑफ लव के विमोचन समारोह में राहुल गांधी के उस बयान से हुई, जिसमें उन्होंने अपने माता-पिता राजीव और सोनिया गांधी के स्नेह का जिक्र करते हुए कहा था कि बचपन में उन्होंने अपनी मां को खाना खाते समय अक्सर पिता की गोद में बैठते देखा था।

इस बयान पर सत्तापक्ष की आलोचनाओं के बाद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर भगवान शिव और माता पार्वती के उमा-महेश्वर स्वरूप की एक तस्वीर



साझा की। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि भय, क्रोध और नफरत ने भाजपा और आरएसएस समर्थकों के मन में ऐसा जाल बुन दिया है जो उन्हें प्रेम का अनुभव करने और उसे व्यक्त करने से रोकता है, और एक 'सच्चे हिंदू' के तौर पर उनका कर्तव्य है कि वे उन्हें इससे मुक्त करें। राहुल गांधी के इस पोस्ट पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि साधारण मनुष्यों की तुलना शिव और पार्वती से करना भक्ति नहीं, बल्कि अहंकार है। सरमा ने तंज कसते हुए कहा कि कोई भी गांधी या इंसान कभी ईश्वर नहीं बन सकता और जब विनम्रता की जगह अहंकार ले लेता है, तो पतन की शुरूआत हो जाती है।

राहुल के 48 सवालों की अर्जी पर कोर्ट का 9 को करेगा सुनवाई

नई दिल्ली। विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित गड़बड़ियों को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के अन्य नेताओं द्वारा दायर 48 सवालों वाली अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) की आपत्तियां दाखिल होने के बाद ही इस मामले की सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने अगली सुनवाई के लिए 9 दिसंबर की तारीख तय की है।

बेटी की शादी के लिए कर्ज लेने की सोच रहे अबोहर के किसान ने जीती एक करोड़ की लॉटरी

अबोहर। बेटी की शादी के खर्च के लिए कर्ज लेने की तैयारी कर रहे अबोहर के किसान दलजीत सिंह की किस्मत रातों-रात चमक गई है। दीपावली बंपर लॉटरी में उनका एक करोड़ रुपये का पहला इनाम निकला है। दलजीत सिंह ने 10-15 दिन पहले रेलवे रोड स्थित राधा स्वामी लॉटरी सेंटर से यह टिकट खरीदा था। मंगलवार को इनाम की सूचना मिलते ही परिवार और लॉटरी सेंटर पर ढोल-नगाड़ों व मिठाइयों के साथ जश्न मनाया गया। सेंटर संचालक सुशील कुमार ने बताया कि उनके सेंटर से पहली बार किसी ने एक करोड़ रुपये जीते हैं। दलजीत सिंह और उनके बेटे जगदीप सिंह ने खुशी जताते हुए कहा कि इस इनाम से उनकी बड़ी चिंता दूर हो गई है और अब वे बेटी की शादी धूमधाम से करेंगे।

राजस्थान सरकार के मूल्यांकन विभाग की रिपोर्ट में हुआ बड़ा खुलासा

फसल बीमा कंपनियों की कारगुजारी उजागर : कम नुकसान दिखाने को लगाईं फर्जी तस्वीरें, क्लेम में देरी

10 जिलों के 300 किसानों के सर्वे में सामने आईं खामियां

जयपुर।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को राहत देने के बजाय बीमा कंपनियां किस तरह मनमानी और धोखाधड़ी कर रही हैं, इसका खुलासा राजस्थान सरकार के मूल्यांकन विभाग की एक रिपोर्ट में हुआ है। विभाग द्वारा प्रदेश के 10 जिलों—चूरू, बाड़मेर, हनुमानगढ़, जोधपुर, सीकर, दौसा, सिरोही, राजसमंद, करौली और धौलपुर में रबी और खरीफ सीजन के 300 किसानों पर किए गए रैंडम सर्वे में कई गंभीर गड़बड़ियां सामने आई हैं।

फर्जी फोटो और मनमानी का खेल

रिपोर्ट के अनुसार, बीमा कंपनियों के कर्मचारी फसल खराबे के सर्वे में भारी मनमानी करते हैं और किसानों पर दबाव बनाते हैं। कई मामलों में क्लेम बचाने के लिए खराब फसल की जगह दूसरी जगह की अच्छी फसल की फर्जी तस्वीरें अपलोड कर दी गईं। इसके अलावा, प्रीमियम अनुदान ट्रांसफर होने में देरी का बहाना बनाकर कंपनियां क्लेम भुगतान अटकाती हैं। आलम यह है कि पात्र किसानों को नुकसान के मुकाबले बेहद कम क्लेम मिलता है, जो कई बार उनके द्वारा चुकाए गए प्रीमियम से भी कम होता है।



तकनीकी खामियां, नियमों की विसंगति

सर्वे में यह भी पाया गया कि आवेदन के समय राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल और मोबाइल एप ठीक से काम नहीं करते। बैंकों द्वारा फॉर्म में गलत विवरण भरने पर उसे सुधारने की व्यवस्था न होने से किसानों के क्लेम खारिज हो जाते हैं और उन्हें खारिज होने का सही कारण या सर्वे फॉर्म तक नहीं दिया जाता। इसके अतिरिक्त, सिंचित और असिंचित क्षेत्रों के लिए 'गारंटी उपज' का एक ही पैमाना तय होने से सिंचित क्षेत्र के किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। वहीं, अतिवृष्टि और जलभराव से खड़ी फसल को होने वाले नुकसान को व्यक्तिगत क्लेम के दायरे से बाहर रखा गया है। राजस्व विभाग द्वारा समय पर गिरदावरी न करने से बैंक पुराने रिकॉर्ड के आधार पर मनमाना प्रीमियम काट लेते हैं।

कृषि आयुक्त का पक्ष

इस रिपोर्ट पर कृषि विभाग के आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने कहा कि महज 300 किसानों के सर्वे के आधार पर 40 लाख किसानों के बारे में निष्कर्ष निकालना उचित नहीं है। उन्होंने दावा किया कि पिछले 10 वर्षों में किसानों से 8,000 करोड़ रुपये का प्रीमियम लिया गया है, जिसके मुकाबले 35,600 करोड़ रुपये (447 प्रतिशत अधिक) का क्लेम वितरित किया गया है। हालांकि, उन्होंने आश्वस्त किया कि रिपोर्ट में दिए गए सुझावों के आधार पर योजना में आवश्यक सुधार किए जाएंगे।

राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी को बताया महान नेता और दोस्त, क्षेत्रीय सहयोग पर हुई चर्चा

मनीला में क्वाड शिखर सम्मेलन; जापान, ऑस्ट्रेलिया के पीएम शामिल

मनीला।

फिलीपींस की राजधानी मनीला में मंगलवार को आयोजित क्वाड नेताओं की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक महान नेता और अपना दोस्त बताया और कहा कि पूरी दुनिया में उनका बहुत सम्मान है। बैठक से पूर्व ट्रंप ने क्वाड के अपने अन्य साथियों की भी सराहना की; उन्होंने पीएम मोदी को बहुत सख्त इंसान और जापानी प्रधानमंत्री को उनसे भी ज्यादा सख्त करार दिया, जबकि ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री अल्बनीस के साथ अपने संबंधों को ठीक-ठाक बताया।

दूसरी ओर, गोलमेज चर्चा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्वाड को भारत के लिए एक रचनात्मक और भरोसेमंद साझेदारी बताया। रिपोर्ट



के मुताबिक, पीएम मोदी ने कहा कि समुद्री सुरक्षा, भरोसेमंद सप्लाई चेन, नई तकनीकों और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में क्वाड ठोस समाधान प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने 2007 और 2017 की बैठकों का उल्लेख करते हुए मनीला और क्वाड के ऐतिहासिक जुड़ाव को भी रेखांकित किया और विश्वास जताया कि यह बैठक सहयोग के अगले चरण के लक्ष्य तय करने में सहायक होगी।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी मनीला में 23वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 21वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे हैं। वहीं, राष्ट्रपति ट्रंप की यह तीन दिवसीय यात्रा का पहला पड़ाव है, जिसके बाद उनका चीन जाकर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ परमाणु मुद्दों पर त्रिपक्षीय वार्ता करने तथा उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन से संभावित मुलाकात का कार्यक्रम है।

शीतल साहनी निर्विरोध उपसरपंच निर्वाचित– गांव के सभी वर्गों की ऐतिहासिक एकजुटता

मिर्जेवाला में बना नया इतिहासः राजस्थान की दूसरी सबसे बड़ी जीत, 2100 मतों के साथ पुष्पा देवी गोदारा सरपंच



सीमा सन्देश # मिर्जेवाला। ग्राम पंचायत मिर्जेवाला के सरपंच पद के चुनाव परिणामों ने इस बार जिले भर की राजनीति में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। गांव की जागरूक जनता ने पुष्पा देवी जसवंत गोदारा को अपना भरपूर आशीर्वाद और स्नेह देते हुए 2100 मतों के साथ राजस्थान की दूसरी सबसे बड़ी विशाल अंतराल से ऐतिहासिक विजय दिलवाई है। यह जीत न केवल मतों के लिहाज से जिले की सबसे बड़ी और चर्चित जीतों में शुमार हो गई है, बल्कि इसने गांव के दशकों पुराने राजनीतिक इतिहास को भी एक बार फिर दोहराया है। चुनाव परिणामों के अनुसार, पुष्पा देवी गोदारा ने शुरू से ही अपनी बढ़त बनाए रखी और अंततः अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी अमनदीप कौर को एकतरफा मुकाबले में पराजित किया। इस चुनाव में अमनदीप कौर को कुल 1080 मत प्राप्त हुए, जबकि तीसरे स्थान पर रहीं गुलशन बानो को महज 820 मतों से ही संतोष करना पड़ा। सरपंच पद के इस महामुकाबले के बाद पंचायत के उपसरपंच का चुनाव भी सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जिसमें श्रीमती शीतल संजीव साहनी को सर्वसम्मति से निर्विरोध उपसरपंच चुना गया। गांव के बुजुर्गों और जानकारों का मानना है कि मिर्जेवाला के चुनावी इतिहास में यह पहला अवसर है जब किसी प्रत्याशी ने इतने भारी मतों के अंतर से जीत दर्ज की है। इस बार के चुनाव की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि गांव की राजनीति में सभी वर्गों और समुदायों ने आपसी मतभेद भुलाकर शानदार एकजुटता का परिचय दिया, जिसका सीधा लाभ पुष्पा देवी गोदारा को मिला।

रबड़ स्टांप नहीं, सशक्त नेतृत्व देंगी सरपंच, मिलकर करेंगे विकास : जसवंत गोदारा

चुनाव जीतने के बाद ह्यसीमा संदेशह्न से हुई विशेष बातचीत में नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती पुष्पा देवी गोदारा ने गांव की देवतुल्य जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनता ने जो अपार स्नेह और विश्वास उन पर जताया है, वे उसे कभी टूटने नहीं देंगी और उनकी हर उम्मीद पर खरा उतरने का प्रयास करेंगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि मिजेर्वाला का चहुंमुखी विकास ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी और ग्रामीणों को किसी भी बुनियादी सुविधा के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। वहीं, सरपंच पति जसवंत गोदारा ने समस्त ग्रामवासियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए एक बड़ा और स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जनता ने उनकी धर्मपत्नी को जो ऐतिहासिक जनादेश दिया है, उसका पूरा सम्मान किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पुष्पा देवी महज एक ह्यरबड़ स्टांपह्न सरपंच बनकर नहीं रहेंगी, बल्कि पूरी निडरता, पारदर्शिता और आत्मविश्वास के साथ स्वयं आगे बढ़कर गांव के विकास कार्यों की कमान संभालेंगी। जसवंत गोदारा ने यह भी कहा कि आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए उनके दरवाजे 24 घंटे खुले हैं और कोई भी ग्रामीण बेझिझक अपनी बात रख सकता है। इस ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे गांव में जश्न का माहौल है और ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों व मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया।

विक्रम सिहाग ने देवीलाल को 241 वोटों से दी मात, दर्ज की शानदार जीत



सीमा सन्देश#रावतसर। ग्राम पंचायत धन्नासर में हाल ही में संपन्न हुए स्थानीय चुनावों के परिणाम घोषित हो गए हैं, जिसने स्थानीय राजनीतिक गलियारों में हलचल पैदा कर दी है। इस रोमांचक चुनावी मुकाबले में विक्रम सिहाग ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी देवीलाल को शिकस्त देकर शानदार विजयश्री हासिल की है। चुनावी समीकरणों को साधते हुए विक्रम सिहाग ने 241 वोटों के अंतर से यह जीत अपने नाम की है। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, इस हाई-प्रोफाइल मुकाबले में विक्रम सिहाग को कुल 1224 वोट मिले, जबकि उनके मुख्य प्रतिद्वंदी देवीलाल को 983 वोटों से संतोष करना पड़ा। धन्नासर पंचायत में मतदाताओं ने पूरी राजनीतिक जागरूकता का परिचय देते हुए बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। यहाँ कुल 4096 पंजीकृत मतदाता थे, जिनमें से 3653 मतदाताओं ने मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लिया। चुनाव को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के बीच कुछ अन्य दिलचस्प आंकड़े भी सामने आए। चुनाव के दौरान कुल 5 मतदाताओं ने नोटा का प्रयोग कर किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में मतदान नहीं किया, वहीं प्रक्रिया के तहत 1 वोट टेंडर वोट के रूप में दर्ज किया गया। इस जीत के साथ ही विक्रम सिहाग के समर्थकों में जश्न का माहौल है और बधाइयों का तांता लग गया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस जीत ने आगामी स्थानीय राजनीति के समीकरणों को नए पंख दे दिए हैं।

525 मतों जीत के साथ विमला देवी चौधरी तारुराम खोड़ बनीं सरपंच



खोड़ा। ग्राम पंचायत खोड़ा के सरपंच पद के चुनाव परिणामों ने इस बार जिले भर की राजनीति में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। गांव की जागरूक जनता ने विमला देवी तारूराम खोड़ को अपना भरपूर आशीर्वाद देते हुए 525 मतों के अंतराल से ऐतिहासिक विजय दिलवाई है। चुनाव परिणामों के अनुसार, विमला देवी खोड़ ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 525 मतों से पराजित किया। नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती विमला देवी खोड़ ने देवतुल्य जनता का आभार जताते हुए कहा कि वे जनता के विश्वास पर पूरी तरह खरी उतरेंगी और गांव के चहुंमुखी विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगी। वहीं, सरपंच पति तारूराम खोड़ ने समस्त ग्रामवासियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए स्पष्ट कहा कि विमला देवी पूरी निडरता और आत्मविश्वास के साथ स्वयं आगे बढ़कर गांव का विकास करेंगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए उनके दरवाजे 24 घंटे खुले हैं। मंगलवार को सभी पंच व सरपंच की उपस्थिति में निर्विरोध उपसरपंच चुना गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खोड़ा से सरपंच के निवास स्थान उप सरपंच के निवास स्थान तक डीजे की धुन पर सैकड़ों की संख्या में वाहनों की रैली निकाली गई। पटाखे,गुलाल छोड़कर एक दूसरे को सरपंच और उपसरपंच को बधाइयां दी। मिठाइयां बांटकर खुशियां मनाई गई।

खालसा कॉलेज में 22वीं अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स मीट शुरू

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के तत्वावधान में एस.जी.एन. खालसा पीजी कॉलेज में मंगलवार को 22वीं अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स मीट 2026-27 का शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि कुलगुरु प्रो. नरसी राम बिश्नोई रहे। उन्होंने ध्वज फहराकर और मशाल प्रज्वलित कर आयोजन की शुरूआत की। इस दौरान मार्च पास्ट, शपथ और पंजाब के पारंपरिक सम्मी व भांगड़ा नृत्यों ने सभी का मन मोह लिया। प्रो. बिश्नोई ने कहा कि डिजिटल युग में खेल मैदान विद्यार्थियों को मोबाइल से दूर रखकर शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं। खेल जीवन में अनुशासन, धैर्य और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। कॉलेज प्रबंधन से रेक्टर दलजीत सिंह मान, अध्यक्ष गुरदित्ता सिंह बराड़, सचिव अवतार सिंह सिद्धू और स्पोर्ट्स डायरेक्टर सुरजीत सिंह उपस्थित रहे। खेल सचिव सुरजीत सिंह ने बताया कि पहले दिन कई स्पर्धाएं हुईं। 20 किमी वॉक पुरुष वर्ग में श्री डूंगरगढ़ कॉलेज के हनुमान और महिला वर्ग में लोहिया कॉलेज चूरू की रक्षा प्रजापत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 5000 मीटर पुरुष वर्ग में वीसीआई कॉलेज राजगढ़ के विशाल कुमार और महिला वर्ग में खालसा कॉलेज की निर्मला अव्वल रहीं।

ग्राम पंचायत 4सीवाईएमः प्रीति कंवर ने 171 वोटों से दर्ज की शानदार जीत



सीमा सन्देश#रावतसर। ग्राम पंचायत 4सीवाईएम में हुए सरपंच पद के चुनावी रण में प्रीति कंवर पत्नी बजरंग सिंह सुड़ा ने बाजी मारते हुए अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कमलेश कंवर को 171 मतों के अंतर से करारी शिकस्त दी है और विजयश्री हासिल की है। राजनीतिक हलकों में इस कड़े और रोमांचक मुकाबले की खासी चर्चा रही है। इस चुनाव में जनता ने बढ़-चढ़कर अपनी राजनीतिक भागीदारी दर्ज कराई। क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला, जहाँ कुल 2,787 पंजीकृत मतदाताओं में से 2,588 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी गहरी आस्था दिखाई। चुनावी नतीजों के अनुसार, विजयी प्रत्याशी प्रीति कंवर को कुल 1,375 वोट मिले, जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी कमलेश कंवर को 1,204 वोटों से संतोष करना पड़ा। खास बात यह रही कि इस चुनाव में 9 मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुनकर एक नया संदेश भी दिया। जीत की घोषणा के बाद नवनिर्वाचित सरपंच प्रीति कंवर और उनके राजनीतिक प्रतिनिधियों ने देवतुल्य जनता के प्रति दिल से आभार व्यक्त किया। उन्होंने मतदाताओं को आश्वस्त किया कि वे जनता के भरोसे पर पूरी तरह खरी उतरेंगी और क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए हरसंभव प्रयास करेंगी। इस दौरान पूरे गांव में आतिशबाजी (पटाखे फोड़कर) की गई, एक-दूसरे को गुलाल लगाकर जीत का जश्न मनाया गया और मिठाइयां बांटकर इस राजनीतिक जीत की खुशियां धूमधाम से मनाई गईं।

कौशल्या पुरोहित सरपंच निर्वाचित; 186 वोटों से जीती



सीमा सन्देश# रावतसर। ग्राम पंचायत 29 डीडब्ल्यूडी में हुए सरपंच पद के चुनाव में मतदाताओं ने भारी उत्साह दिखाते हुए लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कड़े मुकाबले के बाद कौशल्या पुरोहित पत्नी लालचंद पुरोहित ने अपनी प्रतिद्वंदी को शिकस्त देकर सरपंच पद की कुर्सी अपने नाम कर ली है। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, ग्राम पंचायत में कुल मतदाताओं की संख्या 2,277 थी, जिनमें से 2,111 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना के दौरान विजयी रहीं कौशल्या पुरोहित को कुल 1,147 वोट प्राप्त हुए, जबकि उनकी मुख्य प्रतिद्वंदी अमिता शर्मा को 961 वोटों से संतोष करना पड़ा। इस प्रकार श्रीमती कौशल्या पुरोहित ने 186 मतों के अंतर से यह चुनाव जीत लिया। चुनावी प्रक्रिया में मतदाताओं ने अन्य विकल्पों का भी उपयोग किया। चुनाव में नोटा के खाते में 3 वोट गए, जबकि 1 टेंडर वोट दर्ज किया गया। जीत की अधिकारिक घोषणा होने के बाद नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती कौशल्या पुरोहित के आवास और मतगणना स्थल के बाहर समर्थकों का तांता लग गया। समर्थकों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर, मिठाई खिलाकर और ढोल-नगाड़ों की थाप पर जश्न मनाया। ग्रामीणों का कहना है कि नई सरपंच के आने से पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को एक नई गति मिलेगी।

रावतसर : डीडब्ल्यूडी 6-7 ग्राम पंचायत में 770वोटों से जीते मनजिंदर सिंह खोसा

सीमा सन्देश# रावतसर।



ग्राम पंचायत 6-7 डीडब्ल्यूडी में सरपंच पद के लिए हुए चुनावों के परिणाम घोषित हो चुके हैं। राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बने इस कड़े मुकाबले में मनजिंदर सिंह खोसा ने भारी बहुमत के साथ शानदार जीत हासिल की है। मतदाताओं ने विकास के मुद्दों पर मुहर लगाते हुए खोसा को अपना नया सरपंच चुना है। चुनावी आंकड़ों के मुताबिक, इस ग्राम पंचायत में कुल 2746 मतदाता दर्ज थे, जिनमें से 2577 लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। मैदान में मुख्य मुकाबला मनजिंदर सिंह खोसा और उनके प्रतिद्वंदी रतनलाल के बीच था। मतगणना में मनजिंदर सिंह खोसा को कुल 1459 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंदी रतनलाल को 689 वोटों से संतोष करना पड़ा। इस तरह खोसा ने 770 मतों के स्पष्ट और भारी अंतर से विजयश्री हासिल की। इसके अलावा, चुनाव के दौरान 5 मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुना। जीत के बाद नवनिर्वाचित सरपंच मंजिंदर सिंह खोसा ने स्पष्ट किया कि राजनीति से ऊपर उठकर उनका मुख्य फोकस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। उन्होंने कहा कि सरपंच केवल विशेष समर्थकों का नहीं बल्कि पूरी ग्राम पंचायत का होता है। इसलिए बिना किसी भेदभाव के पंचायत के हर कोने में विकास कार्य करवाए जाएंगे और गांव का आपसी भाईचारा हर हाल में कायम रखा जाएगा। इस जीत के बाद समर्थकों में जश्न का माहौल है।

लायंस क्लब मेन का दीवाली स्नेह मिलन

श्रीगंगानगर। लायंस क्लब श्रीगंगानगर मेन द्वारा जस्सासिंह मार्ग स्थित एक होटल में पारिवारिक दीवाली स्नेह मिलन समारोह ह्यलावन्या-2026ह्न उत्साह से संपन्न हुआ। क्लब अध्यक्ष हनुमानदास सिंगल की अध्यक्षता में हुए आयोजन में जोन चेयरमैन नौरंगराय गर्ग, सचिव पंकज गर्ग, कैशियर नीरज बंसल, संयुक्त सचिव रमेश बंसल एवं प्रोजेक्ट चेयरमैन सीए संजय बंसल सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। समारोह में कपल गेम्स, किड्स गेम्स, तंबोला व पारंपरिक वेशभूषा ने सभी का मन मोहा। संयोजक राकेश सिंगला ने हर परिवार को गिफ्ट हैंपर भेंट किया। रवि-मधु गोल्यान, राधेश्याम गणेशगढ़िया, दीपक शेरवाला, सीए विकास गर्ग, जितेंद्र जैन, राजेश अपली, अनिल-नीतू बंसल, अजय गिरी, जयप्रकाश गर्ग, मनीष गुप्ता, धनेश, आशीष जैन, मयूर बजीतपुरिया और मनमोहन गर्ग का विशेष सहयोग रहा। अध्यक्ष हनुमान दास सिंगल ने आभार व्यक्त किया।

गोपाष्टमी पर किया पूजन



जानकीदासवाला। मंगलवार को गोपाष्टमी पर श्री जानकी जी गोशाला में बछड़ी पूजन किया गया। गोशाला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि यहां सुबह से शाम तक गोभक्तों ने सेवा की। पंडित कैलाश शर्मा के द्वारा गोशाला प्रांगण में पूजन किया गया। बालिका रवीना बारूपाल द्वारा तिलक किया गया। पूर्व सरपंच बृजलाल कस्वा, प्रेम कुमार जाखड़, शांवताराम गोदारा, लूणाराम, मनीष शर्मा, रामकुमार कारगवाल आदि मौजूद रहे।

परिणाम : 15-16 केडब्ल्यूडी में हेमराज राईका ने 281 वोटों से दर्ज की जीत

सीमा सन्देश# रावतसर।



ग्राम पंचायत 15-16 केडब्ल्यूडी में हुए सरपंच पद के चुनाव परिणामों में हेमराज राईका ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 286 मतों के अंतर से करारी शिकस्त देते हुए विजयश्री हासिल की है। इस कड़े मुकाबले में उनके प्रतिद्वंद्वी हेतराम को कुल 766 वोट मिले। चुनाव के दौरान क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला, जहाँ कुल 2,158 मतदाताओं में से 2,044 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में गहरी आस्था दिखाई। वहीं तीन लोगों ने नोट को वोट दिया। जीत के बाद नवनिर्वाचित सरपंच और उनके प्रतिनिधियों ने देवतुल्य जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे जनता के विश्वास पर पूरी तरह खरी उतरेंगी और क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। साथ ही, यह भी स्पष्ट किया गया कि आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उनके दरवाजे 24 घंटे खुले रहेंगे। चुनाव प्रक्रिया के अगले चरण में मंगलवार को सभी वार्ड पंचों और सरपंच की उपस्थिति में उपसरपंच का चयन किया गया। इस ऐतिहासिक जीत के बाद समर्थकों और ग्रामीणों में गजब का उत्साह देखा गया। सरपंच पद के जैसे ही परिणाम जारी हुए समर्थकों ने सैकड़ों वाहनों की एक विशाल रैली निकाली। मार्ग में जगह-जगह पटाखे छोड़कर और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर जीत की खुशियाँ मनाई गईं। इस दौरान ग्रामीणों ने एक-दूसरे को बधाइयाँ दीं और मिठाइयाँ बांटकर जश्न का यह पर्व धूमधाम से मनाया।

बार संघ चुनाव, चार नाम चर्चा में

सीमता सन्देश#श्रीगंगानगर। बार संघ के वार्षिक चुनावों की सरगर्मी तेज हो गई है। चुनाव प्रक्रिया के तहत सोमवार को 970 अधिवक्ताओं की अस्थाई मतदाता सूची जारी कर दी गई है। समिति सदस्य अधिवक्ता विपिन सिद्ध ने जानकारी देते हुए बताया कि सूची पर आगामी पांच दिनों तक आपत्तियां ली जाएंगी। आपत्तियों के निस्तारण के बाद अंतिम मतदाता सूची तैयार की जाएगी, जिसमें करीब 750 नाम रहने की संभावना है। बार संघ में कुल 2029 अधिवक्ता पंजीकृत हैं, जिनमें से जारी इस अस्थाई सूची में 251 नए अधिवक्ताओं के नाम भी शामिल किए गए हैं। संघ की आमसभा आगामी 21 या 23 नवंबर को आयोजित होने की संभावना है। यदि आमसभा में सर्वसम्मति नहीं बन पाती है, तो संघ के चुनाव कराए जाएंगे। फिलहाल संभावित चुनाव तिथि 11 दिसंबर तय बताई जा रही है। चुनाव की सुगबुगाहट के साथ ही संभावित उम्मीदवारों के नाम भी सामने आने लगे हैं। अध्यक्ष पद के लिए पूर्व अध्यक्ष नितिन वाट्स, संजीव दीक्षित, राजेंद्र शर्मा और राकेश मिड्ढा के नाम सबसे आगे और चर्चा में बने हुए हैं।













मौसम

अधिकतम 31.0° | न्यूनतम 13.0°

आर्द्रता

सुबह 76% | शाम 48%

विंड स्पीड

2-12KM/h

आज का सूर्यास्त

05:38PM

कल का सूर्योदय

7:02AM

आंशिक बादल रहेंगे।

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,35,440

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,25,240

चांदी (प्रति किलो) ₹1,73,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

न्यूज इन ब्रीफ

आज दो घंटे बंद रहेगी बिजली



सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। रख-रखाव और जरूरी कार्यों के चलते बुधवार को शहर के कई प्रमुख इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, सुबह 8 बजे से 10 बजे तक यानी पूरे दो घंटे तक बिजली कटौती की जाएगी। कनिष्ठ अभियंता सिटी प्रथम प्रदीप डेलू ने बताया कि आवश्यक कार्यों के कारण 220 केवी जीएसएस से निकलने वाले महत्वपूर्ण 33 केवी जवाहर नगर फीडर व 33 केवी रिद्धि-सिद्धि जीएसएस से निकलने वाले 11 केवी फीडरों से जुड़े सभी क्षेत्रों में भी सुबह 8 से 10 बजे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। इस कारण महालक्ष्मी क्षेत्र, 2एमएल क्षेत्र, अग्रवाल फार्म, रिद्धि-सिद्धि सेकंड , होमलैंड जीएसएस से निकलने वाले सभी 11 केवी फीडर की आपूर्ति भी इस दौरान बंद रहेगी। जेईएन डेलू के अनुसार उपभोक्ता इस समय को ध्यान में रखते हुए अपने जरूरी और आवश्यक कार्यों को पहले ही पूरा कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निर्धारित कार्य पूरा होने के बाद तय समय पर बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल कर दी जाएगी।

खेलो राजस्थान कार्यक्रम के तहत आवेदन 30 तक

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें एक बड़ा मंच प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू होने जा रहे खेलो राजस्थान कार्यक्रम को में स्कूलों में चल रही अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए इस प्रतियोगिता के कार्यक्रम में बदलाव संभव है। पहले यह प्रतियोगिता 1 दिसंबर से प्रस्तावित थी, लेकिन अब इसका पहला चरण 15 दिसंबर से शुरू हो सकता है। इसके साथ ही खिलाड़ियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 नवंबर कर दी गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना पर लगभग 50 करोड़ रुपये खर्च होंगे। आयोजन का दायरा गांव से लेकर राज्य स्तर तक होगा, जिससे प्रदेश की 11,341 ग्राम पंचायतों की छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को अपनी कला दिखाने का बेहतरीन अवसर मिलेगा। इस महाकुंभ में एथलेटिक्स, कबड्डी, फुटबॉल, हॉकी और कुश्ती सहित 17 खेलों को शामिल किया गया है, जिन्हें तीन अलग-अलग चरणों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण मे वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, रस्साकशी और तीरंदाजी के मुकाबले इसके अलावा अन्य चरण में कबड्डी, फुटबॉल, जूडो, निशानेबाजी (शूटिंग), खो-खो, कुश्ती, बास्केटबॉल और पारंपरिक खेल सतोलिया को भी विशेष बढ़ावा दिया जाएगा। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र और पदक से सम्मानित किया जाएगा।

श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया गोपाष्टमी पर्व, गोशालाओं में पूरे दिन चला गोपूजन का सिलसिला, उमड़े श्रद्धालु

'गंवतरी का जपो जाप, जलम जलम गा कटज्यै पाप...'

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

गोमाता की सेवा, श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक गोपाष्टमी का पावन पर्व पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। महिलाओं ने गोपाष्टमी पर व्रत रखा तथा शहर में स्थित गोशालाओं में पहुंचकर धूप दीप नैवेद्य व वस्त्र अर्पित कर गोपूजन किया। शहर की प्रमुख सुखाड़िया सर्किल समीप स्थित श्रीगौशाला में सुबह सवा पांच बजे से देर शाम तक महिला पुरूषों व गोभक्तों के आने का क्रम जारी रहा। श्रद्धालुओं ने गोमाता की पूजा कर उनकी परिक्रमा कर सुख समृद्धि की कामना की। गोमाता के चरण धोकर उन्हें तिलक किया गया व गुड़, हरा चारा, मीठा दलिया, लड्डू, फल आदि का गोमाता को भोग लगाया। धूप-दीप के साथ गोमाता की आरती उतारी गई तथा परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की।







कल्याण भूमि गोसेवा सदन में हुआ सुन्दरकाण्ड पाठ व हवन

पदमपुर रोड स्थित श्री कल्याण भूमि गोसेवा सदन में भी दिनभर गोपूजन हेतु श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यहां प्रातः 7 से 9 बजे तक पंडित कृष्ण कुमार तिवारी द्वारा श्रीसुन्दर काण्ड पाठ किया गया। इसके बाद हवन यज्ञ किया गया। इस दौरान गोशाला अध्यक्ष व संरक्षक श्रीकृष्ण लीला, उपाध्यक्ष कृष्ण मील, महामंत्री रायसिंह कुलड़िया, नरेश बड़ोपलिया, ज्ञानचंद आहूजा, सुरेन्द्र चमड़िया, रमेश गर्ग, जगदीश गर्ग, राजीव सिंघल, श्रीकृष्ण-बलराम मंदिर पुजारी हेमचंद शर्मा सहित गोशाला में आये श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहूति दी। गोशाला मैनेजर विजयपाल रेवाड़ और कर्मचंद चराया ने बताया कि सुबह दस बजे हवन की पूर्णाहुति के बाद सभी ने गोपूजन किया और गोमाता को हरा चारा, गुड़ व फल अर्पित किए। इसके अलावा शहर के आसपास की गोशालाओं में भी गोपाष्टमी पर्व श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया गया।

गोपूजन की व्यवस्थाएं की

गोशाला के दीपक चुघ ने बताया कि सुबह साढ़े पांच बजे से ही श्रद्धालुओं के आने का क्रम शुरू हो गया था। कमलेश भजन मंडल और गोशाला के राधा गोविन्द मंदिर भजन मंडल समूह की ओर से भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। गोशाला अध्यक्ष सुशील बंसल, कोषाध्यक्ष अशोक बंसल, महामंत्री भूषण बंसल सहित समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों और कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया। बताया गया कि श्री गोशाला में करीब तीन हजार गोवंश हैं, जिनमें 250 दुधारू गायें हैं। गोपाष्टमी पर दुधारू गायों के बछड़ों को उनकी माताओं का पर्याप्त दूध पीने दिया गया। गोसेवक शंकरलाल नाहर उपाध्याय ने बताया कि सुबह व शाम महिलाओं ने गोमाता की पूजा अर्चना के बाद गो महता के पारम्परिक भजन गाये। गोशाला परिसर में गोमाता व श्रीकृष्ण-राधा के भजन चलते रहे। गोमाता के जयकारों और भक्ति भाव से गूंज उठा। गोशाला श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए गोशाला प्रबंधन ने अलग-अलग स्थानों पर गोपूजन की विशेष व्यवस्थाएं की। वहीं श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई। वहीं एक बुजुर्ग महिला केशर देवी शर्मा ने गोमाता का राजस्थानी में मंत्र -मथुरा नगरी प्रेमसुवा, ज्यामै लियो कृष्ण अवतार, ज्यामै बड़'र गऊ आई। सदा चरण बा बन मैं जाय। एक दिन जामै छिटकाई चरती चरती बाहर आई। अघोर साईं पिण्डै पाईं, गिट्टां मैं गोविन्द सांई। नळियां मैं नाराण बिराजै, पूंछ मैं परेमशरी। सिंगै-मिंगे मेह बरसै, कंठ मिसरी मुख मिसरी कंठ लील धारा। कह शिवजी सुणो पार्वती गंवतरी का जपो जाप, जलम जलम गा कटज्यै पाप।', पढ़ा जिसमें गोमाता के अंगों में विभिन्न देवी-देवताओं का वास बताया गया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी और वरिष्ठ सहायक के खिलाफ आरोप तय

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। भ्रष्टाचार निवारण न्यायालय न खाद्य सुरक्षा अधिकारी और सीएमएचओ कार्यालय के एक वरिष्ठ सहायक के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आरोप तय करने के आदेश दिए हैं। न्यायालय ने पत्रावली का अवलोकन करने के बाद दोनों आरोपियों पर प्रथम दृष्टया मामला बनता पाया है। प्रकरण के अनुसार परिवादी सुरजीत सिंह ने 24 अगस्त 2021 को एसीबी श्रीगंगानगर में एक शिकायत दर्ज कराई थी। परिवादी की केसरीसिंहपुर के सिंधी मोहल्ला में 'सन्नी स्वीट्स' के नाम से मिठाइयों की दुकान है। शिकायत में बताया गया कि 20 अगस्त 2021 को सीएमएचओ कार्यालय श्रीगंगानगर से फूड इंस्पेक्टर लक्ष्मीकांत और वरिष्ठ सहायक प्रवीण बाबू उसकी दुकान पर पहुंचे और मिठाइयों का सैंपल लेने की बात कही। जब परिवादी ने उनसे मिन्नतें कीं, तो आरोपी प्रवीण ने कहा कि साहब को कुछ खर्चा-पानी देना पड़ेगा। दबाव में आकर परिवादी ने हाँ कह दी, जिसके बाद उन्होंने दुकान से सैंपल नहीं भरा। न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रवीण कुमार पुत्र रोशन लाल निवासी बापू नगर, श्रीगंगानगर तत्कालीन वरिष्ठ सहायक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चूनावढ़ ,हाल प्रतिनियुक्त - मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, श्रीगंगानगर और लक्ष्मीकांत पुत्र लालूराम, उम्र 57 वर्ष, निवासी दौसा तत्कालीन अधिकृत खाद्य सुरक्षा अधिकारी (लैब टेक्निशियन) कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, श्रीगंगानगर के विरूद्ध धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित 2018) सपठित धारा 120-बी भारतीय दंड संहिता के तहत दण्डनीय अपराध में आरोप विरचित करने के आदेश दिए है।

मास्टर प्लान की बदहाली पर फूटा गुस्सा, सड़कों पर 'फूल चुगकर' जताया गया अनोखा विरोध

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

शहर के मास्टर प्लान के अनुसार जस्सा सिंह मार्ग से पावन धाम होते हुए सद्भावना नगर मार्ग को 80 फीट चौड़ा करने की मांग को जारी आन्दोलन के लोगों का सब्र प्रशासनिक उदासीनता के चलते अब जवाब देने लगा है। इसी कड़ी में मंगलवार को संयुक्त मास्टर प्लान संघर्ष समिति के बैनर तले लबाना चौक (जस्सा सिंह मार्ग) पर एक अनोखा विरोध प्रदर्शन किया गया। समिति के संयोजक नरेश शर्मा के नेतृत्व में स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र में 'प्रतीकात्मक फूल चुनने' का



कार्यक्रम आयोजित कर प्रशासन की कार्यशैली पर करारा तंज कसा। समिति के संयोजक नरेश शर्मा ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि क्षेत्र की गंभीर जनसमस्याओं के समाधान के लिए लंबे समय से संघर्ष किया जा रहा है, लेकिन प्रशासनिक अनदेखी के कारण समस्याएं आज भी जस की तस बनी हुई हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक मास्टर प्लान के अनुरूप सड़कों को अतिक्रमण मुक्त नहीं किया जाता और लंबित विकास कार्यों को अमलीजामा नहीं पहनाया जाता, तब तक यह आंदोलन पूरी मजबूती के साथ जारी रहेगा। प्रशासन को नींद से जगाने के लिए संघर्ष समिति ने अपनी अगली रणनीति का भी ऐलान कर दिया है। संयोजक नरेश शर्मा ने घोषणा की है कि आंदोलन के अगले चरण के तहत आगामी 25 नवंबर को नगर विकास न्यास (यूआईटी) कार्यालय पर मास्टर प्लान के 12वें के दिन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में बजरंग सैनी, एडवोकेट लक्ष्मीकांत सैनी, मांगे लाल विश्नोई, बग्गा सिंह, नरेंद्र सिंह, विजय, बृजलाल वर्मा, रामलाल और हरिराम सहित बड़ी संख्या में स्थानीय क्षेत्रवासी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि यह विरोध प्रदर्शन 14 नवंबर को निकाली गई प्रतीकात्मक अर्थी यात्रा के अगले चरण के रूप में आयोजित किया गया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि शहर के विकास और सुगम यातायात के दावे कागजों तक सीमित रह गए हैं, जबकि धरातल पर हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं।

श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाशोत्सव: जी ब्लॉक गुरुद्वारे में सजेगा भव्य दीवान

अलौकिक नगर कीर्तन 21 को निकलेगा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

सिख धर्म के प्रथम पातशाही जगतगुरु श्री गुरु नानक देव जी का 557वां प्रकाशोत्सव स्थानीय जी ब्लॉक स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार में 21 से 24 नवंबर तक बड़े ही श्रद्धा भाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। चार दिवसीय इस पावन प्रकाशोत्सव को लेकर गुरुद्वारा साहिब में तैयारियां अंतिम दौर में हैं। व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए 200 से अधिक सेवादारों को जोड़ा घर, लंगर तैयार करने और लंगर वितरण जैसी अलग-अलग अहम जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। गुरुद्वारा प्रधान गुरबचन सिंह वासन ने बताया कि प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में गत 18 अक्टूबर से रोजाना अलसुबह प्रभात फेरियां निकाली जा रही हैं, जिनमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इन प्रभातफेरियों को 20 नवंबर को विश्राम दिया जाएगा। प्रधान वासन ने बताया कि 24 नवंबर को होने वाले मुख्य समागम में श्री दरबार साहिब, अमृतसर के हजूरी रागी भाई गुरदेव सिंह जी वेरका एवं भाई सिमरनजीत सिंह जी विशेष रूप से पहुंचेंगे। इनके अलावा भाई कुलदीप सिंह दीपक और स्त्री सत्संग सभा की सदस्य भी गुरबाणी कीर्तन से गुरु महिमा का गुणगान करेंगे। सभी कार्यक्रमों के दौरान संगत के लिए गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा। प्रकाशोत्सव को लेकर गुरुद्वारा साहिब के दरबार हॉल सहित पूरे परिसर और आसपास के इलाकों को रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से भव्य रूप से सजाया जा रहा है।

इस तरह रहेगा मुख्य कार्यक्रमों का प्रारूप

वासन के अनुसार दोपहर 12 बजे गुरुद्वारा साहिब से भव्य नगर कीर्तन निकाला जाएगा, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ शाम को पुनः गुरुद्वारा साहिब पहुंचेगा। 22 को निशान साहिब सेवा व कीर्तन मुकाबला होगा। सुबह 7 बजे निशान साहिब जी के चोला चढ़ाने की सेवा होगी। इसके बाद सुबह 8:30 बजे श्री अखंड पाठ साहिब आरंभ किया जाएगा। शाम 7 बजे बच्चों की गुरबाणी कीर्तन प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला होगा। विजेता बच्चों को गोल्ड और रजत पदक से सम्मानित किया जाएगा, जबकि सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। 23 नवंबर शाम 7:30 बजे विशेष दीवान सजेगा। इसमें हुजूरी रागी जत्था भाई कुलदीप सिंह दीपक और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कथावाचक अवतार सिंह संगत को कथा-कीर्तन से निहाल करेंगे। 24 नवंबर को प्रातः 9 बजे श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के बाद सुबह 10 बजे से देर रात्रि 12 बजे तक विशेष दीवान सजाए जाएंगे।

चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, सड़कों पर सामान रखने वाले दुकानदारों का सामान जब्त

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। सुगम यातायात और जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए नगर परिषद ने अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू कर दिया है। मंगलवार को नगर परिषद की अतिक्रमण विरोधी टीम ने शहर के कई प्रमुख व्यावसायिक इलाकों में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए सड़कों पर कब्जा जमाए बैठे दुकानदारों का सामान जब्त किया। इस दौरान अधिकारियों ने सख्त चेतावनी दी कि यदि नियमों की अनदेखी जारी रही, तो और भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगर परिषद की विशेष टीम ने शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में औचक निरीक्षण कर कार्रवाई को अंजाम दिया। नगरपरिषद द्वारा करणपुर रोड, ,पुरानी आबादी थाना रोड, ,मिनी मायापुरी रोड, ,आदर्श टॉकीज रोड,,तीन पुली रोड, ,कोड़ा चौक से भगत सिंह चौक रोड, तीन पुली क्षेत्र में चलाया गया। अभियान के दौरान कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों की सीमा से बाहर सड़क और



फुटपाथ पर सामान सजा रखा था, जिससे राहगीरों और वाहनों के निकलने में भारी परेशानी हो रही थी। नगर परिषद की टीम ने मौके पर ही इस सामान को जब्त कर लिया और दुकानदारों को कड़ी हिदायत दी। इस पूरी कार्रवाई के दौरान एईएन अमनदीप कौर टीम प्रभारी ,अनिल धारीवाल सफाई निरीक्षक, जगदीश,वाहन चालक राजपाल, वीरेंद्र कुमार, समीर कुमार, आशीष कुमार सहित अन्य सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। नगरपरिषद के अनुसार सड़कें और फुटपाथ आम जनता की सुविधा और सुगम आवागमन के लिए हैं। दुकानों के बाहर सामान, बोर्ड, ठेले या अन्य सामग्री रखकर अतिक्रमण करना पूरी तरह अवैध है। इससे न केवल राहगीरों को परेशानी होती है, बल्कि शहर की यातायात व्यवस्था भी चरमरा जाती है। शहर को स्वच्छ, सुंदर और अतिक्रमण मुक्त बनाने में नगर परिषद का सहयोग करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी यह अभियान और सख्ती के साथ जारी रहेगा।

धर्म-कर्म एकादशी तिथि दो दिन में बंटने से बनी दुविधा दूर: गृहस्थ 20 को रखें व्रत, वैष्णव परंपरा में 21 को

देवउठनी एकादशी 20 को, 21 को पारण और तुलसी विवाह



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

कार्तिक शुक्ल एकादशी यानी देवउठनी (प्रबोधिनी) एकादशी इस बार 20 नवंबर को मनाई जाएगी। एकादशी तिथि दो दिन में फैली होने से व्रत की तारीख को लेकर श्रद्धालुओं में असमंजस है। पंचांग के अनुसार उदयातिथि के आधार पर अधिकांश परिवार 20 नवंबर को ही व्रत रखेंगे। वैष्णव (गौण) परंपरा के अनुयायी 21 नवंबर को व्रत करेंगे। देवउठनी एकादशी के साथ मांगलिक कार्यों का शुभारंभ माना जाता है। इसके बाद 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली मनाई जाएगी।

तुलसी विवाह 21 को

द्वादशी तिथि 21 नवंबर को पड़ने से पंचांग के अनुसार तुलसी विवाह इसी दिन प्रदोष काल में होगा। कई परिवार परंपरा के अनुसार एकादशी की शाम को ही तुलसी विवाह करते हैं। इसमें तुलसी के पौधे को दुल्हन की तरह सजाकर शालिग्राम के साथ विवाह की रस्में निभाई जाती हैं। घरों और मंदिरों में गन्ने का मंडप सजता है और 'उठो देव, बैठो देव' के लोकगीत गाए जाते हैं।

तिथि और समय एक नजर में

- **एकादशी तिथि आरंभ:** 20 नवंबर, सुबह 7:15 बजे
- **एकादशी तिथि समाप्त:** 21 नवंबर, सुबह 6:31 बजे
- **स्मार्त (गृहस्थ) व्रत:** 20 नवंबर,
- **स्मार्त व्रत का पारण:** 21 नवंबर, दोपहर लगभग 1:11 से 3:18 बजे तक
- **वैष्णव (गौण) व्रत:** 21 नवंबर,
- **वैष्णव व्रत का पारण:** 22 नवंबर, सुबह लगभग 6:49 से 8:56 बजे तक
- **द्वादशी तिथि:** 21 नवंबर सुबह 6:31 बजे से 22 नवंबर सुबह 4:56 बजे तक
- **तुलसी विवाह:** 21 नवंबर, शनिवार (प्रदोष काल)

पारण दोपहर में इसलिए

इस बार व्रत का पारण सुबह की जगह दोपहर में होगा। पंचांग के अनुसार 21 नवंबर को हरि वासर लगभग दोपहर 12:07 बजे तक रहेगा, और शास्त्रीय नियम के अनुसार हरि वासर में पारण नहीं किया जाता। इसलिए स्मार्त व्रतियों के लिए पारण का समय दोपहर बाद तय हुआ है। पारण द्वादशी तिथि समाप्त होने से पहले करना आवश्यक माना गया है। उपरोक्त समय पंचांग के अनुसार हैं और स्थानीय स्तर पर इनमें कुछ मिनट का अंतर संभव है।

क्या है देवउठनी एकादशी

मान्यता है कि भगवान विष्णु देवशयनी एकादशी पर योगनिद्रा में जाते हैं और कार्तिक शुक्ल एकादशी पर जागते हैं। इसी कारण इसे देवउठनी या प्रबोधिनी एकादशी कहा जाता है। इस दिन चातुर्मास का समापन माना जाता है और विवाह जैसे मांगलिक कार्यों का सिलसिला फिर शुरू होता है।

व्रत और पूजा में ध्यान रखें

- प्रातः स्नान कर भगवान विष्णु की पूजा करें और तुलसी दल अर्पित करें।
- व्रत का संकल्प लेकर दिनभर संयम रखें, और एकादशी पर अन्न का सेवन वर्जित माना गया है।
- पारण निर्धारित समय में तुलसी दल और जल ग्रहण कर, फिर सादा भोजन से करें।
- अपनी कुल परंपरा के अनुसार तिथि तय करें और असमंजस हो तो पारिवारिक पंडित से परामर्श लें।



हर बच्चा संदेश लेकर आता है कि ईश्वर का मनुष्य से विश्वास अभी नहीं उठा है। -रवींद्रनाथ टैगोर

संपादकीय

सरकारी दावों के बीच पिसता आम उपभोक्ता

दाल भारतीय रसोई की सबसे जरूरी खाद्य वस्तुओं में शामिल है। गरीब से लेकर मध्यम वर्ग तक, हर परिवार के भोजन में इसका महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसे में जब दालों की कीमतें लगातार ऊंची बनी रहती हैं तो इसका सीधा असर आम आदमी की थाली पर पड़ता है। केंद्र सरकार ने अब दालों की बढ़ती कीमतों और जमाखोरी पर नियंत्रण के लिए स्टॉक की साप्ताहिक जानकारी देना अनिवार्य किया है। लेकिन सवाल यह है कि यह कदम तब क्यों उठाना पड़ा, जब बाजार में महंगाई पहले ही उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा चुकी है? सरकार के नए निर्देशों के अनुसार अब स्टॉकिस्ट, मिलर्स, आयातक, थोक एवं खुदरा विक्रेता तथा बड़ी रिटेल चेन को प्रत्येक शुक्रवार दालों के भंडार की जानकारी देनी होगी। सरकार का तर्क है कि इससे बाजार में उपलब्धता की वास्तविक स्थिति सामने आएगी और कृत्रिम कमी पैदा कर कीमतें बढ़ाने वालों पर लगाम लगेगी।

लेकिन असली सवाल यह है कि आखिर ऐसी नौबत आई ही क्यों? आंकड़े बताते हैं कि देश में दालों की कमी नहीं है। केंद्र के पास लगभग 38 लाख टन का बफर स्टॉक मौजूद है। इस वर्ष दालों का उत्पादन करीब 374 लाख मीट्रिक टन रहने का अनुमान है, जो पिछले पांच वर्षों में सबसे अधिक है। उड़द जैसी प्रमुख दालों के उत्पादन में भी वृद्धि हुई है। इसके अलावा पिछले वर्ष की तुलना में दालों का आयात करीब 67 प्रतिशत बढ़ा है। इसके बावजूद बाजार में दालें महंगी हैं तो स्वाभाविक रूप से सवाल उठते हैं कि कहीं आपूर्ति और कीमतों के बीच कोई खेल तो नहीं चल रहा।

सरकार ने यदि स्टॉक की निगरानी व्यवस्था पहले से मजबूत रखी होती तो शायद बाजार में कीमतों को नियंत्रित करने के लिए आपात कदम उठाने की जरूरत नहीं पड़ती। महंगाई बढ़ने के बाद सक्रिय होने के बजाय सरकार को ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए, जिसमें बाजार की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा सके। जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई केवल संकट के समय नहीं, बल्कि नियमित प्रक्रिया का हिस्सा होनी चाहिए। एक ओर देश में दलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार अभियान चला रही है, किसानों को प्रोत्साहित करने और उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। दूसरी ओर भारी उत्पादन के बावजूद आयात की जरूरत पड़ रही है और उपभोक्ता महंगी दाल खरीदने को मजबूर है। इससे नीतियों के क्रियान्वयन और बाजार प्रबंधन पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

महंगाई का बोझ केवल दाल तक सीमित नहीं है। खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतें सीधे घरेलू बजट को प्रभावित करती हैं। सरकारें आंकड़ों में विकास और गरीबी घटने के दावे करती हैं, लेकिन आम नागरिक की वास्तविक स्थिति उसकी रसोई से समझी जा सकती है। जिस देश में करोड़ों लोगों को मुफ्त या रियायती राशन उपलब्ध कराया जा रहा है, वहां महंगाई का असर सबसे अधिक कमजोर वर्ग पर पड़ता है। यदि बड़ी संख्या में लोग गरीबी से बाहर आने का दावा किया जा रहा है तो यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि आज देश में वास्तव में कितने परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन कर रहे हैं और कितने लोग अब भी सरकारी सहायता पर निर्भर हैं। आंकड़ों की राजनीति से ज्यादा जरूरी है कि आम आदमी की थाली सस्ती और सुरक्षित रहे। दालों की कीमतें केवल बाजार का मामला नहीं हैं, बल्कि यह खाद्य सुरक्षा और आर्थिक न्याय से जुड़ा विषय है। सरकार को चाहिए कि वह उत्पादन से लेकर वितरण तक पूरी व्यवस्था की समीक्षा करे। केवल स्टॉक की जानकारी मांगना तात्कालिक उपाय हो सकता है, लेकिन स्थायी समाधान के लिए पारदर्शी बाजार व्यवस्था, प्रभावी निगरानी और जमाखोरी पर लगातार कार्रवाई जरूरी है। आखिरकार, किसी भी सरकार की सफलता का सबसे बड़ा पैमाना यही है कि आम आदमी की थाली कितनी सस्ती और कितनी सुरक्षित है।

श्री गुरु नानक देव जी के जन्मोत्सव पर आत्म-चिंतन



MAAsterG की क्लास

किश्त सं. 45

गुरु नानक देव साहिब का जन्मोत्सव हम इसी माह मना रहे हैं, पर आज तक हम ज्ञान के अंदर क्यों नहीं उतरे! हमें ये अंदर से शोक करना है कि आज भी हमारा मन डोल रहा है, 'मनै' नहीं हो पाया है। तो उत्सव बाहर, अंदर शोक। हमें ये अंदर से शोक करना है कि आज भी हमारा मन डोल रहा है। मूल-मंत्र, श्लोक का और पौड़ियों का एक-एक शब्द अनमोल रतन है, खजाना है। 'मति विच रतन जवाहर माणिक जे इक गुरु की सिख सुनी।' एक सीख समझ आ जाए तो बहुत हो गया। अगर मन डोले जा रहा है, तो गुरु साहिब कह रहे हैं कि तुम्हारा मन क्यों डोल रहा है, क्या है तुम्हारा? सिर के बाल से पाँव के नाखून तक तुम्हारा क्या है? कुछ भी नहीं है, सब खेल है और जन्म से मौत तक तुम्हारा पूरा का पूरा खेल लिखा हुआ है, अंदर प्रोजेक्टर पर रोल लगा है और फिल्म चल रही है। 'हुकम के अंदर सब, हुकम के बाहर ना कोए।' कुछ भी ऐसा नहीं है जो नहीं लिखा, सब हुक्म से ही हो रहा है।

गुरु साहिब को चार पौड़ियों में सुनिए, सुनिए, सुनिए क्यों कहना पड़ा बताओ? क्योंकि कोई सुन नहीं रहा था। बाहर के कानों से सुनना, सुनना नहीं होता। बाहर के कानों से जो सुना जाता है वो माया है, संसार है। गुरु नानक देव जी जिस तल से कह रहे थे, जिस शिखर से बोल रहे थे, वो अंतरात्मा का शिखर था, अंदर की वो चेतना से! वो कोई नहीं सुन पा रहा था और इसलिए उनकी वो पीड़ा थी कि बार-बार बोले, सुनिए, सुनिए, सुनिए। अगर ये सुन लिया होता तो फिर मनै हो गया होता। मनै यानी मन के पार, मन जीत लिया। 'मन जीता, जग जीता'। अब जगत की, संसार की कोई कंचन, कीर्ति, कामिनी तुमको रिझा नहीं सकती। कोई दौलत तुमको नहीं हिला सकती चाहे कितने भी उतार-चढ़ाव आएँ, तुमको अब कोई फर्क नहीं पड़ता। शोहरत यानी कोई कितनी भी ऊँचाई वाला तुम्हारा सम्मान कर ले, कितना भी कोई अपमान कर ले, तुमको कोई फर्क नहीं पड़ता। और कंचन, कीर्ति, कामिनी से जो उठ गया, वो मनै की स्थिति है।

पर हमारा मन तो डोलता है; पैसा, कुर्सी या सम्मान देखकर डोलता है, कोई अपमान करे तो जान निकल जाती है, नुकसान हो जाए तो दिमाग खराब हो जाता है, शरीर दिख जाए तो वासना जगती है। क्या हम सुन रहे हैं? नहीं, तो अभी ह्यमनै ह्यनहीं हुआ। तुम्हारे जीवन में गुरु साहिब की गुरु ग्रंथ साहिब से एक भी लाइन उतरी, सोच खत्म हुई, भूख खत्म हुई? तुम अहंकारी अपने को सयाना समझते हो, पर समझ खत्म हुई? होमै है या नहीं है, फिर बचा क्या, बदला क्या है? बदला तो कुछ भी नहीं है। फिर जब कुछ भी नहीं बदला तो - सुनिए, सुनिए, सुनिए, सुनिए! तालाब के अंदर जिए हैं और तालाब में ही मर जाएँगे। मैं-मेरा, मैं-मेरा, होमै, होमै, बस! जब तुम गर्भ से बाहर आ रहे थे, तो तुमने कहा इस बार गलती नहीं होगी, पर फिर तुमने होमै में ज़िंदगी गुजारी! फिर कूड़ियार हो गए। गुरु नानक देव साहिब ने कहा है कि होमै में रहे तो कूड़ियार, कूड़ा!

गुरु साहिब की सिखावन बहुत उच्च कोटि की थी, जो सचखंड से उनकी सोच आ रही थी। तुम्हारी लौ गुरु साहिब से जुड़ जाए! इसलिए उम्मीद करता हूँ गुरु साहिब के इन दिनों में तुम पूरा डूब जाओगे। डूब जाओ, उनके वचनों में डूब जाओ, इस बार मिलन होकर रहेगा। इस बार गुरु साहिब के इस जन्मोत्सव पर हम सब हर समय उनके वचनों पर मिटेंगे, डूबेंगे। अपने अंदर धारण करो कि अब वचनों का ध्यान करूँगा, गुरु साहिब की वाणी का ध्यान करूँगा, तब जाकर ज़िंदगी का समाधान होगा। इसलिए उस सतनाम में डूबना है, जीवन को जानना है और मस्ती-मौज में इस लोक से हँसते-हँसते जाना है।

MAAsterG का अनमोल एवं आलौकिक ज्ञान उनके यूट्यूब चैनल 'MAAsterG' और 'GOD HOME JOURNEY' पर निशुल्क उपलब्ध है।

माउंट आबू की अरावली पहाड़ियों में स्थित यह मंदिर भारतीय स्थापत्य कला का अनुपम उदाहरण है

दिलवाड़ा जैन मंदिर : संगमरमर की नक्काशी में छिपी अद्भुत कला-आस्था

राजस्थान का माउंट आबू अरावली की पहाड़ियों के बीच बसा प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन है। इसी खूबसूरत स्थल पर स्थित है विश्व प्रसिद्ध दिलवाड़ा जैन मंदिर, जो अपनी धार्मिक महत्ता के साथ-साथ अद्भुत स्थापत्य कला और संगमरमर की बारीक नक्काशी के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। यह मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारतीय शिल्पकला की उत्कृष्ट मिसाल भी है।



सोलंकी काल में हुआ था मंदिरों का निर्माण

दिलवाड़ा जैन मंदिरों का इतिहास 11वीं से 13वीं शताब्दी के बीच गुजरात के चालुक्य (सोलंकी) राजवंश से जुड़ा हुआ है। वर्ष 1031 ईस्वी में गुजरात के सोलंकी शासक भीमदेव प्रथम के मंत्री विमल शाह ने पहले मंदिर का निर्माण करवाया था। सफेद संगमरमर से बने इन मंदिरों की नक्काशी इतनी सूक्ष्म है कि इसे दुनिया की बेहतरीन पत्थर कारीगरी में शामिल किया जाता है। बाहर से साधारण दिखाई देने वाला यह मंदिर परिसर अंदर प्रवेश करते ही अपनी भव्यता से पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। छतों, स्तंभों और मंडपों पर की गई महीन नक्काशी भारतीय कलाकारों की अद्भुत प्रतिभा को दर्शाती है।

पांच प्रमुख मंदिरों का समूह

दिलवाड़ा मंदिर परिसर में श्वेतांबर जैन संप्रदाय के पांच प्रमुख मंदिर हैं, जिनका संबंध अलग-अलग तीर्थंकरों से है।

- **विमल वसाही मंदिर :** यह सबसे प्राचीन मंदिर है, जिसका निर्माण 1031 ईस्वी के आसपास हुआ था। यह प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव (आदिनाथ) को समर्पित है। इसका रंग मंडप, विशाल स्तंभ और छतों की नक्काशी विशेष आकर्षण का केंद्र हैं।
- **लूणा वसाही मंदिर :** इसका निर्माण 1230 ईस्वी में गुजरात के मंत्री वस्तुपाल और तेजपाल ने करवाया था। यह 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ को समर्पित है। यहां संगमरमर से बना कल्पवृक्ष और हाथी मंडप दर्शनीय हैं।
- **पित्तलहर मंदिर :** यह मंदिर भगवान ऋषभदेव को समर्पित है और इसमें पीतल से निर्मित प्रतिमा के कारण इसे पित्तलहर या पट्टलहर मंदिर कहा जाता है।
- **पार्श्वनाथ मंदिर :** यह 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ को समर्पित है। तीन मंजिला यह मंदिर परिसर के अन्य मंदिरों की तुलना में सबसे ऊंचा है।
- **महावीर स्वामी मंदिर :** यह पांचवां और आकार में सबसे छोटा मंदिर है। हालांकि इसकी दीवारों पर बनी बारीक नक्काशी इसे विशेष पहचान देती है।

कला, इतिहास और आस्था का अनोखा संगम

दिलवाड़ा जैन मंदिर भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था और स्थापत्य कौशल का अद्भुत संगम है। संगमरमर पर उकेरी गई महीन कलाकृतियां आज भी दुनिया भर के पर्यटकों और कला प्रेमियों को आकर्षित करती हैं। यह मंदिर राजस्थान की गौरवशाली विरासत का एक अमूल्य धरोहर स्थल है।

जेन जी का बदलता अंदाज : खर्च भी, बचत भी

श्रीलंका से शुरू हुई जेन-जी की चर्चा अब भारत तक पहुंच चुकी है। सोशल मीडिया ट्रेंड, नई सोच और बदलती जीवनशैली के कारण यह पीढ़ी लगातार चर्चा में है। भारत में जेन-जी की आबादी करीब 37.7 करोड़ यानी कुल जनसंख्या का लगभग 40 प्रतिशत है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि 2035 तक देश के कुल उपभोक्ता खर्च में इस पीढ़ी की हिस्सेदारी करीब 46 प्रतिशत तक पहुंच सकती है।

कमाई संग आर्थिक भागीदारी

रिपोर्टों के अनुसार भारत में 15 से 26 वर्ष आयु वर्ग के करीब 29.94 करोड़ युवा कामकाजी उम्र में हैं। देश की औपचारिक अर्थव्यवस्था में युवाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। डिजिटल दौर में पली-बढ़ी यह पीढ़ी नौकरी, करियर और वित्तीय फैसलों में पुरानी पीढ़ियों से अलग सोच रखती है।

फैशन, गैजेट पर खर्च

जेन-जी को अक्सर फैशन, महंगे गैजेट, यात्रा और मनोरंजन से जोड़कर देखा जाता है,



लेकिन आंकड़े बताते हैं कि उनका खर्च काफी व्यवस्थित है। उनकी आय का बड़ा हिस्सा बिल भुगतान, डिजिटल सब्सक्रिप्शन, किराना, वित्तीय सेवाओं, शॉपिंग और भोजन पर जाता है। घूमने-फिरने पर उनका खर्च अपेक्षाकृत सीमित है। सोशल मीडिया के प्रभाव से ब्रांडेड फैशन, लेटेस्ट स्मार्टफोन और लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स की मांग जरूर बढ़ी है।

बचत और निवेश में आगे

जेन-जी केवल खर्च करने वाली पीढ़ी नहीं है। बड़ी संख्या में युवा नियमित बचत करते हैं। कई युवा म्यूचुअल फंड, एसआईपी और शेयर बाजार जैसे निवेश विकल्पों को अपना रहे हैं। डिजिटल भुगतान व्यवस्था ने उन्हें खर्च और बचत का बेहतर प्रबंधन सिखाया है।

बाजार पर बढ़ेगा प्रभाव

विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले वर्षों में जेन-जी भारत के उपभोक्ता बाजार को नई दिशा देगी। फैशन, तकनीक, मनोरंजन और ऑनलाइन सेवाओं में इस पीढ़ी का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। अनुमान है कि 2030 तक जेन-जी का खर्च 1.3 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है।

कामकाज को लेकर नई सोच

जेन-जी नौकरी में केवल प्रमोशन को प्राथमिकता नहीं देती, बल्कि काम और निजी जीवन में संतुलन, लचीलापन और सीखने के अवसरों को महत्व देती है। यह पीढ़ी नई तकनीक अपनाने, लगातार कौशल विकसित करने और बदलते माहौल के अनुसार खुद को ढालने में विश्वास रखती है। आने वाले दशक में यही युवा वर्ग कार्यस्थलों और अर्थव्यवस्था में बड़े बदलाव का आधार बनेगा।

डॉ. टी.ए. कनगरातिनम : जिन्होंने मुनाफे से ज्यादा दयाभाव को चुना

प्रेरणा के स्त्रोत : रु. 10 वाले डॉक्टर



एक ऐसी दुनिया में जहाँ इलाज का खर्च अक्सर संघर्ष कर रहे परिवारों पर एक अतिरिक्त बोझ बन जाता है, तमिलनाडु के पट्टुकोट्टई में एक असाधारण डॉक्टर रहते थे, जिन्होंने दया, मानवता और सेवा को अपने मेडिकल करियर का आधार बनाया। डॉ. टी.ए. कनगरातिनम, जिन्हें प्यार से लोग रु.10 वाले डॉक्टर के रूप में याद किया जाता है, का 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया। दया और निस्वार्थ सेवा की जो अद्भुत विरासत उन्होंने छोड़ी है, वह उन अनगिनत लोगों के दिलों में जीवित रहेगी जिनकी ज़िंदगी को उन्होंने छुआ। छह दशकों से अधिक समय तक, डॉ. कनगरातिनम ने खुद को मरीजों की देखभाल के लिए समर्पित किया, जिनमें गरीब परिवार, गर्भवती महिलाएँ और वे लोग शामिल थे जो इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ थे। कहा जाता है कि उन्होंने शुरूआत में केवल रु. 2 फीस ली थी और बाद में अपनी कंसल्टेशन फीस बहुत कम रखी ; वे सिर्फ. रु. 10 फीस लेने के लिए मशहूर हुए। उनके लिए चिकित्सा का पेशा सिर्फ आजीविका कमाने का जरिया नहीं था। यह एक ज़िम्मेदारी थी। एक ऐसा मिशन जिसमें लोगों को देखभाल की जरूरत थी, चाहे उनकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो। उनके विनम्र स्वभाव ने उन्हें अपने समुदाय में बहुत सम्मान दिलाया। मरीजों को सिर्फ दवाएँ या इलाज ही याद नहीं रहता था; उन्हें वह दया, भरोसा, सम्मान और व्यक्तिगत ध्यान भी याद रहता था जो उनकी देखभाल का हिस्सा था। एक महान व्यक्ति (लीजेंड) बनने के लिए उन्हें कभी बहुत ज्यादा दौलत या सेलिब्रिटी स्टेटस की जरूरत नहीं पड़ी। उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि उन लोगों का भरोसा और प्यार था जिनकी उन्होंने सेवा की। उनके जाने से भले ही एक युग का अंत हो गया हो, लेकिन जिन मूल्यों का उन्होंने प्रतिनिधित्व किया, 'दया, विनम्रता, समर्पण और मानवता की सेवा' वे हमेशा बने रहेंगे। वे स्टेथोस्कोप लेकर चलते थे, मानवता की सेवा करते थे और प्यार और सम्मान कमाते थे जिसे पैसे से कभी नहीं खरीदा जा सकता।

ज्ञान का मूल्य संग्रह में नहीं, चरित्र निर्माण में है !

ज्ञान का असली मूल्य उसके संग्रह में नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण में है। सूचनाओं के इस विस्फोट के दौर में असली शिक्षा वही है, जो हमारे व्यवहार, निर्णय और व्यक्तित्व को बदल दे। बीते समय में सीखने की सबसे बड़ी शर्त इच्छाशक्ति, धैर्य और निरंतर परिश्रम थी। ज्ञान सहज उपलब्ध नहीं था; अच्छी पुस्तकों और योग्य गुरु का सान्निध्य वर्षों की साधना के बाद मिलता था। तब अध्ययन सूचना जुटाने का नहीं, बल्कि आत्म-विकास का माध्यम था।

आज इंटरनेट और सोशल मीडिया ने ज्ञान को हर व्यक्ति की



पहुंच में ला दिया है। अब चुनौती यह नहीं कि जानकारी कहां मिलेगी, बल्कि यह है कि हम क्या चुनते हैं और उसका उपयोग किस उद्देश्य से करते हैं। जानकारी की अधिकता ने सीखना आसान बनाया है, लेकिन सही दिशा में सीखना अब अधिक कठिन हो गया है।

मनुष्य का मस्तिष्क सूचनाओं को वैसे ही ग्रहण करता है जैसे शरीर भोजन को पचाकर ऊर्जा लेता है। केवल अच्छा पढ़ लेने से यह तय नहीं होता कि व्यक्ति अच्छा बनेगा। असली प्रश्न यह है कि वह सीख क्यों रहा है। यदि भीतर स्वार्थ या अहंकार कायम है, तो अर्जित ज्ञान का उपयोग भी उसी हित में होगा। ज्ञान की सार्थकता तभी है जब वह दृष्टिकोण बदले।

आज कई लोग अच्छी बातें पढ़कर विद्वान की छवि पा लेते हैं, पर कठिन परिस्थितियां बताती हैं कि ज्ञान शब्दों तक सीमित था या व्यक्तित्व का हिस्सा बना। सही शिक्षा वह है जो विपरीत समय में भी न्याय और सत्य का साथ देने का साहस पैदा करे। सीखने की कसौटी यह नहीं कि कितना पढ़ा, बल्कि यह है कि हमारे आचरण कितने बदले। जो समझ मस्तिष्क में रह जाए वह सूचना है; जो चरित्र और कर्म में उतर जाए, वही वास्तविक शिक्षा है।

स्वरों के सरताज - हमारी हिन्दी फिल्मों के गायक

रुयातनाम गजल गायकों ने भी अपनी रूहानी, मधुर कर्णप्रिय व जादुई आवाज में गीत गा कर हिंदी फिल्मों को धन्य किया है। इनके द्वारा गाये गये फिल्मी गानों का विवरण इस प्रकार है - शहंशाह ए गजल मेहंदी हसन नें चाहत फिल्म में 'प्यार भरे दो शमीर्ले नैन' गीत गाया था। उस्ताद गुलाम अली ने निकाह में 'चुपके चुपके रात दिन', माटी माँगे खून में 'आवारगी' आदि बेहतरीन गीत गाए हैं। गजल सम्राट जगजीत सिंह ने 'होंठों से छू लो तुम' - प्रेम गीत। 'तुम इतना जो मुस्कुरा रहे हो' - अर्थ, 'तुमको देखा तो ये खयाल आया' - साथ साथ, आदि लाजवाब गीत गाये है। भूपेन्द्र सिंह ने 'दिल ढूंढता है' - मौसम, 'दो दीवाने शहर में' - घरौंदा, 'नाम गुम जाएगा' - किनारा, 'बीती ना बिताई रैना' - परिचय, 'किसी नजर को तेरा' - एतबार आदि उम्दा गीत गाये है। अनवर ने 'कसमें हम अपनी जान की' - मेरे गरीब नवाज, 'ज़िंदगी इम्तिहान लेती है' - नसीब, 'हमसे का भूल हुई' - जनता हवलदार, 'हाथों की चंद लकीरों का'-विधाता, 'मोहब्बत अब तिजारत हो गई है' - अर्पण आदि श्रेष्ठ गीत गाये है। पंकज उधास ने 'चिट्ठी आई है' - नाम, 'जीयें तो जीयें कैसे' - साजन, 'न कजरे की धार' - मोहरा आदि उत्कृष्ट गीत गाये हैं। तलत अजीज ने 'फिर छिड़ी रात बात फूलों की' - बाजार, 'ज़िंदगी जब भी तेरी' - उमराव जान, 'आईना मुझसे मेरी पहली सी' - डैडी आदि उत्तम गीत गाये है। अनूप जलोटा ने 'मुझे कहते है रूपया' - झुके झुके नैना, 'साँई बाबा बोल' - सिरड़ी के साईं बाबा आदि अच्छे गीत गाये है।

बहुत से लब्ध प्रतिष्ठित सूफी गायकों ने अपने गीतों से हिन्दी फिल्मों को मालामाल किया है। इनके द्वारा गाये गीतों के बोल व फिल्म के नाम का विवरण प्रस्तुत है - नुसरत फतह अली खान - 'कोई जानें कोई ना जाने' - और प्यार हो गया, 'मेरे रश्क ए कमर' -



बादशाहों, 'इस शान ए करम का क्या कहना' - कच्चे धागे। राहत फतेही अली खान - 'जिया धड़क धड़क जाए' - कलयुग, 'जंग सूना सूना लागे' - ओम शांति ओम, 'दिल तो बच्चा है जी' - इश्किया, 'सजदा' - माई नेम इज खान। हंस राज हंस - 'दिल टोटे टोटे हो गया' - बिच्छू, 'तुंबा तुंबा' - पटियाला हाउस, 'खाली दिल नहीं जान भी है' - कच्चे धागे। अदनान सामी-'तू सिर्फ.मेरा महबूब' - अजनबी, 'ए उड़ी उड़ी उड़ी' - साथिया, 'भरदे झोली मेरी या मोहम्मद' - बजरंगी भाईजान। कैलाश खेर - 'अल्लाह के बंदे' - वैसा ही होता है पार्ट 2, 'अर्जियाँ' - दिल्ली - 6, 'जय जयकारा' - बाहुबली, 'मेरे निशान' - ए नाई गॉड, 'तूब तूब ताबा ताबा' - धूम। जावेद अली - 'कुन फाया कुन' - रॉक स्टार, 'तू ही हकीकत' - तुम मिले, 'तुम तक' - रांझणा, 'गुजारिश' - गजनी। अर्जियाँ - दिल्ली - 6। वडाली ब्रदर्स - 'वारिस शाह नू व दरदा मार्या' - पिंजर। साहिब सिंह - 'दुनिया वाले आखिर तूने ये कैसी रीत बनाई' - इंद्रजीत। शफकत अमानत अली - 'बिन तेरे' - आई हेट लव स्टोरी, 'पिया' - तनु वेड्स मनु, 'मितवा' - कभी अलविदा ना कहना। कमाल खान - 'ओ ओ जाने जाना' - प्यार किया तो डरना क्या, 'नैयो लगदा' - किसी का भाई किसी की जान।



शक्ति प्रकाश माथुर
मो. 8094556808

अनेक प्रख्यात लोकगीत गायकों तथा रैपर गायकों ने भी हिंदी फिल्मों में अपनी दमदार आवाज का जादू बिखेरा है। विवरण इस प्रकार है - भारत रत्न भूपेन हजारिका - 'दिल हूम हूम करे' - रुदाली, 'दुनिया पराई लोग यहाँ बेगाने' - दरमियान। गुरदास मान - 'ऐसा देश है मेरा' - वीर जारा, 'चक लेंगे' - राम शास्त्र। दिलेर मेहंदी - 'ना ना ना नारे नारे' - मृत्युदाता, 'कुड़ियां शहर दियां' - अर्जुन पंडित, 'रंग दे बसंती' - रंग दे बसंती। मीका सिंह - 'मौजां ही मौजां' - जब वी मेट, 'जुम्मे की रात' - किक, 'धिनका चिक्का' - रेडी। मनोज तिवारी - 'चट देनी मार देली' व 'जिया तू' - गैंग्स ऑफ वासेपुर, दिलजीत दोशांज - 'इक्क कुड़ी' - उड़ता पंजाब, 'इश्क दी बाज़ियाँ' - 'बंदा' - डंकी। स्वरूप खान - 'ठरकी छोकरो' - पीके, 'घूमर' - पद्मावत। मामे खान - 'बावरे' - लक बाय चांस, 'एतबार' - नो वन किल्ड जेसिका, 'आवे रे हिचकी' - मिर्जया। बाली ब्रह्मभट्ट - 'अम्मा देख तेरा मुंडा बिगड़ा जाए' - स्टंटमैन। 'केम छो' - जिस देश में गंगा रहता है। बाबा सहगल - 'आजा मेरी गाड़ी में बैठ जा' - मिस 420, 'रुक्मिणी रुक्मिणी' - रोजा। यो यो हनी सिंह - 'लुंगी डांस' - चेन्नई एक्सप्रेस, 'अंग्रेजी बीट' - कॉकटेल, 'चार बोतल वोदका' - रागिनी, एमएमएस 2, 'आता माँझी सटकली' - सिंघम रिटर्न। बादशाह - 'अभी तो पार्टी शुरूहुई है' - खूबसूरत, 'कर गई चुल' - कपूर एंड संस, 'नैना' - क्रू। दिलिन नायर उर्फ. रफ़्तार - 'धाकड़' - दंगल, 'तो ढिशुम' - ढिशुम, 'बंदूक मेरी लैला' - ए जेंटलमैन। वी वी फर्नांडीज उर्फ. डिवाइन - 'अपना टाइम आएगा' - गली बॉय।

कई मूर्धन्य फिल्मी सितारों ने भी पर्दे पर अपने गाने स्वयं गाये है। इनका व्योरा इस प्रकार है - अभिनय सम्राट दिलीप कुमार ने फिल्म मुसाफिर का गाना 'लागी नहीं छूटे रामा चाहे जिया जाए' स्वयं गाया था। इसी तरह राज कपूर ने भी फिल्म दिल की रानी का गीत 'ओ दुनिया के रहने वाले' खुद ही गाया था। करण दिवान - 'जब तुम ही चले परदेस' रतन। हरिन्द्र नाथ चट्टोपाध्याय - 'भोर आई गया अंधियारा' - बावर्ची। अमिताभ बच्चन - 'रंग बरसै' - सिलसिला, 'मेरे अंगने में' - लावारिस, 'मेरे पास आओ मेरे दोस्तों' - मिस्टर नटवर लाल, 'चली चली' - बागवान। महमूद - 'मुतु कौड़ी कवाड़ी हड़ा' - दो फूल, 'बाप बड़ा न भैया' - सबसे बड़ रुपैया। डैनी डैंजोगपा - 'मेरे नाम आओ मेरे पास आओ' - ये गुलिस्ताँ हमारा, 'सुन सुन कसम से' - काला सोना। आयुष्मान खुराना - 'पानी दा रंग - विकी डोनर, 'नैना दा क्या कसूर' - अंधाधुन। फरहान अख़्तर - 'तुम हो तो' - रॉक आन, 'सेनोरीटा' - ज़िंदगी ना मिलेगी दोबारा, 'दिल धड़कने दो' - दिल धड़कने दो। सलमान खान - 'हैंग ओवर' - किक, 'मैं ही हूँ तेरा' - हीरो, 'चाँदी की डाल पर' हैलो ब्रदर। आमिर खान - 'आती क्या खंडाला' - गुलाम, 'इस दीवाने लड़के को' - सरफरोश, 'चंदा चमके चम चम' - फना, 'बम बम भोले' - तारे जमीन पर। शाहरुख खान - 'अपुन बोला तू मेरी लैला' - जोश।

अब हम चर्चा करेंगे उन गायकों की जिन्होंने सुनहरे दौर के स्वनामधन्य गायकों की गौरवशाली परम्परा को आगे बढ़ाया है व सुमधुर व कर्णप्रिय गीतों से श्रोताओं को सुकून प्रदान किया है। इनके गाये गये गीतों के बोल व फिल्मों के नाम इस प्रकार है - मनहर - 'आपसे हमको बिछड़े हुए' - विश्वास, 'लूटे कोई मन का नगर' - अभिमान, 'तू कल चला जाएगा' - नाम, 'हर किसी को नहीं मिलता' - जाँ बाज। शब्बीर कुमार - 'जब हम जवाँ होंगे' - बेताब, 'तुमसे मिल कर ना जाने क्यों' - प्यार झुकता नहीं, 'जिहाल ए मुस्किन मुकुंबरजिश' - गुलामी, 'गोरी है कलाइयां' - आज का अर्जुन, 'सो गया ये जहान' - तेजाब। सुरेश वाडकर - 'लगी आज सावन की' - चाँदनी, 'सीने में जलन' - गमन, 'ए ज़िंदगी गले लगा' - सदमा, 'मैं हूँ प्रेम रोगी' - प्रेम रोग, 'हुस्न पहाड़ों का' - राम तेरी गंगा मैली, 'मेघा मेघा रे' - प्यासा सावन। येसुदास - 'गोरी तेरा गाँव बड़ा प्यारा' - चित चोर, 'का करूँ सजनी आए ना बालम' - स्वामी। 'दिल के टुकड़े टुकड़े करके' - दादा, 'सुरमयी अंखियों में' - सदमा, 'चाँद जैसे मुखड़े पे' - सावन को आने दो, 'मधुबन खुशबू देता है' - साजन बिन सुहागन। जसपाल सिंह - 'कौन दिशा में ले के चला रे बटोहिया' - नदिया के पार, 'श्याम तेरी बंसी पुकारे' - गीत गाता चल, 'तुझे गीतों में ढालूँगा' - सावन के आने दो। एस पी बाला सुब्रमण्यम - 'तेरे मेरे बीच में' - एक दीजे के लिए, 'मेरे रंग में रंगने वाली' - मैंने प्यार किया, 'देखा है पहली बार' - साजन, 'पहला पहला प्यार है' - हम आपके हैं कौन।

(क्रमशः)

36 ग्राम पंचायतों में चुने गए नए सरपंच, समर्थकों में जश्न

पदमपुर पंचायत समिति चुनाव परिणाम घोषित

सीमा सन्देश # पदमपुर





पदमपुर पंचायत समिति की 36 ग्राम पंचायतों के लिए सरपंच व पंच पद के संपन्न हुए चुनाव के परिणाम देर रात घोषित हुए। इसके बाद सरपंच पद का ताज पहनने वाले सरपंचों व उनके समर्थकों में खुशियों की लहर दौड़ गई। वहीं चुनाव मैदान में कड़ी टक्कर देने वाले प्रत्याशियों को उनकी आशा अनुरूप जीत न मिलने से निराशा का सामना करना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनजीत कौर 37जीजी गुदूवाला, सुखदीप सिंह 4 एन एन चानना, करमजीत कौर 20 बीबीए, परमजीत कौर संधू 8 एनएनए, भंवरी देवी 4 डीडी डेलवां, गगनदीप कौर 7 डीडी, जसविंदर कौर 35 बीबीए, जतिन चावला 4 जेजे, भागीरथ 46 आरबी बाला राजपुरा, स्वरूप सिंह 6आरबी जलोकी, बनवारी लाल 23 बीबी, राज कुमार 51 आरबी, तामकोट, भगवानाराम 39आरबी, हरि किशन सिंह 3आरबीए, नरेंद्र सिंह खोथ 32आरबी फकीरवाली, दलीप तेहरपुरिया फरसेवाला, सतपाल 11 ईईए, बलराम जीवनदेसर, रूदरकौर एक पीएस, मनसा देवी 60 एलएन पी रिडमलसर, भंवरलाल 75 एलएनपी, ओमप्रकाश बिश्नोई 69 एलएनपी, रिछपाल 83 एलएनपी, निशा कुमारी 54 एलएनपी, सुमन नरसिंहपुर, पूनम मांझूवास, अनीता बीझबायला, गीता रानी घमुडवाली, नीरज सांवतसर, हरीश कुमार 5 केके, मस्तान सिंह 4 बीबी, भीमसेन 9 बीबी रत्तेवाला, सुनीता रानी 16 बीबी, गुरमेल सिंह 19बीबी ने जीत दर्ज कर सरपंच पद का ताज पहना। सभी नवनिर्वाचित सरपंचों ने अपनी जीत का श्रेय मतदाताओं को देते हुए उनका आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि फकीरवाली (32आरबी) से नरेंद्र सिंह खोथ ने 500 से अधिक मतों से रिकॉर्ड तोड़ जीत दर्ज की, जिस पर उन्हें शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा।

रणवीर कुलड़िया उपसरपंच निर्वाचित हुए

ग्राम पंचायत लाधुवाला में परमजीत कौर सरपंच निर्वाचित

सीमा सन्देश # लाधुवाला



ग्राम पंचायत में पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुए। पूर्व सरपंच कुलदीप सिंह की धर्मपत्नी परमजीत कौर यहां से सरपंच निर्वाचित हुईं। इन्होंने निकटतम प्रतिद्वंदी मनदीप कौर को 83 वोटों से हराया। वहीं अन्य तीन प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में थे। उपसरपंच के चुनाव में रणवीर कुलड़िया निर्वाचित हुए। पूर्व सरपंच कुलदीप सिंह ने बताया कि उन्होंने पिछले कार्यकाल में गांव में अनेक विकास कार्य किए थे। इसी की बदौलत इस बार मतदाताओं ने फिर से उन पर विश्वास जताया है। परमजीत कौर को 777, मनदीप कौर को 694, सुमन को 520, मंजू मेट 299, मंजू देवी को 130 मत मिले। वार्ड पंच परिणाम में वार्ड नं 1 से तारावन्ती, वार्ड नं 2 जसवीर कौर, वार्ड नं. 3 से गुरप्रीत सिंह, वार्ड 4 अनिरुद्ध, वार्ड 5 रामकिशन, वार्ड 6 से चिड़िया, वार्ड नं 7 से रीटा, वार्ड 8 सुनीता, वार्ड 9 प्रहलाद, वार्ड 10 से रणवीर और वार्ड 11 से कृष्णलाल विजेता रहे।

गजसिंहपुर-श्रीकरणपुर मार्ग पर दिनभर जाम लगने से लोग परेशान



सीमा सन्देश # गजसिंहपुर

गजसिंहपुर-श्रीकरणपुर मार्ग पर जाम की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। दिनभर में दर्जनों बार जाम लगने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर शाम के समय इस मार्ग से गुजरना मुश्किल हो जाता है। जाम के कारण बाइक सवारों सहित आम राहगीरों को भी काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। युशिष्ठर शर्मा ने प्रशासन से मांग की है कि गजसिंहपुर-श्रीकरणपुर मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए उचित प्रबंध किए जाएं, ताकि आमजन को रोजाना लगने वाले जाम से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि आपातकालीन स्थिति में जाम के कारण एंबुलेंस और अन्य जरूरी वाहनों का फंसना किसी की जान पर भारी पड़ सकता है।

पूगल क्षेत्र में 460 टन अवैध जिप्सम खनन, एफआईआर दर्ज



सीमा सन्देश# खाजूवाला। पूगल तहसील के पटवार हल्का 2 एडीएम क्षेत्र में अवैध जिप्सम खनन का बड़ा मामला सामने आया है। खनिज विभाग की जांच में करीब 460 टन जिप्सम का अवैध खनन होना पाया गया। मामले में जमीन के खातेदारों और अवैध खनन में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। वहीं, खाजूवाला पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। खनिज विभाग के कार्यदेशक प्रथम खाजूवाला अनिरुद्ध सिंह भाटी ने 17 नवंबर को खाजूवाला थाने में रिपोर्ट में बताया कि संपर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायत की जांच के दौरान शिकायतकर्ता गुरमीत सिंह से पूछताछ कर मौके पर पहुंचे। जांच में गांव 4 एडीएम, पटवार हल्का 2 एडीएम, तहसील पूगल स्थित मुरब्बा नंबर 225/45 में अवैध खनन पाया गया। मौके पर मुरब्बे के किला नंबर 21 व 22 में जगह-जगह जिप्सम का ताजा खनन किया हुआ मिला। खनन के बाद जमीन को समतल दिखाने के लिए मिट्टी डालकर गड्ढों को छिपाने का प्रयास भी किया गया था। मौके की स्थिति के अनुसार जेसीबी मशीन, ट्रैक्टरों और डंपरों से खनन किया जाना सामने आया। राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार यह खातेदारी भूमि है। विभागीय माप और मौका पंचनामा के अनुसार यहां करीब 460 टन जिप्सम का अवैध खनन किया गया। मामले में खातेदारों और अवैध खनन में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से शामिल लोगों पर 9 लाख 40 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। खनिज विभाग की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस थाना में मामला दर्ज कर जांच एएसआई मंगीलाल गोदारा को सौंपी गई है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध जिप्सम खनन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

तपोवन महिला आश्रम की 35-36 माताओं को कराया भोजन, दिखाई रामायण फिल्म

पहल; उपेक्षित माताओं के साथ खुशियां बांटने के लिए वैश्य समाज महिला समिति ने किया विशेष आयोजन



पवन कुमार

सीमा सन्देश #श्रीगंगानगर। अखिल भारतीय वैश्य समाज की महिला समिति की ओर से तपोवन महिला आश्रम में रह रही निराश्रित, बेसहारा एवं परिवारों से उपेक्षित माताओं के साथ खुशियां बांटने के उद्देश्य से सिद्धि सिद्धि मॉल के फूड कोर्नर में विशेष आयोजन किया गया। इस दौरान आश्रम में रह रही करीब 35-36 माताओं को उनकी पसंद का भोजन कराया गया। समिति की ओर से माताओं के लिए डोसा, इडली सहित विभिन्न व्यंजनों की व्यवस्था की गई। इसके बाद सभी माताओं को रामायण फिल्म दिखाने का आयोजन भी किया गया। तपोवन महिला आश्रम के संचालक महेश पेड़ीवाल ने आयोजन के लिए महिला समिति का आभार जताते हुए कहा कि यह केवल सहानुभूति का विषय नहीं, बल्कि समाज को एक नई दिशा देने वाला प्रयास है। समाज और परिवारों में किसी भी कारण से उपेक्षित लोगों को प्रोत्साहित कर मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सभी को आगे आना चाहिए। उन्होंने सुरुचि मैडम, शैलजा, सविता सहित पूरी महिला समिति का धन्यवाद किया।महिला समिति की प्रतिनिधि ने कहा कि खुशियां बांटने से ही खुशियां मिलती हैं। कई दिनों से इन माताओं के साथ समय बिताने की इच्छा थी। दिवाली पर व्यस्तता के कारण यह आयोजन नहीं हो पाया, इसलिए अब उनके बीच पहुंचकर उन्हें अपनेपन का एहसास करवाने का प्रयास किया गया। माताओं के चेहरे पर खुशी और उत्साह देखकर लगा कि उन्हें ऐसे अवसर लगातार मिलने चाहिए। यह केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि एक शुरूआत है, जिसे आगे भी जारी रखा जाएगा।

जन्मदिन व वर्षगांठ पर खुशियां बांटने की अपील

उन्होंने बताया कि तपोवन महिला आश्रम में करीब 110 बेघर, निराश्रित एवं बेसहारा महिलाएं निवास कर रही हैं। समाज की ऐसी परिवारों से अपील है कि वे जन्मदिन, शादी की वर्षगांठ या बुजुर्गों की पुण्यतिथि जैसे अवसरों पर आश्रम पहुंचकर इन माताओं के साथ खुशियां बांटें और सहयोग करें। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य है कि जरूरतमंदों तक सहायता सही जगह पहुंचे और ऐसे प्रयासों में अधिक से अधिक परिवार शामिल हों। आश्रम प्रतिनिधियों ने बताया कि अमावस ग्रुप संस्था सहित अन्य परिवारों का भी सहयोग मिल रहा है। आश्रम की माताओं को महीने में कम से कम एक बार बाहर घुमाने ले जाया जाता है। ऐसे अवसरों की खुशी माताएं कई दिनों तक याद करती हैं। आयोजन का उद्देश्य उन्हें अकेलेपन और उपेक्षा के एहसास से दूर कर समाज का हिस्सा होने का अपनापन देना है।

मांझुवास : महर्षि भारद्वाज गोसेवा सदन में हुआ पूजन



सीमा सन्देश # मांझूवास

स्थानीय महर्षि भारद्वाज गोसेवा सदन में चल रहे दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के तहत गौ पूजन एवं गोपालकों का पूजन किया गया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष मुखराम ज्याणी ने बताया कि आचार्य पं मनोहर लाल वशिष्ठ के सानिध्य में श्रीरामचरितमानस अखंड पाठ कर मंगलवार सुबह हवन किया गया। उपाध्यक्ष मंगलचंद शर्मा ने बताया कि मोहनलाल छींपा व जयपाल ज्याणी ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। समिति के संरक्षक मालाराम भांभू, पृथ्वीराज तेनगरिया, भागीरथ मंगावा, भीमसेन माटोलिया, सहित उपस्थित ग्रामवासियों ने गोमाता के चरण धोकर तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा करवाकर पूजन किया। शिव शास्त्री कान्हेवाला एवं वेदप्रकाश रूंथला ढाकांवाली ने स्वस्ति वाचन पाठ किया। नवनिर्वाचित सरपंच कृष्ण लाल मंगावा भूतपूर्व अध्यक्ष का गोशाला में आने पर आचार्य पं मनोहर वशिष्ठ ने तिलक लगाकर स्वागत किया। प्रबंध समिति के सचिव धर्मपाल सहारण ने अतिथियों का आभार प्रकट किया। आयोजन को सफल बनाने में आर्यन वशिष्ठ, डॉक्टर बलराम शर्मा, ताराचंद शर्मा, बनवारी लाल शर्मा, भागीरथ मंगावा, सतपाल मांझू, दयालाराम मांझू आदि का विशेष सहयोग रहा।

आयोजन : हनुमान संगीतमय कथा में भक्ति रस की बही अविरल धारा

श्रीगंगानगर। स्थानीय सारेगामा मंच पर रविवार शाम डॉ. राजेन्द्र जैन के संयोजन में श्री रामभक्त हनुमान संगीतमय कथा का आयोजन हुआ। सुप्रसिद्ध भजन गायक सुनील भारद्वाज ने भगवान हनुमान के जीवन से जुड़े प्रेरक एवं रोचक प्रसंगों का संगीतमय वर्णन करते हुए एक से बढ़कर एक भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी। उनकी ओजस्वी वाणी, मधुर गायन और भक्ति से सराबोर प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कई अवसरों पर श्रोता भजनों की लय पर झूम उठे और तालियों से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। तबले पर कमलेश कल्याणा की सधी हुई संगत ने प्रस्तुतियों को और प्रभावशाली बना दिया।



इस दौरान यह रहे उपस्थितः डॉ. रूप सिडाना, डॉ. महेश माहेश्वरी, सीमा माहेश्वरी, डॉ. श्रीधर शर्मा, डॉ. अनिल सर्राफ, डॉ. नरेश गुप्ता, डॉ. धर्मवीर गुप्ता, विनोद बिहाणी, विजय भोला, पवन गोयल, राजरमन वशिष्ठ, सतीश साहनी, डॉ. सरिता उपनेजा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं संगीत प्रेमी उपस्थित रहे। संचालन डॉ. रूप सिडाना ने किया, जबकि अंत में आयोजक डॉ. राजेन्द्र जैन ने सभी अतिथियों एवं श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।

रोडवेज बस और पार्सल सेवा में देरी से बढ़ी परेशानी

सरदारशहर। संगरिया (हनुमानगढ़) से जयपुर जाने वाली राजस्थान रोडवेज बस के नियमित विलंब और समाचार पत्र का पार्सल समय पर न उतरने से लोगों में रोष है। संवाददाता हर्षित पारीक ने मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत में बताया कि बस का सरदारशहर पहुंचने का निर्धारित समय सुबह 7:10 बजे है, लेकिन यह रोजाना 7:35 बजे पहुंच रही है। इससे मासिक पास धारक यात्रियों के साथ ही अखबार के वितरण कार्य में भी बाधा आ रही है। स्थानीय लोगों ने भी बस के समय पर संचालन और पार्सल की सही व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

सूरतगढ़ में नहरों और खालों का पुनर्निर्माण

सूरतगढ़। जल संसाधन विभाग द्वारा क्षेत्र में नहरों की शाखाओं, वितरिकाओं, माइनरों, सब माइनरों व सीधे मोघों से निकलने वाले खालों के पुनर्निर्माण की तैयारी की जा रही है। जल संसाधन खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता रजत चौधरी ने सूचना जारी कर भू-धारकों व काश्तकारों को निर्देश दिए हैं। विभाग ने फसल की बिजाई से पहले स्वीकृत या पूर्व निर्मित खालों के लिए निर्धारित भूमि के अतिरिक्त 30 फीट भूमि खाली छोड़ने की अपील की है, जिससे निर्माण कार्य में बाधा न आए। चेतावनी दी गई है कि निर्धारित भूमि पर बिजाई करने पर फसल को बिना किसी क्षतिपूर्ति व मुआवजे के हटा दिया जाएगा और हटाने का समस्त खर्च भी काश्तकार से वसूला जाएगा।

विजय रैली में विवाद; महिलाओं और बच्चों के साथ हाथापाई



सीमा संदेश # रामसिंहपुर।

ग्राम पंचायत 54 जीबी के गांव 20 एएस में मंगलवार शाम चुनावी परिणाम घोषित होने के बाद निकाली जा रही विजयी रैली के दौरान विवाद हो गया। रैली में शामिल कुछ युवकों और वार्ड नंबर 6 स्थित एक घर की महिलाओं एवं बच्चों के बीच हुई कहासुनी देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई। मिली जानकारी के अनुसार गांव 20 एएस में विजयी सरपंच प्रत्याशी की ओर से जीत की खुशी में जुलूस निकाला जा रहा था। इसी दौरान रैली में शामिल कुछ युवकों की एक घर की महिलाओं और बच्चों के साथ अज्ञात कारणों से कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच हाथापाई की स्थिति बन गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। ग्रामीणों की ओर से रामसिंहपुर पुलिस थाना को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए विवाद शांत करवाया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई थी। फिलहाल विवाद के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल पाया है। राहत की बात यह है कि घटना में किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना सामने नहीं आई है।

गोपाष्टमी पर निकाली शोभायात्रा, लोगों ने किया गौ माता का पूजन



सीमा सन्देश # पदमपुर

श्री गौशाला में गोपाष्टमी पर्व पर महिलाओं ने खाटू श्याम मंदिर से लेकर मुख्य बाजारों में गौ माता का जय घोष करते हुए सनातन धर्म का ध्वज फहराते हुए कहा कि हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व गोपाष्टमी है। इस दिन प्रत्येक हिंदू को गौ माता की रक्षा करने का संकल्प अपने हृदय में भक्ति भाव से समायोजित करना चाहिए। श्री गौशाला में सैकड़ो महिलाओं व गो भक्तों के द्वारा गौ माता की पूजा अर्चना का कार्य वरिष्ठ पंडित केपी लाटा व मनीष शर्मा के सानिध्य में वैदिक मंत्र उच्चारण से संपन्न करवाने के बाद दिव्यांग गौ माता के स्वास्थ्य हेतु हवन किया गया। इसमें सैकड़ों गो भक्तों ने गौ माता के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना रखते हुए चरण स्पर्श कर सुख समृद्धि की मंगल कामनाएं की। गो भक्तों ने कहा की भगवान श्री कृष्ण की भक्ति के रूप में यह पर्व है जो हर हिंदू के हदय ने अटूट विश्वास से बसा हुआ है । जब बालकृष्ण 6 - 7 वर्ष के हुए तो उन्होंने माता यशोदा और नंद बाबा से बछड़ी के बजाय गायों को चराने का संकल्प लिया। श्री गौशाला अध्यक्ष प्रेम नारंग , मैनेजर जगरूप सिंह , सोहनलाल बलाना , मदन बिलंदी, चिरंजी कालड़ा सहित बड़ी संख्या में प्रमुख व्यक्तियों के नेतृत्व में गौ माता का श्रृंगार कर गोपाष्टमी पर शोभा यात्रा निकाली गई। जगह-जगह गो भक्तों के द्वारा गौ माता को श्रद्धानुसार नमन किया गया। खाटू श्याम मंदिर पुजारी के.पी. लाटा व अध्यक्ष प्रेम नारंग ने कहा कि गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा मिले इसके प्रयास देश भर में प्रमुखता से चल रहे हैं। आज गौ माता पर संकट है।

20 को दो पारियों में होगी जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना

श्रीगंगानगर। पंचायती राज आम चुनाव के तहत जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना 20 नवम्बर को प्रातः 8 बजे से डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय एवं राजकीय विधि महाविद्यालय में दो पारियों में होगी। पहली पारी में पंचायत समिति और दूसरी पारी में जिला परिषद सदस्यों के मतों की गिनती की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव ने बताया कि चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को मतगणना की सूचना दे दी जाएगी, ताकि वे निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर अपने मतगणना एजेंट नियुक्त कर सकें। पंचायत समिति सदस्यों के एजेंटों के पास संबंधित रिटर्निंग अधिकारी तथा जिला परिषद सदस्यों के एजेंटों के पास एनआईसी कलेक्ट्रेट द्वारा जारी किए जाएंगे। ईवीएम मतों की गणना टेबल पर राउंडवाइज होगी, जिसके लिए वार्डवार सीयू व बीयू लाने हेतु कार्मिक व प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। गणना के बाद प्रारूप-14 के भाग द्वितीय पर गणन पर्यवेक्षक और अभिकर्ता के हस्ताक्षर लिए जाएंगे। जिला परिषद सदस्यों की मतगणना भी पंचायत समिति के रिटर्निंग अधिकारी ही करवाएंगे।

सेना के जवान मनीराम नायक को सैन्य सम्मान से अंतिम विदाई



सीमा सन्देश # सरदारशहर

तहसील के देगा गांव निवासी भारतीय सेना के 36 वर्षीय जवान मनीराम नायक का हृदयाघात से निधन हो गया। वे वर्ष 2012 में सेना में भर्ती हुए थे और वर्तमान में जम्मू-कश्मीर में पंजाब बटालियन में तैनात थे। छुट्टी पूरी होने के बाद 15 नवंबर को उन्हें ड्यूटी पर लौटना था, किंतु अचानक तबीयत बिगड़ने और सीने में तेज दर्द के कारण वे बेहोश हो गए। परिजन उन्हें सरदारशहर उप जिला अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। सैनिक के सम्मान में मंगलवार सुबह अस्पताल से पैतृक गांव तक 20 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई। दोपहर में राजकीय व सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां उनकी 8 वर्षीय पुत्री ने मुखाग्नि दी। उनके असामयिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। वे पांच भाइयों और दो बहनों में तीसरे नंबर पर थे।

नई धान मंडी में चोरी की वारदात, अनाज के 9 कट्टे ले उड़े चोर



सीमा सन्देश# खाजूवाला। नई धान मंडी में चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने एक दुकान के आगे रखे अनाज के 9 कट्टे चोरी कर लिए। घटना के बाद मंडी क्षेत्र के व्यापारियों में चिंता का माहौल है। वहीं, खाजूवाला में एक बार फिर चोरों की सक्रियता बढ़ने से आमजन में भी दहशत बनी हुई है। पुलिस थाने के एएसआई मांगीलाल गोदारा ने बताया कि अनाज मंडी के व्यापारी रामधन बिश्नोई ने रिपोर्ट दी कि चोर नई धान मंडी में एक दुकान के आगे रखे अनाज के कट्टों को निशाना बनाकर 9 कट्टे चोरी कर ले गए। घटना के बाद चोरी की वारदात से जुड़े सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं, जिनमें चोरों की गतिविधियां देखी जा सकती हैं। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से व्यापारियों और दुकानदारों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। व्यापारियों का कहना है कि मंडी जैसे व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं होना चिंता का विषय है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से मंडी क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने और चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने की मांग की है। अब देखना होगा कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों तक कब तक पहुंच पाती है।

सरपंच के बाद चुने गए उपसरपंच

सीमा सन्देश# कीकरवाली। ग्राम पंचायत कीकरवाली, गंगू वाला, सात पी एस सहित आस पास की पंचायतों में सरपंच एवं उप सरपंच निर्वाचित हुए। ग्राम पंचायत कीकरवाली में सरपंच प्रियंका रानी एवं उप सरपंच प्रवीण शाह निर्वाचित हुए। प्रियंका रानी के विजय हासिल करने का समाचार मिलते की समर्थकों में उत्साह बढ़ गया और दीपावली जैसा माहौल बना गया। ग्राम पंचायत गंगू वाला में सरपंच पद पर मोहनलाल नायक एवं उप सरपंच कृष्ण लाल गोदारा, सात पी एस पंचायत में सरपंच जसवंत सिंह शेरगिल एवं उप सरपंच रणवीर सिंह निर्वाचित किए गए। पोलिंग बूथों के बाहर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा ओर चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुए।


यात्रियों की जान जोखिम में डालकर हो रहा सफर, बसों में ठूंस-ठूंसकर भरी जा रही सवारियां



सीमा सन्देश# खाजूवाला। क्षेत्र में यातायात नियमों को ताक पर रखते हुए ओवरलोड बसों का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। निजी बस संचालकों द्वारा बसों में क्षमता से अधिक सवारियां भरकर सफर करवाया जा रहा है। हालात यह हैं कि यात्रियों को बसों में ठूंस-ठूंसकर भरा जा रहा है, जिससे हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आ रही है।

खास बात यह है कि खाजूवाला के पुलिस थाना चौराहे से दिनदहाड़े ओवरलोड बसें बेरोकटोक निकल रही हैं। बसों में यात्रियों की संख्या इतनी अधिक होती है कि कई बार लोगों को खड़े होकर और दरवाजों के पास लटककर सफर करना पड़ता है। ऐसे में कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से ओवरलोड बसों का संचालन हो रहा है। बसों में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से संचालकों के हौसले बुलंद हैं। लोगों ने पुलिस प्रशासन एवं परिवहन विभाग से ओवरलोड बसों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने, वाहनों की जांच करने, निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने वाले संचालकों पर चालान और सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

वर्ग पहली क्रमांक 7982



बायें से दायें:- 1) एक बिहारी शहर, 3) पानी की लहर, 6) दबोचना, 8) भाग्यवान, 10) नशे में धुत, 12) टालमटोल, 16) यतीमख़ाना, 18) जाँबाज़; वीर, 19) एक अन्न, 20) सीधा खाना, 21) कलश, 22) वक्ष; छाती, 23) पैदाईश, 24) साक्षी, 25) शिला.

ऊपर से नीचे:- 1) नतीजा, 2) माप, 3) अंतःपुर, 4) इच्छा, 5) देशद्रोही, 7) घड़ा, 9) जंगली, 11) जमीन में गाड़ना, 12) आमदनी, 13) ख्वाहिश, 14) कमल, 15) निरावरण, 16) आश्चर्य, 17) अनुमानित, 20) खुदा, 22) सूर्योदय.

(उत्तरः अगले अंक में)

पिछली पहेली का उत्तर

अ	प	वा	द	■	उ	दा	सी	न	■	
भि	■	द	ल	द	ल	■	■	दा	द	
मा	या	■	बा	■	ट	मा	ट	र	■	
न	या	■	द	शा	ना	■	प	द	क	
■	ब	की	ल	■	■	घा	रा	■	■	
धा	र	■	■	प्र	त्ये	क	■	■	म	
मिं	■	क	व	च	■	प	त	वा	र	
क	म	र	■	ल	■	का	ल	■	म्म	
ता	ज़ा	■	■	न	ट	ना	■	भू	त	

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता) 18 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ -

1948 - बिहार की राजधानी पटना के निकट स्टीमर 'नारायणी' दुर्घटनाग्रस्त होने से पांच सौ लोग डूबे।
1951 - ब्रिटिश सेना ने मिस्र के इस्मालिया क्षेत्र पर कब्जा किया।
1956 - मोरक्को ने स्वतंत्रता हासिल की।
1959- आईएनएस विराट को ब्रिटिश रॉयल नेवी में कमीशंड किया गया था।
1962 - परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक शैतान सिंह का निधन।
1972 - बाघ को राष्ट्रीय पशु चुना गया।
1994 - संयुक्त राष्ट्र ने फि लिस्तीनियों के आत्मनिर्णय के अधिकार को मान्यता प्रदान की।
2002 - संयुक्त राष्ट्र हथियार निरीक्षकों का पहला दल हैंस ब्लिक्स की अगुआई में बगदाद पहुँचा।
2003 - श्वाजेनेंगर ने कैलीफोर्निया के गवर्नर पद की शपथ ली।
2005 - प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे श्रीलंका के नये राष्ट्रपति निर्वाचित।
2008- केन्द्र सरकार ने वैश्विक आर्थिक मंदी से देश की अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए आधारभूत ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं में 50,000 करोड़ रुपये देने का निर्णय किया।
2013 - अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगल ग्रह पर मावेन यान को भेजा।
2017- भारत की मानुषी छिल्लर ने जीता 'मिस वर्ल्ड 2017' का खिताब।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 19 नवंबर (एनएनएस) वीरवार कार्तिक सुदी नवमी को बारीक चावल, गेहूं, राजमा चित्रा, बिनौला तेल, सरसों, सोयाबीन एवं डीओसी, जौ, जई, ढ़ैचा, लोबिया, देशी चना, उड़द, तुवर, मूंग, मोठ, काबुली चना, कालीमिर्च, आबजोश, पिस्ता, मेथी, हींग, पोस्तदाना, धनिया, साबुदाना, सोना, चांदी में लाभ एवं मक्की, बाजरा, चावल तेल, लौंग, असगंध, छुआरा, अजवायन, आंवला, बेलगिरी, सौंफ, जीरा, बादमगिरी, सितावर में हानि की संभावना है। **भाग्यांक 2-4-6-8 है। यात्रा विचार-पश्चिम दिशा की ओर 8.41 बजे प्रातः से पहले यात्रा करना लाभप्रद होगा।**

आज का राशिफल

18 नवम्बर बुधवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

कार्तिक शुक्ल पक्ष नवमी, नक्षत्र - शतभिषा, योग-ध्रुव, करण-बालव, दिशाशूल-उत्तर, सूर्योदय 6.47 बजे, सूर्यास्त 5.48

ग्रह स्थिति : चंद्रमा - कुम्भ, मंगल, गुरु, केतु - सिंह, शुक्र - कन्या, बुध, सूर्य - तुला, राहू - कुम्भ, शनि - मीन राशि में स्थित है।

मेष : आज धन के मामले में सुधार होगा, बिजनेस का विस्तार होगा और महिलाओं को जूनियर्स के साथ बर्ताव पर ध्यान देना चाहिए।

वृषभ : आज काम का प्रेशर बढ़ सकता है, धन और सेहत अच्छी रहेगी तथा पेशेवर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

मिथुन : आज काम में बदलाव व बेहतरीन उत्पादकता देखने को मिलेगी, स्वास्थ्य परेशान कर सकता है और प्रेम विवादों को सुलझाना होगा।

कर्क : आज अच्छी खबर मिल सकती है, लव लाइफ निष्पक्ष रखें और चुनौतियों के बावजूद करियर में बेस्ट परफॉर्मेंस दें।

सिंह : आज काम में हलचल रहेगी, सेहत अच्छी है, फालतू खर्च न करें और फाइनेंशियल सिचुएशन बढ़िया रहेगी।

कन्या : आज लव लाइफ में समस्या नहीं होगी, ऑफिस में योग्यता दिखाएं और धन व स्वास्थ्य अच्छे रहने से बड़े फाइनेंशियल डिसीजन लें।

तुला : आज स्वास्थ्य सामान्य है, प्रेम संबंध निष्पक्ष रखें और शाम तक जीवन में हलचल के बावजूद करियर में बेहतर प्रदर्शन करें।

वृश्चिक : आज बड़ी स्वास्थ्य समस्या नहीं होगी, रिश्तों के मतभेद दूर करें, निवेश में सावधानी बरतें और करियर में आगे बढ़ें।

धनु : आज प्रेमी के साथ समय बिताएं, लड़ाई-झगड़े से बचें, ऑफिस में सावधान रहें और समझदारी से पैसों के फैसले लें।

मकर : आज शांत रहें, पार्टनर को समय दें, नई जिम्मेदारियों से प्रतिभा दिखाएं और धन को समझदारी से संभालें।

कुंभ : आज प्रेम जीवन को उत्पादक बनाए रखें, करियर की चुनौतियों को सफलता से हल करें और धन से जुड़ी योजनाएं बनाएं।

मीन : आज प्रेम समस्याओं का सॉल्यूशन निकालें, दफ्तर में नई भूमिकाएं लें और महत्वपूर्ण फाइनेंशियल फैसले लें।

लक्ष्मी मजूमदार अवॉर्ड प्रतियोगिता में मिली राष्ट्रीय सफलता

डीएवी स्कूल की स्काउट टीम देश में द्वितीय

श्रीगंगानगर।



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की लक्ष्मी मजूमदार अवॉर्ड प्रतियोगिता (स्काउट विभाग) में डीएवी उमावि, श्रीगंगानगर की स्काउट टीम ने संपूर्ण भारत में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय, जिले और राजस्थान का नाम रोशन किया है। स्काउट मास्टर सौरभ चराया ने बताया कि सत्र 2025-26 में समुदाय सेवा एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर विद्यालय को यह उपलब्धि मिली। स्काउट्स ने नशा मुक्ति, सिंगल यूज प्लास्टिक, ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी, सड़क सुरक्षा, पर्यावरण और ग्लोबल वार्मिंग सहित 20 विषयों पर वर्षभर आमजन के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इस उपलब्धि पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय की ओर से 15 नवंबर 2026 को दिल्ली में आयोजित 77वें राष्ट्रीय अधिवेशन में विद्यालय को प्रशंसा पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य धर्मपाल शर्मा और मुख्य संरक्षक रामलाल सहारण ने टीम को बधाई दी। सीओ स्काउट इंद्राज सुथार, सीओ गाइड मोनिका यादव, रोवर लीडर प्रेम गम्भीर, कब मास्टर कुलदीप शर्मा, स्काउट मास्टर अंग्रेज सिंह तथा रोवर स्काउट सूरज व मोहित का मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा। स्थानीय संघ अध्यक्ष एडवोकेट विनोद गोयल, चेयरमैन बलदेव किशन नागपाल, हेडक्वार्टर कमिश्नर गोपी नागपाल, सचिव रामकुमार स्वामी एवं संयुक्त सचिव नीलम खुराना ने भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि टीम ने मेहनत, अनुशासन, समर्पण और समाजसेवा से यह मुकाम हासिल किया है। उपलब्धि से स्काउट-गाइड परिवार में खुशी है।

काश्वी ने स्केटिंग में जीते 2 पदक

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।



मात्र 9 वर्षीय प्रतिभावान खिलाड़ी काश्वी ने आरएसएफआई राजस्थान स्टेट रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप-2026 में दो कांस्य पदक जीतकर गौरवान्वित किया है। डॉ. दीपक उपाध्याय (प्रोफेसर) ने बताया कि खेल सिटी जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से लगभग 540 खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान काश्वी ने 8 से 10 वर्ष आयु वर्ग के अंतर्गत वन लेप रोड तथा फॉर लेप रिंक रेस में भाग लिया तथा प्रतियोगिता में हीट, क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल तथा फाइनल रेस में शानदार प्रदर्शन कर दो कांस्य पदक जीते। इस कम उम्र में इस प्रकार का तकनीकी कौशल व मानसिक दृढ़ता की सभी ने सराहना की है। काश्वी की इस गौरवशाली उपलब्धि पर उनके परिवारजनों, खेल प्रेमियों तथा शुभचिंतकों ने खुशी का इजहार करते हुए भविष्य में भी कड़ी मेहनत व अनुशासन द्वारा सफलता के नये आयाम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया है।

अपना घर आश्रम में किया सेवा कार्य



श्रीगंगानगर। मारवाड़ी युवा मंच नारी चेतना शाखा ने बुधवार को अपना घर आश्रम के प्रभुजनों को तीन यूनिट भोजन प्रसादी और मिठाई वितरित की। शाखा अध्यक्ष सविता जैन, कार्यक्रम प्रभारी पूजा मित्तल और सुनीता चौधरी सहित अन्य सदस्यों ने सेवा कार्य में भाग लिया। सचिव जगीर चंद वर्मा ने आश्रम की व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए शाखा का आभार जताया। इसके बाद, एनएच-62 स्थित श्रीनाथ एनक्लेव में प्रभुजनों को भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित रामायण फिल्म दिखाई गई, जिसे देखकर वे भाव-विभोर हो गए। इस दौरान आश्रम के सभी प्रभुजन और मंच की पदाधिकारी महिलाएं उपस्थित रहीं।

अग्र विकास परिषद ने 4 एमएल गोशाला में मनायी गोपाष्टमी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।



अग्र विकास परिषद के तत्वावधान में शहर के समीप स्थित 4 एम एल स्थित गोशाला में गोपाष्टमी पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। परिषद के सदस्यों व पदाधिकारियों ने गोमाता की पूजा कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ गोमाता को तिलक लगाकर, माला पहनाकर एवं गुड़, हरा चारा व सवामणी खिलाकर किया गया। इस मौके पर परिषद के मुख्य शाखा महासचिव अनिल सिंघल ने भारतीय संस्कृति में गोमाता की महता बताते हुए सभी से गोसेवा का आह्वान किया।

परिषद द्वारा 'एक सुबह गौ माता के नाम' प्रकल्प का मुख्य उद्देश्य भी युवा पीढ़ी व समाज के लोगों को गोसेवा से जोड़ना है। कार्यक्रम में नीरज बंसल, आशीष अग्रवाल, योगेश बंसल, राहुल गर्ग सहित परिषद के अनेक सदस्य मौजद रहे।

एबीवीपी ने मनाया गोपाष्टमी पर्व

श्रीगंगानगर। भारत विकास परिषद महिला प्रगति शाखा ने गोपाष्टमी पर्व पर सुखाड़िया सर्किल स्थित श्रीगोशाला में गोपूजन किया। अध्यक्ष मंजू गर्ग ने बताया कि सदस्यों द्वारा ने गोमाता की आरती कर औषधीय लड्डू खिलाए एवं भजन कीर्तन कर सदस्यों द्वारा गौशाला में इंटो के घर बनाए। इस मौके पर अनीता अग्रवाल, मीना झूंथरा, चेतना गुप्ता, उमंग गर्ग, संतोष सिंगल, वीनू बंसल, रेनू गुप्ता, आशा वधवा आदि सदस्य मौजूद रहे।



जिंस बाजार में खाद्य तेलों में तेजी, दालों और गुड़-चीनी में मिला जुला रुख दिखा

नयी दिल्ली, (वार्ता) दिल्ली थोक जिंस बाजार में सोमवार को चावल, गेहूं और आटा के भावों में गिरावट रही जबकि विदेशों में गिरावट के विपरीत स्थानीय बाजार में तेल सरसों को छोड़ कर प्रमुख खाद्य तेलों में तेजी बनी रही। दालों में मिला जुला रुख रहा जबकि खाद्य तेल तथा गुड़ चीनी में मिला जुला रुख दिखा। खाद्य तेलों में तेजी सप्ताह के दूसरे दिन भी बरकरार रही। दालों में चना और उड़द दाल क्रमशः 15 रुपये और 13 रुपये प्रति क्विंटल चढे.हुए थे।। तुअर का भाव कल 57 रुपये ऊपर जाने के बाद आज पहले के स्तर पर टिका रहा। गेहूं प्रति क्विंटल 21 रुपये नरम हो गया जबकि आटा 16 रुपये नरम बोला गया।

गंगनहर का वरीयताक्रम

18 नवम्बर 2026, बुधवार [सम्भावित]



पेयजल व छीजत 250	खुलने का समय	बंद होने का समय
करणीजी 580 (7)	12 नवम्बर प्रातः 3 बजे	19 नवम्बर रात्रि 9 बजे
केके 593 (7)	12 नवम्बर रात्रि 9 बजे	20 नवम्बर प्रातः 6 बजे
ईईए 653 (6)	13 नवम्बर रात्रि 12 बजे	21 नवम्बर प्रातः 9 बजे
एफ 1156 (3)	16 नवम्बर सायं 6 बजे	24 नवम्बर दोपहर 12 बजे
एलएनपी 1433		
एमके 1531		
बीबी 1729		
वाई 1760		
जैड 1915		
डी-भागसर 1933		
बीआईएफ+जे 1974		
एच 2281		
जीजी 2482		18 नवम्बर रात्रि 12 बजे
नेतेवाला 2503		18 नवम्बर सायं 6 बजे
हिरणांवाली 2525		18 नवम्बर सायं 6 बजे
एमएलए 2566		18 नवम्बर दोपहर 12 बजे
एमएल 2626		18 नवम्बर दोपहर 12 बजे
फार्म 2687		18 नवम्बर प्रातः 6 बजे
रिडमलसर 2698		17 नवम्बर सायं 3 बजे
एचएच 2733		17 नवम्बर सायं 3 बजे
आरबी 3003		17 नवम्बर प्रातः 3 बजे
समेजा 3205		16 नवम्बर रात्रि 9 बजे
पीएस 3365		11 नवम्बर दोपहर 12 बजे

नोट : गंगनहर में मंगलवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1599 क्यूसेक।

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : मूंग 8255-7405 (आ. 372 क्विं.), ग्वार 8165-5375 (आ. 153 क्विं.), नरमा 9166-8615 (आ. 841 क्विं.), सरसों 9461-8755 (आ. 81 क्विं.), गेहूं 2731 (आ. 30 क्विं.), **रायसिंहनगर :** सरसों 9201, चना 7051-6400, गेहूं 2723-2600, मूंग 8561-7500, नरमा 9234-8800, कपास 8573-8530, ग्वार 8611-7100, बाजरी 2712-2700, **गजसिंहपुर :** ग्वार 8165-7800, सरसों 9073, मूंग 8200-7881, नरमा 9188-8871, **सबमंडी यार्ड रीको :** गेहूं 2850-2200, सरसों 9351-5500, पीली सरसों 9500-6200, ग्वार 8170-6500, मूंग 8250-5000, नरमा 9161-8000, बाजरी 2801-2000, **जैतसर :** सरसों 8800, मूंग 8470-8101, बाजरी 2651-2706, ग्वार 8230-8141, नरमा 9400-8500, कपास 8841, धान 4350-3700, **घड़साना :** मूंग 8625-7105, नरमा 9185-8905, सरसों 9170-8709, ग्वार 8215-7820, मूंगफली 7425-6700, बाजरी 2790,

किरयाना

धनिया 17000-20000, हल्दी 22000-24000, जीरा 28000-30000, अजवाइन 20000-21000, सौंफ 12500-22000, मेथी 8500, खोपरा 1850, गट गोला 425 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 2900-3000, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 25000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1500, आटा (45 किग्रा.) 1460, सूजी 1620, बेसन 9000, चावल टुकड़ी 3500-4200, चावल डबल छनाई 4200-4500, चावल सेला 3800, चावल बासमती 6000-10000, **गजसिंहपुर :** ग्वार 8165-7800, सरसों 907

दाल-दलहन

मूंग धूली 10500, मूंग छिल्का 9800, उड़द धुली 12500-13000, उड़द साबुत 11300-11800, अरहर दाल 13500-14500, दाल मसूर 7800, दाल चना 8600, देशी चना 8800, सिंगल डालर चना 9000-9200, डबल डालर चना 10000-10300, काला चना 8500-9000.

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5700, गुड़ पेड़ी 5600, गुड़ शिवलिंग 6300, गुड़ बर्फी 5900, चीनी महाराष्ट्र 5900-6000, चीनी एल 6450, चीनी एस 6000, चीनी गंगानगर।



तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 155-170 रु., तेल रिफाइंड 148-160 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 10300-11000 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 580-650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 10500 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 590 रु., पंजाब किंग : 11000रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 590 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 690 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 690 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं. : नरमा व्यापारी 9000, बाजरा 2601, धान ढफ व्यापारी 2275, धान मुछल 4305, धान 1509 3700 **डबली राठान:** नरमा व्यापारी 8846, जौ 2771, बाजरा 8220, धान पीआर व्यापारी 2237, धान मुछल 3910, **हनुमानगढ़ टाउन:** कपास 8800, नरमा व्यापारी 9000, जौ 2557, बाजरा 8116, धान पीआर व्यापारी 2457, धान मुछल 4750, धान 1121 4257, **रावतसर** बाजरा 7950, ग्वार 9155, चना सरकारी 8200, मूंग सरकारी 8876, मोठ 8850, मक्का 21940, तिल 7980, अरहर 7850 **नोहर :** मोठ 9315, **संगरिया :** कपास 9041, जौ 2701, बाजरा 8171, मोठ 8769 **गोलूवाला :** कपास 9100, नरमा सरकारी 2500, जौ 2650, बाजरा 8001, ग्वार 6400, चना सरकारी 8157, मोठ 8883 **पीलीबंगा :** कपास 9200, जौ 2650, बाजरा 8100, धान पीआर सरकारी 1925, धान 1121 4326

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	6610	साहवा	451
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	460	कंवरसैन	540
रावतसर	673	बिरधवाल हैड से नीचे	5446
सूरतगढ़	निल		
जोरावरपुरा	निल		
खेतेवाली	निल		

मंगलवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 17.11.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1631.93
पानी की आवक - 5461 क्यूसेक, निकासी- 9600 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 135275
पानी की आवक- 2687 क्यू., निकासी- 12189 क्यू., बीकानेर - 2040

सार्दुल ब्रांच 785, करणीसिंह ब्रांच- 415, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

13 नवम्बर से 21 नवम्बर तक रहेगा प्रभावी

मोरजंडा	263	रोड़ांवाली	1189
रतनपुरा	275	नवां-सतीपुरा	1200
नाथवाना	306	संगरिया	1206
प्रतापपुरा	481	भगतपुरा	1244
हरिपुरा	494	सूरतगढ़	1364
दीनगढ़	507	नगराना	1372
सूरतपुरा	516	लीलांवाली	1612
मोडिया	721	भाखरांवाली	1617
लोंगवाला	866	करनीसिंह	1947
पीलीबंगा	1081	मम्मड़खेड़ा	2142
अमरपुरा	1176	जोड़कियां	2222

शेयर बाजारों में तेजी दूसरे दिन भी रही जारी

मुंबई। रुपये की मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को चुनिंदा खरीदारी के बीच प्रमुख शेयर सूचकांकों में लगातार दूसरे दिन सुधार जारी रहा। सावधानी भरे कारोबारी वातावरण के बीच बैंकिंग, वित्तीय सेवा और वास्तविक अर्थव्यवस्था की प्रमुख कंपनियों के शेयरों में निवेशकों का समर्थन था जबकि सूचना प्रौद्योगिकी के शेयरों में रुख मिला जुला था।

बीएसई का 30 प्रमुख शेयरों वाला सेंसेक्स 427.40 अंक (0.52 प्रतिशत) सुधर कर 82,532.19 अंक पर बंद हुआ। कल बाजार 82,104.79 बंद हुआ था। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स 82,150.62 पर खुलने के बाद ऊपर 82,897.49 और नीचे 82,091.90 अंक तक गया था।

सेंसेक्स के 18 शेयर लाभ और 12 हानि में रहे। लाभ में रहे प्रमुख शेयरों में एक्सिस बैंक 2.08 प्रतिशत , रिलायंस 2.01, एसबीआई 1.74 , टीसीएस 1.67, अडाणी पोर्ट 1.56 और महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.49 प्रतिशत लाभ में बंद हुआ। एशियन पेंट्स , इंडिगो, बजाज फिनसर्व, इटर्नल, आईसीआईसीआई बैंक , कोटक बैंक , सन फार्मा, मारुति और अल्ट्रा टेक सीमेंट जैसे शेयर शामिल है।

अनुमय का जन्मदिन

मेरे लाड़ले. खूब खुश रह. तेरा जन्मदिन, और मैं हर साल की तरह इस साल भी मेमोरी ट्रिप पर. तेरे आने की आहट महसूस हुई उस क्षण से, जब हॉस्पिटल में तुझे पहली बार देखा तब तक. तेरे स्कूल के पहले दिन पर छूटती मेरी उंगली से लेकर, कॉपी पर मिले पहले वेरी गुड पर इमोशनल होने तक. हाथ पर टीचर की शाबाशी वाली स्माइली इमोजी से लेकर तेरी जीती हुई ट्रॉफियों तक. गार्डन में तुझे पकड़ने तेरे पीछे भागती, हारने का अभिनय मेरे लिए, और अपनी इस जीत पर दादी से टॉफी का ईनाम तेरे लिए. पर उस भाग दौड़ में हमसे आगे भागते समय का अंदाजा ही नहीं हुआ. और मेरी गोदी का नन्हा, आज 22 साल का होने लगा.

बेटे का बचपन जब विदा लेने को होता है, तो शायद मम्मा को सबसे बाद में पता चलता है. सब बताते हैं, कि इतना बड़ा हो गया नमय... बिल्कुल पापा की तरह लगने लगा. कद, बातें, व्यवहार, समझदारी और चुपचाप की जाने वाली परवाह.. सब कुछ पापा की तरह. कुछ दिन पहले मुझे बुखार हुआ. और सारी रात में कई बार, मेरे माथे पर हल्का स्पर्श. मेरे टेम्प्रेचर को लेकर थमार्मीटर और माथा छूना, दोनों ही जरूरी तेरे लिए. तू शायद रात भर बेचैन था मम्मा के लिए. पर इस खामोश परवाह ने मुझे हजारों बार सुकून की थपकियां देकर सुलाया है मेरे लाड़ले. तेरे इस प्यार पर मन करता है तुझे फिर से दिन भर लाड़ करती रहूं.

पर मैं तो अब तक तेरे टाईम टेबल को ही ठीक करने में उलझी हुई हूं. आज ठीक से खाया नहीं. अपना बैग रात को ही जमा के रखा कर बेटा. फिर किताबें फैला दिया ? संडे को अलमारी समेट लेना. सुबह जल्दी उठा कर नमय, स्कूल बस मिस हो जाएगी- नहीं थोड़ी देर और सोऊंगा. और मम्मा, अब स्कूल नहीं , कॉलेज खत्म होने वाला है मेरा. हे हे..



अरे हां भई कॉलेज.. पर हरकतें तो तेरी केजी वन के बच्चे जैसी हैं. मेरा पेन नहीं मिल रहा. मेरे लैपटॉप को थोड़ा क्लीन कर देना.आप ही मेरा गॉगल कहीं रख दिए थे अब खोज के दो.आज बिना हेलमेट के बाहर जाऊँगा. उस दिन आया - मेरे दोस्तों को घर में पार्टी देनी है, आप सब के लिए घर में फ्रेंकी, बर्गर और चीज बॉल्स बना दो. ठीक है,पर कितने दोस्त?? यही कोई 50- 55... क्या? इतने? चल भाग यहां से . मैं क्या कोई हलवाई हूं?? और इससे पहले कि तेरे कान उमेठती, तू फिर वही उछलता हुआ भाग खड़ा हुआ. दिन भर मैं तुझमें व्यस्त और हर दो मिनट में तेरी कोई नई नौटंकी. और मैं जो कभी खीझ उठूं, तो तेरी बहन निवी सामने - उसका सब सामान जगह पर है मम्मा, हर काम टाइम पर करता है. बस आपको चिढ़ा के मजे लेता है. आप इग्नोर करो बस. कैसे इग्नोर करूं.. यही तेरे खेल और खिझाना तो मेरे दिन रात हैं बेटा.इस घर की हर रौनक, हमारे मन की हर खनक तुम दोनों से ही तो है. और ये सारा नटखटपन मेरी ऊर्जा का स्त्रोत.

पर हर मिनट तेरे पीछे लगी मैं, जब तक तेरे बड़े होने के एक संकेत से एडजस्ट करती हूं, तब तक तू थोड़ा और नई तरह से मुझे हैरान करने लगता है. अभी खिलौनों की दुकान को देख कर मन ही मन तय करने लगती हूं, कि तेरे लिए छोटा सा बैट बॉल का सेट ले दूं, या छोटा टॉय ट्रक. उतने में तू अपने इंटर कॉलेज फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारी में जुट गया . अभी कहेगा, कि इस बार दिवाली पर टिकिया चलाने वाली गन, और फुलझड़ी लूंगा. छुटपुट आवाज से डर कर मेरे हाथ अपने कान पर रखवाये थे. पर अभी ही तू तो दस - बीस हजार की लड़ी निकलवा रहा है. तेरी कॉमिक्स अभी तक समेट भी नहीं पाई हूं. आज रात ही तुझे जंगलबुक की स्टोरी सुनाने की प्लानिंग थी. और तू पापा से वर्ल्ड माइथोलॉजी, गीता, पॉलिटिक्स, फाइनेंस, क्रिकेट पर पापा से बातें कर रहा था.

समझ नहीं पाती कि तेरा मन अपनी हॉट व्हील्स टॉय कारों के कलेक्शन पर ज्यादा जुड़ा है, या अपने गैजेट्स से ज्यादा प्रेम. आज सुबह बॉर्नविटा, शाम को कॉफी. फाइन डाइन रेस्टोरेंट के नफीस तौर तरीके, या मम्मा दाल चावल को आप अपने हाथ से खिलाओ वाला मेरा नन्हा. निवि से एक पेंसिल को लेकर सुबह की खटर पटर, या शाम को उसके प्रोजेक्ट्स की फाइनल डिटेलिंग. नानी के घर दिन भर उधम, या शाम को डॉक्टर की अपॉइंटमेंट के लिए उन्हें याद से ले जाना.

तेरे लिए मेरे कन्फ्यूजन तो लाइफ में बहुत से हैं. पर तुझे लेकर घर में सब एकदम क्लियर - नमय हम सब का बहुत दुलारा, और समझदार बच्चा है. तेरी बुआओं से तेरी दोस्तियां तो ऐसी, जैसे एक साथ पढ़ कर बड़े हुए होंगे. मजाक, मस्ती और दुनिया जहान की बातें बुआ से ही हो सकती हैं. बड़ी मम्मी से मेरी शिकायत, और बड़ी मम्मी ही मेरी सब फैवरेट चीजें बनाती हैंकि घोषणा एक साथ की जाती है. मौसी के साथ मिलके तो तूने कोई शिमला समझौता साइन किया है शायद, कि नानी और मम्मा को सही रास्ते पर लाना है. मम्मा को नानी से खीर, गुझिया सीखना चाहिए. मौसी के साथ रात भर मूवी, गप, पिज्जा पार्टी और ह्वनो डांट- डपट पॉलिसीह्व अपने घर में भी लागू हो. और डिसिप्लिन को कहीं कचरे में फेंक आना सही रहेगा.

तेरा हमेशा का नारा - बुआ बेस्ट कुक है, मौसी बेस्ट फ्रेंड है, बड़ी मम्मी बेस्ट दुलार और केयर करती है. निवी में तो सब कुछ बेस्ट है. और नानी सुपर परफेक्ट, बेस्टम बेस्ट.. मुझे प्यार करने में बस आप ही थोड़े पीछे रह गए मम्मा.. हां रे, जा वहीं रहना. उन्हीं की नाक में दम कर. भाग यहां से.. नहीं मम्मा, यहीं रह के आपको तंग करूंगा. हा हा हा. बस यह एक लाइन और मैं फिर इमोशनल.. वो देख, पापा और निवि को लगता है, अभी हम दोनों लड़ पड़ेंगे. पर हम तो लाड़ में आ गए. देखा, पापा कह रहे थे ये दोनों ऐसे ही रहेंगे.. और निवि भी,ह्वजानती हूं पापाह्व, कहकर हंस रही थी.

मेरे दिल के सबसे अनमोल टुकड़े , तेरे लिए मेरा मन कोई नहीं समझ सकेगा. शायद मैं खुद भी नहीं. पर तेरे जन्मदिन पर हजार हाथों से तेरे लिए प्रार्थनाएं करती हूं. तेरे ये रिश्ते ऐसे ही सजीले बने रहें. इन सब को तुझ पर मान हो. तू बिल्कुल अपने पापा की तरह बने. निवि और तेरा आपसी लाड़ हमेशा बना रहे. तेरा हर सुख रोज दुगुना हो. तेरी दीर्घायु , आरोग्य और सुख के लिए आशीर्वाद बेटा. खूब खुश रह.. खूब खुश रह.

-तेरी मम्मा

■आकांक्षा प्रफुल्ल पाण्डेय

(मुम्बई)

सरदारशहर में गोपाष्टमी पर की गई सामूहिक गोसेवा

योग साधकों ने गोमाता का पूजन कर खिलाया चारा



सीमा सन्देश # सरदारशहर। गोपाष्टमी पर्व पर श्री नामदेव निःशुल्क योग क्लास व श्री श्याम वाटिका के योग साधकों ने रिद्धि-सिद्धि कॉलोनी स्थित राधा-कृष्ण गोशाला में सामूहिक गोसेवा कार्यक्रम आयोजित किया। योग गुरु मोहन लाल शर्मा के सान्निध्य में साधकों ने विधि-विधान से गोमाता का पूजन कर तिलक लगाया तथा गुड़, हरा चारा व अन्य खाद्य सामग्री खिलाई। योग गुरु शर्मा ने कहा कि गोसेवा प्रत्येक व्यक्ति की सामाजिक व नैतिक जिम्मेदारी है। इस दौरान जीवदया, करुणा व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। संयोजक पवन कुमार भोजक व सांवर मल सोनी ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

पोद्दार गेस्ट हाउस में भजन संध्या का आयोजन किया



सीमा सन्देश # रतनगढ़। पोद्दार गेस्ट हाउस में चल रही श्रीराम कथा के तहत रविवार रात्रि को भजन संध्या आयोजित की गई। राहुल कुणाल व्यास परिवार की ओर से आयोजित भजन संध्या में गायक निकुंज कामरा ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। भजन संध्या का शुभारंभ सामाजिक कार्यकर्ता ललितादेवी व्यास ने किया। ललितादेवी व्यास एवं श्याम परिवार के सदस्यों ने गायिका कामरा का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष सुनील शर्मा, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, रूबी महर्षि, पार्षद संतोष इंदौरिया, पूर्व पालिकाध्यक्ष लिटू कल्पनाकांत, विकास रिणवां, रघुनंदन धेरड़, महेश सीमार एवं लक्ष्मीनारायण बणसिया व अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

17 वार्ड पंचों की सर्वसम्मति से शीतल साहनी निर्विरोध उपसरपंच निर्वाचित



सीमा सन्देश # मिर्जेवाला। ग्राम पंचायत मिर्जेवाला में पंचायत चुनाव के बाद उपसरपंच पद के निर्वाचन की प्रक्रिया सर्वसम्मति से संपन्न हुई। गांव के सभी 17 वार्ड पंचों ने आपसी सहमति जताते हुए शीतल साहनी को निर्विरोध उपसरपंच निर्वाचित किया। सभी वार्ड पंचों की सहमति से हुए इस निर्वाचन के बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखने को मिला। इस दौरान वार्ड पंचों, सरपंच पति जसवंत सिंह गोदारा, डॉ. मदन मेव, कमलदीप भुंवाल, शंकर भुंवाल, बलवंत कुलड़िया, हनुमान शर्मा सहित अन्य वार्ड पंच एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। निर्विरोध निर्वाचन के बाद ग्रामीणों ने शीतल साहनी को बधाई देते हुए उनका स्वागत किया तथा गांव के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने की उम्मीद जताई। निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद ग्रामीणों ने विधि-विधान एवं जुलूस के साथ नवनिर्वाचित उपसरपंच शीतल साहनी के निवास स्थान तथा सरपंच के निवास पर पहुंचकर खुशी जाहिर की। इस दौरान ग्रामीणों में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा।

पंचायतीराज मतगणना को लेकर प्रशासन सतर्क कलक्टर ने लोहिया महाविद्यालय में ली बैठक

सीमा सन्देश # चुरू।

पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तहत 20 नवंबर को होने वाली मतगणना को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने राजकीय लोहिया महाविद्यालय स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों की बैठक लेकर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलक्टर ने कार्मिकों की नियुक्ति, प्रशिक्षण, टेबलवार व्यवस्था व सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की। एसपी निश्चय प्रसाद एम ने कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के पुख्ता इंतजाम करने पर जोर दिया। इस



दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान सीईओ श्वेता कोचर, एएसपी सुनील कुमार, एसीईओ भागचंद खारिया, सीओ गजेन्द्र सिंह, एडीपीएस मीनू वर्मा, सीडीईओ संतोष महर्षि, डॉ. मूलचंद, डॉ. रविन्द्र बुडानिया, डॉ. प्रशांत शर्मा, जितेन्द्र कुमार, उद्योग उपायुक्त उजाला, सार्वजनिक निर्माण विभाग के एसई भीमसेन, डीएसओ दिव्या, अंशु तिवाड़ी, शिवप्रकाश शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यालय नगरपरिषद, श्रीगंगानगर

क्रमांकः राजकाज रेफ नम्बर आपत्ति सूचना दिनांकः 05.11.2026

सर्वसाधारण को सूचित एवं प्रकाशित किया जाता है प्रार्थी श्रीमती कमला पत्नी श्री प्रभु राम ने आवेदन पत्र, शपथ पत्र, व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 2/284 हाउसिंग बोर्ड, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर साईज़ 31.81 वर्गमीटर कॉर्नर पश्चिम दक्षिण दिशा की तरफ खुलता हुआ का अपने नाम से परिषद रिकार्ड में दर्ज कर नामान्तरण करवाने हेतु निवेदन किया है। 205516 यह कि प्रशनगत भूखण्ड संख्या आवास संख्या 2/284 राजस्थान आवासन मण्डल, ज़वाहरनगर श्रीगंगानगर साईज़ 31.81 स्कैमी. की कन्वेस डीड अलॉटी एवं परपेचुअल लीज आवासीय अभिक्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड हनुमानगढ़ द्वारा श्री लीलाधर सोनी पुत्र श्री बरधीचन्द सोनी के नाम से जारीशुदा है। जो पंजीकृत है। श्री लीलाधर सोनी पुत्र श्री बरधीचन्द सोनी ने जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 19.05.2022 द्वारा आवास संख्या 2/284 राजस्थान आवासन मण्डल, जवाहरनगर श्रीगंगानगर साईज 31.81 स्कैमी पश्चिम दक्षिण दिशा में खुलता हुआ कॉर्नर श्रीमती कमलेश गर्ग पत्नी श्री महेश गर्ग को विक्रय कर दिया। श्रीमती कमलेश गर्ग पत्नी श्री महेश गर्ग ने जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 19.10.2022 द्वारा भूखण्ड संख्या 2/284 हाउसिंग बोर्ड, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर साईज 31.81 वर्गमीटर कॉर्नर पश्चिम दक्षिण दिशा की तरफ खुलता हुआ श्रीमती कमला पत्नी श्री प्रभु राम को विक्रय कर दिया। उपरोक्तानुसार नामांतरण चाहा गया है। नामांतरण जारी करने से पूर्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा समयावधि बीत जाने के बाद नामांतरण जारी करने की कार्यवाही नगर परिषद द्वारा अमल में लाई जावेगी। इसके पश्चात कोई उज्जर मान्य नहीं होगा। आयुक्त नगरपरिषद, श्रीगंगानगर

न्यायालय अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीविजयनगर

नोटिस वास्ते जाहिर करने वजह

अज अदालत एसीजेएम साहब मुकाम श्रीविजयनगर लूनाराम बनाम उमादेवी आदि, मुकदमा संख्या 248/2026 बाबत प्रार्थी लूनाराम के पिता मृतक सुखाराम पुत्र सांवताराम का मृत्यु प्रमाण पत्र हर आम खास जरिये अखबार प्रकाशन कौम..... साकिन..... तहसील .....जिला..... क्योंकि प्रार्थी ने अदालत में दरख्वास्त दी है कि क्यों ना प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार कर प्रार्थी के पिता मृतक सुखाराम का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के आदेश दिये जावे। लिहाजा इतला दी जाती है कि तारीख 18.11.2026 बरोज 10:00 बजे वार ..... दिन के अदालत हाजा आसालतन या वकालतन हाजिर होकर दरख्वास्त के खिलाफ वजह जाहिर करो वर्ना दरख्वास्त मन्जूर एकतरफा सुनी व अमल में लाई जायेगी। वसल्ल मेरे दस्तखत व मोहर अदालत में आज तारीख 28 माह 10 सन 2026 जारी किया।

न्यायालय की आज्ञा से

मोहर रीडर

श्रीमान अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीविजयनगर जिला श्रीगंगानगर (राज)

चंडीगढ़ के शास्त्री मार्केट में पांच शेड तोड़ने से दुकानदारों में रोष

चंडीगढ (वार्ता)। केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ सेक्टर-22 स्थित शास्त्री मार्केट में नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए मंगलवार को पांच शेड तोड़ दिए। इस कार्रवाई के बाद मार्केट के दुकानदारों में रोष फैल गया। दुकानदारों ने निगम की कार्रवाई का विरोध करते हुए इसे गलत करार दिया। शास्त्री मार्केट के प्रधान मुकेश गोयल ने बताया कि मार्केट में रिनोवेशन का काम चल रहा है। निर्माण कार्य के दौरान दुकानदारों को अस्थायी रूप से शिफ्ट करने के लिए पार्किंग एरिया में शेड बनाए गए थे, ताकि दुकानों का काम पूरा होने तक उनका कारोबार प्रभावित न हो। लेकिन दुकानदारों को शिफ्ट करने से पहले ही नगर निगम ने पांचों शेड तोड़ दिए। श्री गोयल ने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई जानबूझकर की गई है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से मार्केट में चल रहा रिनोवेशन का काम प्रभावित होगा और दुकानों का निर्माण समय पर पूरा करना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्यपाल भी कई बार मार्केट के रिनोवेशन कार्य को पूरा करने के बारे में पूछ चुके हैं।

श्रीकरणी माता मंदिर के नवनिर्मित कक्ष का लोकार्पण

राजपूत क्षत्रीय संस्था ने निर्माण में सहयोगियों का जताया आभार



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। राजपूत क्षत्रीय संस्था के श्री करणी माता मंदिर में नवनिर्मित कक्ष का लोकार्पण समारोहपूर्वक किया गया। संस्था अध्यक्ष भीख सिंह शेखावत के प्रयासों से निर्मित इस कक्ष का उद्घाटन पालिकाध्यक्ष ज्योति कंवर, पूर्व पार्षद सुरेंद्र सिंह राठौड़ व फरीदसर के पूर्व सरपंच फतेह सिंह राठौड़ ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन व पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके बाद अतिथियों ने नवनिर्मित कक्ष का लोकार्पण किया। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने संस्था की इस पहल को सामाजिक गतिविधियों के विस्तार व समाज की एकजुटता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। समारोह में समाज के हरि सिंह भाटी, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष नगेंद्र सिंह शेखावत, संरक्षक भीम सिंह राठौड़, प्रहलाद सिंह राठौड़, अजीत सिंह भाटी, गोपाल सिंह राठौड़, महावीर सिंह, नारायण सिंह राठौड़, बजरंग सिंह, अशोक सिंह शेखावत, लाभ सिंह भाटी, छत्रपाल सिंह, राम सिंह बड़गूजर, अजय सिंह चौहान, सूरत सिंह भाटी, राजेश तोमर, विकास सिंह चौहान, महेंद्र सिंह एवं लाल सिंह बिका सहित संस्था पदाधिकारी, समाज के वरिष्ठजन, युवा साथी एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे। संस्था अध्यक्ष शेखावत की ओर से श्री करणी माता की प्रसादी व स्नेह भोज की व्यवस्था की गई। नवनिर्मित कक्ष के निर्माण में सहयोग करने वालों की सराहना कर आभार जताया। संस्था सचिव पदम सिंह भाटी ने आभार जताया।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या:** एस.एण्ड.टी/बी.के.एन-2026-27-23R, **कार्य का नाम व स्थान:** "बीकानेर डिवीजन के अंतर्गत एसएसई/सिग/हनुमानगढ के अधिकार क्षेत्र में आने वाले , एमएनजीआर, केईएसआर, एनएचआर, एपीएच और एसबीएनआर स्टेशनों पर ट्रैक मशीन सहडिंग के प्रावधान से संबंधित संकेत एंव दूरसंचार से जुड़े बाहरी कार्य और एनएचआर, एपीएच और एसबीएनआर स्टेशनों पर ट्रैक मशीन सहडिंग के प्रावधान से संबंधित ईआई परिवर्तन सहित आंतरिक कार्य, **अनुमानित लागत मूल्य रू.: ₹29301807.67, Bid Security: ₹586000.00, निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय:** Up to 15.00 Hrs. of 08.12.2026, **वेबसाइट जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता है:** www.ireps.gov.in 1633-PS/26

हमें NWRailways NWRailways पर फॉलो करें

कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी पलसाना, (सीकर)

क्रमांक :-/2026/186 दिनांक : 16.11.2026

खुली निविदा सूचना सं-05/2026-27

कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी पलसाना सीकर में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु दवाईयो की अनुमानित राशि 950000 /- रुपए क्रय हेतु पंजीकृत फर्मो से मोहर बंद कर खुली निविदाएं आर्मंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 16.11.2026 से 23.11.2026 12.00 बजे तक फॉर्म विक्रय किये जाकर इसी दिन दोपहर 12.00 बजे तक जमा किये जायेगे तथा 12.00 बजे बाद प्राप्त निविदाये खोली जावेगी। विस्तृत जानकारी एवं शर्त विभागीय साईट **http://sppp.rajasthan.gov.in** पर व कार्यालय समय मे आकर देखी जा सकती है।

NIB No.:- MHS2627A3274, UBN No. MHS2627GS0B04387

डीआईपीआर/सी/18435/2026 (डॉ. नितेश कुमार शर्मा) ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी पलसाना (सीकर)

कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, संभाग प्रथम जोधपुर

क्रमांक :- 7410 दिनांक : 06.11.2026

बोली संशोधन सूचना-2 (बोली सूचना संख्या 12/2026-27)

NIB Code No.PWD2627A2925

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा सूचना संख्या 12/2026-27 दिनांक 24.09.2026 में अंकित समस्त कार्यो की ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत किये जाने की दिनांक 27.11.2026 सायं 6.00 बजे तक अपरिहार्य कारणों से बढाई जाती है एवं तकनीकी निविदा 30.11.2026 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी। निविदा में वर्णित अन्य सभी शर्तें यथावत रहेगी।

UBN No. 1. PWD2627WLOB13134, 2. PWD2627WLOB13135

डीआईपीआर/सी/18321/2026 (विनीत गुप्ता) अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, सा.नि.वि. संभाग प्रथम, जोधपुर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियोजन/2026/1446-1447 दिनांक 13.11.2026

विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 4/5 के किला नं. 20,21 के भूखण्ड क्षेफल 65'-9" × 207'-6" + 60'-0" × 120'-0" Feet का आवासीय फ्री होल्ड पट्टा संख्या 24818 दिनांक 07.03.2024 द्वारा श्री पवन वधवा पुत्र श्री भजन लाल वधवा के नाम से न्यास द्वारा जारी है। आवेदक/पट्टाधारक द्वारा उक्त भूखण्ड का आवासीय से वाणिज्यिक भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 अनुसार एवं जोनल प्लान अनुसार प्रश्नगत क्षेत्र का भू-उपयोग सड़क के सहारे- सहारे सड़क चौड़ाई का 1.5 गुणा भाग मिश्रित एवं शेष भाग आवासीय हेतु आरक्षित है। आवेदित भूखण्ड को दक्षिण दिशा से मास्टर प्लान की 115 फीट चौड़ी एस.एस.बी. सड़क से पहुँच मार्ग प्राप्त है। उपरोक्त वर्णित आवासीय रूपान्तरित भूखण्ड का नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर की अधिसूचना राजकाज रैफ11098784 दिनांक 14.10.2024 (DPCR) एवं राजकाज रैफ 11611406 दिनांक 06.11.2024 अनुसार भूखण्ड क्षेत्रफल 65'-9" × 207'-6" + 60'-0" × 120'-0" Feet/20843.125 Sq. Feet का आवासीय रूपान्तरित से मिश्रित (वाणिज्यिक) प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

- प्रभारी अधिकारी सहायक नगर नियोजक नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांकः नियमन/2026/9098 दिनांक : 17.11.2026

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती संतोष देवी बंसल पत्नी स्व. श्री जोगेन्द्र पाल बंसल निवासी म.न. 114, एलआईसी कॉलोनी, श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूमि का विवरण	मूल भूखंडधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं० 32 किला नं० 14, 15 में माप 293.3 वर्गगज भूखण्ड संख्या ए-114 एलआईसी कॉलोनी, श्रीगंगानगर	उक्त भूखण्ड का पट्टा संख्या 13755 दिनांक 11.02.2022 को श्री जोगेन्द्र पाल बंसल पुत्र श्री चेतराम के नाम से न्यास रिकॉर्ड में दर्ज है।	श्री जोगेन्द्र पाल बंसल की मृत्यु दिनांक 27.02.2025 को होने के उपरान्त श्रीमती संतोष देवी द्वारा पंजीकृत इक त्याग पत्र दिनांक 28.03.2025 की प्रति एवं अपने स्वामित्व के दस्तावेजों सहित कार्यालय में उक्त भूखण्ड का नामान्तरण अपने नाम से दर्ज करवाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में **श्रीमती संतोष देवी बंसल पत्नी स्व. श्री जोगेन्द्र पाल बंसल निवासी म.न. 114, एलआईसी कॉलोनी, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा नियत हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या - SGNR/FY26-27/MUT/964 प्रभारी अधिकारी नियमन शाखा, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांकः नियमन/2026/9097 दिनांकः 17-11-2026

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती आरती सैन पत्नी श्री जमन लाल सैन निवासी प्लॉट नं. 4 ए, सोहन नगर, मानसरोवर जयपुर, श्रीमती रुचि सैन पत्नी श्री मनोज कुमार निवासी जैनियो का मोहल्ला, बीगाउ तहसील मौजमाबाद, बीराज, जयपुर एवं श्री सत्यनारायण सैन पुत्र श्री शीतलमल सैन निवासी 1/239 हाउसिंग बोर्ड, श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण		
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	मृत्यु प्रमाण पत्र एवं विवरण	वाजब वारिसों का विवरण	दस्तावेज का विवरण
चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं० 20/21 के किला सं. 17 भूखण्ड माप 15 इन्द्र 20 फीट भूखण्ड संख्या डी-37 पोट भी शिव नगर	नियमन पट्टा संख्या 3048 दिनांक 15.02.2013 को श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नी श्री सत्यनारायण के नाम जारी किया हुआ है। जो कि आज की तिथि में इन्हीं के नाम से दर्ज है।	श्रीमती शकुन्तला सैन की मृत्यु दिनांक 26.03.2026 को हो चुकी है।	1 सत्यनारायण सैन-पति 2 आरती सैन- पुत्री 3 रुचि जैन- पुत्री	श्रीमती शकुन्तला सैन की मृत्यु उपरान्त इनके वारिसों द्वारा पट्टे व वारिस प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में श्रीमती आरती सैन पत्नी श्री जमन लाल सैन निवासी प्लॉट नं. 4 ए, सोहन नगर, मानसरोवर जयपुर, श्रीमती रुचि सैन पत्नी श्री मनोज कुमार निवासी जैनियो का मोहल्ला, बीगाउ तहसील मौजमाबाद, बीराज, जयपुर एवं श्री सत्यनारायण सैन पुत्र श्री शीतलमल सैन निवासी 1/239 हाउसिंग बोर्ड, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज / फ्री लीज होल्ड पट्टे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति / उजर / दावा नियत हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास / हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति / उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- 904

- प्रभारी अधिकारी नियमन शाखा, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

11 क्यू बख्ताना में सुमन सहारण ने 116 वोटों से दर्ज की जीत, सहारण परिवार में फिर लौटी सरपंच की जिम्मेदारी

सीमा सन्देश# मिर्जेवाला। ग्राम पंचायत 11 क्यू बख्ताना में पंचायत चुनाव को लेकर सरपंच पद पर चार प्रत्याशियों के बीच रोचक मुकाबला देखने को मिला। मतगणना के बाद सुमन सहारण धर्मपत्नी अग्रसेन स

न्यूज इन ब्रीफ

तनिष्का राजस्थान वॉलीबाल टीम में चयनित



सीमा सन्देश# संगरिया। के.आर. कॉन्वेंट स्कूल की कक्षा आठ की छात्रा तनिष्का पुत्री संजय कालीराणा व अरूणा रानी का राजस्थान वॉलीबाल टीम छात्रा 14 वर्षीय में चयन हुआ। निदेशक अमन शर्मा ने बताया कि तनिष्का का चयन राष्ट्रीय स्तरीय पूर्व प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ। शिविर में भी तनिष्का ने अपने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया जिसके फलस्वरूप शिरड़ी, महाराष्ट्र में होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में चयन हुआ। सचिव राजेश गोदारा, संदीप गोदारा. पीटीआई रामसिह, भीम सिहाग, प्रहलाद सिह, समस्त स्टाफ व विद्यार्थियों ने तनिष्का को राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। दादा छोटू राम कालीराणा ने बताया कि तनिष्का ने कभी ग्राउंड नही छोड़ा, सुबह जल्दी उठना, कड़ा अभ्यास करना व अच्छा खाना इसी अनुशासित दिनचर्या का परिणाम है कि आज तनिष्का ने हमारे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

चार दिन से लापता युवक की तलाश

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन थाना पुलिस ने 14 नवम्बर की देर शाम से लापता 25 वर्षीय युवक फूल बाबू की तलाश के लिए इश्तहार जारी किया है। पुलिस के अनुसार युवक 14 नवम्बर की देर शाम करीब 7.30 बजे 100 फुटी रोड बाइपास, टाउन स्थित अपने घर से बिना किसी को बताए कहीं चला गया। इसके बाद से वह वापस नहीं लौटा है। लापता युवक की पहचान फूल बाबू (25) पुत्र विश्वनाथ साहनी के रूप में हुई है। परिजनों ने रिश्तेदारी सहित अन्य संभावित स्थानों पर तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि युवक के संबंध में कोई जानकारी मिलने या दिखाई देने पर टाउन थाना पुलिस अथवा परिजनों को सूचित करें।

लालगढ़ होटल पर एक लाख की शास्ति

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जयपुर रोड स्थित लालगढ़ होटल एंड रेस्टोरेंट पर अमानक दही बेचने के मामले में न्याय निर्णयन अधिकारी एवं एडीएम उम्मेदी लाल मीना ने एक लाख रुपए की शास्ति अधिरोपित की है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने 23 फरवरी 2024 को प्रतिष्ठान से दही का नमूना लेकर जांच के लिए बीकानेर प्रयोगशाला भेजा था। जांच में दही अमानक पाया गया। विक्रेता को पुनः जांच का अवसर दिया गया, लेकिन निर्धारित समय में आवेदन नहीं किया गया। दस्तावेजों और प्रयोगशाला रिपोर्ट के आधार पर एडीएम ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 51 के तहत कार्रवाई करते हुए एक माह में जुमार्ना जमा करवाने के निर्देश दिए हैं।

30 दिन में अभ्यावेदन पर निर्णय और स्वच्छता व्यवस्था सुधारने के दिए थे निर्देश, कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में बढ़ा आक्रोश

हाईकोर्ट के आदेश भी बेअसर! सफाई और जल निकासी की समस्या जस की तस

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। गांव कालीबंगा में जल निकासी और सफाई व्यवस्था की बदहाली से ग्रामीणों को राहत नहीं मिल रही है। हैरानी की बात है कि राजस्थान हाईकोर्ट के स्पष्ट निदेर्शों के बावजूद गांव के हालात में कोई सुधार नहीं हुआ है। न्यायालय ने संबंधित अधिकारी को 30 दिनों के भीतर ग्रामीणों के अभ्यावेदन पर निर्णय लेने और स्वच्छता व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए थे, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही। गौरतलब है कि गांव कालीबंगा निवासी सुनील कुमार पुत्र लालचंद ने जल निकासी और स्वच्छता व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर राजस्थान हाईकोर्ट में सिविल रिट याचिका दायर की थी।



न्यायालय तक पहुंची समस्या, फिर भी राहत का इंतजार

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रमेश कुमार ने न्यायालय को बताया था कि समस्या के समाधान के लिए जिला परिषद हनुमानगढ़ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को अभ्यावेदन दिया गया था, लेकिन संबंधित अधिकारियों ने उस पर कोई निर्णय नहीं लिया। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश संजय के अग्रवाल एवं न्यायाधीश बलजिंद्र सिंह संधू की खंडपीठ ने 14 अक्टूबर 2026 को आदेश जारी कर जिला परिषद सीईओ को अभ्यावेदन प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर उस पर विचार कर निर्णय लेने तथा गांव में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के लिए उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। ग्रामीणों का कहना है कि न्यायालय के आदेश के बावजूद गंदगी और अव्यवस्थित जल निकासी की समस्या बनी हुई है। इससे आमजन को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने जिला कलक्टर और जिला परिषद सीईओ से तत्काल हस्तक्षेप कर जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करवाने और नियमित सफाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

22 से पल्स पोलियो अभियान, पांच वर्ष तक के बच्चों को पिलाएंगे दवा

जिला कलक्टर ने ली जिला टास्क फोर्स की बैठक, माइक्रोप्लान तैयार कर विभागों को समन्वय से कार्य करने के दिए निर्देश

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पिछले पल्स पोलियो अभियान में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आगामी पल्स पोलियो अभियान की तैयारियां तेज कर दी हैं। जिले में रविवार, 22 नवम्बर को आयोजित होने वाले अभियान के तहत पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाई जाएगी। अभियान की तैयारियों एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव की अध्यक्षता में मंगलवार शाम 5 बजे जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अभियान का माइक्रोप्लान जल्द तैयार कर जिला स्तर पर प्रस्तुत करे। जिला स्तर से गठित टीम माइक्रोप्लान का सत्यापन कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित करे, ताकि अभियान के दौरान किसी भी स्तर पर व्यवस्थाओं में कमी नहीं रहे।



प्रचार-प्रसार को लेकर दिए निर्देश

बैठक में सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा, आरसीएचओ डॉ. सुनील विद्यार्थी, आईसीडीएस से प्रवेश सोलंकी, पंचायती राज विभाग से एसीओ सुनील छाबड़ा, जिला अस्पताल से डॉ. रिपुदमन सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. मुकेश शेखावत, शिक्षा विभाग से एडीईओ रणवीर सहू एवं एडीईओ प्रेम कुमार के अधिकारी, हनुमानगढ़ बीसीएमओ कुलदीप सिंह बराड़, जितेन्द्र सिंह राठौड़, सुदेश कुमार, कृष्ण टाक सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव ने निर्देश दिए कि समस्त बीसीएमओ अपने-अपने खंड में संबंधित एसडीएम के निर्देशन में बैठक आयोजित कर अभियान के प्रचार-प्रसार की प्रभावी कार्ययोजना बनाएं। आमजन को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रचार माध्यमों का उपयोग करने के साथ ही मंदिरों, मस्जिदों एवं धर्मगुरुओं के माध्यम से भी अपील जारी करवाई जाए।

प्रवासी परिवारों के बच्चों पर रहेगा विशेष फोकस

कलक्टर डॉ. खुशाल यादव ने अभियान के दौरान घुमंतू एवं प्रवासी परिवारों के बच्चों तक विशेष रूप से पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गाडिया लुहार, मनिहार, पत्थर तराशने वाले मजदूर, भवन निर्माण श्रमिकों तथा ईंट-भट्टों पर कार्यरत श्रमिक परिवारों के बच्चों को चिह्नित कर पोलियोरोधी खुराक पिलाई जाए। ऐसे परिवारों के अस्थायी निवास एवं कार्यस्थलों तक पहुंचकर यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक पीने से वंचित न रहे। अभियान का उद्देश्य जिले के प्रत्येक पात्र बच्चे तक पहुंचकर उसे पोलियो से सुरक्षा प्रदान करना है।

जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्य पदों की मतगणना 20 नवम्बर को होगी

अभ्यर्थियों और गणना अभिकर्ताओं के लिए जारी किए महत्वपूर्ण निर्देश

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों की मतगणना 20 नवम्बर को सुबह 8 बजे से राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, संगरिया बाइपास रोड, हनुमानगढ़ जंक्शन में होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों, अभ्यर्थियों एवं निर्वाचन अभिकताओं के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निदेर्शों के अनुसार मतगणना भवन में प्रवेश पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के मुख्य द्वार से होगा। यहां से करीब 200 मीटर पैदल चलकर कॉलेज पहुंचना होगा। मतगणना स्थल पर मोबाइल फोन ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। संगरिया-रावतसर, पल्लू-टिब्बी, पीलीबंगा-हनुमानगढ़ जंक्शन, भादरा-राजपुरा 8 बीएचडी तथा नोहर-हनुमानगढ़ टाउन के लिए अलग-अलग साझा प्रवेश द्वार निर्धारित किए गए हैं। मतगणना कक्ष में केवल संबंधित जोन के अभ्यर्थियों एवं अभिकताओं को प्रवेश मिलेगा। अन्य जोन के अभ्यर्थियों के लिए प्रतीक्षा स्थल की व्यवस्था रहेगी।



सहा. रिटर्निंग अधिकारी करेंगे घोषणा

संबंधित जोन की बारी आने पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी घोषणा करेंगे तथा प्रत्येक राउंड के बाद प्राप्त मतों की जानकारी दी जाएगी। गणना अभिकताओं की नियुक्ति के लिए जिला कलक्ट्रेट के कक्ष संख्या 213 में प्रारूप-10 में आवेदन करना होगा। आवेदन दो प्रतियों में पासपोर्ट फोटो सहित मतगणना से कम से कम दो दिन पहले जमा करवाना अनिवार्य है। पहचान बैज के आधार पर ही प्रवेश मिलेगा। अभिकताओं को आवंटित टेबल पर बैठना होगा तथा कक्ष छोड़ने के बाद दोबारा प्रवेश नहीं मिलेगा। मतगणना के दौरान धूम्रपान प्रतिबंधित रहेगा। अधिकारियों के निदेर्शों की अवहेलना या अनुचित व्यवहार करने पर संबंधित व्यक्ति को बाहर किया जा सकेगा।

महाआरती के साथ श्रीमद्भागवत कथा का समापन

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जंक्शन स्थित दुर्गा मंदिर धर्मशाला में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का मंगलवार को महाआरती एवं भंडारे के साथ समापन हुआ। कथावाचक स्वामी शंकरानंद महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए भक्ति, प्रेम, सेवा और सद्कर्म का संदेश दिया। कथा के दौरान श्रद्धालु भजनों और जयकारों के साथ भक्ति में लीन रहे। समापन पर श्रद्धालुओं ने महाआरती में भाग लेकर सुख-समृद्धि की कामना की तथा भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में श्रीराम शरणम्-आश्रम, श्री राम प्रभात फेरी एवं सेतिया परिवार का सहयोग रहा।

घायल गोवंश को मिलेगी त्वरित उपचार सुविधा

हनुमानगढ़। गोपाष्टमी पर श्री कृष्ण गोसेवा सुंदरकांड मंडल की ओर से श्री कृष्ण गोसेवा आश्रम को गोवंश के उपचार के लिए एम्बुलेंस भेंट की गई। एम्बुलेंस शहर एवं आसपास के 20 से 25 किलोमीटर क्षेत्र में बीमार और घायल गोवंश को उपचार उपलब्ध करवाएगी।

गौड़ ब्राह्मण महासभा में दिखी एकजुटता, जनप्रतिनिधियों का किया गया सम्मान

समाज की एकता, संगठन और भाईचारे का दिया संदेश





सीमा सन्देश # नोहर। श्री गौड़ ब्राह्मण महासभा संस्था, नोहर की ओर से रविवार को दीपावली स्नेह मिलन समारोह उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह में समाज की एकता, संगठन और आपसी भाईचारे का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं समाज की प्रतिष्ठित हस्तियों का सम्मान किया गया। समारोह में वार्ड पार्षद सुंदर महर्षि, रवि पंडा, सपना महेश कौशिक तथा ग्राम पंचायत मंदरपुरा की सरपंच उर्मिला शर्मा का पुष्पमाला पहनाकर एवं भगवान परशुराम का स्मृति चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में उप जिला चिकित्सालय के पीएमओ डॉ. हंसराज शर्मा, महेंद्र मिश्रा, तेज प्रताप शर्मा, रितु अनिल शर्मा, सुभाष इंदोरिया, संस्था अध्यक्ष हरीश शर्मा, सचिव सुशील शर्मा, महेश शर्मा एवं बिहारी लाल चोमवाल ने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने समाज को संगठित एवं एकजुट रहने का आह्वान करते हुए कहा कि सामाजिक एकता और प्रगति के लिए ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण हैं। इनसे समाज के लोगों को आपस में जुड़ने तथा नई पीढ़ी को संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों से परिचित कराने का अवसर मिलता है। वक्ताओं ने सामाजिक सहयोग, आपसी सद्भाव और संगठन की मजबूती को समाज के विकास का आधार बताते हुए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया।

आरजीएचएस योजना में सुधार की उठाई मांग

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा हनुमानगढ़ टाउन की पाक्षिक बैठक मंगलवार को पेंशनर भवन में आयोजित हुई। बैठक में आरजीएचएस योजना की वर्तमान स्थिति पर चिंता जताते हुए शीघ्र सुधार की मांग उठाई गई। इस दौरान सेवानिवृत्त एमपीडब्ल्यू रोहिताश ने समाज की सदस्यता ग्रहण की, जिनका स्वागत किया गया। सदस्यों ने दिवंगतों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। वहीं, पेंशनरों को लाइफ सर्टिफिकेट के फार्म वितरित कर आवश्यक प्रमाणन करवाने के बाद पेंशनर भवन में जमा करवाने के निर्देश दिए गए। बैठक में समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

गोपाष्टमी पर गोसेवा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

79वां गोपाष्टमी पर्व श्रद्धा से मनाया, नवनिर्मित गो विश्राम गृह का लोकार्पण

सीमा सन्देश # भादरा। सिद्ध श्री गौशाला समिति के तत्वावधान में पुरानी गौशाला परिसर में 79वां गोपाष्टमी पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष मांगीलाल गोयल ने गौसेवा को भारतीय संस्कृति और सामाजिक संस्कारों का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि गौमाता की सेवा एवं संरक्षण हम सभी का सामूहिक दायित्व है। गौशालाओं की व्यवस्थाओं और विकास के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। उन्होंने गौसेवा के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी नैतिक जिम्मेदारी बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोविंद राम सर्राफ ने परिवार सहित मुख्य गोपूजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित सीताराम शास्त्री के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन से हुआ। गौभक्तों ने हवन में आहुतियां देकर गौमाता की सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की। इस अवसर पर गौशाला परिसर में नवनिर्मित गौ विश्राम गृह का लोकार्पण किया गया।



पौधारोपण कर लिया देखभाल का संकल्प

इसका निर्माण स्वर्गीय गोदावरी देवी एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष स्वर्गीय पूनमचंद गिदड़ा की पुण्यस्मृति में समाजसेवी बलवंत गिदड़ा फाउंडेशन की ओर से करवाया गया है। कार्यक्रम के दौरान पालिकाध्यक्ष मांगीलाल गोयल सहित अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर बृजलाल खोखेवाला, उमेश गर्ग, श्याम सुंदर बंसल, मनोज खदरिया, अंकुर सर्राफ, टेकचंद सिंधी, जयराम सिंधी, मोतीलाल सर्राफ, सुभाष जोगीवाला, जितेंद्र बंसल, अरविंद चाचान, शंकर महीपाल, मनोज राजगड़िया, पवन लोहारीवाला, राधेश्याम गोलियन, नंदलाल गोयनका, प्रभुराम स्वामी एवं वैभव साचान सहित अनेक गौभक्त मौजूद रहे।

भक्तिमय हुआ सिद्धेश्वर सुन्दरकाण्ड बालाजी धाम, भजनों और जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

प्रभु श्रीराम के आदर्शों और भक्ति की महिमा का किया गुणगान





सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन की आदर्श कॉलोनी स्थित श्री सिद्धेश्वर सुन्दरकाण्ड बालाजी धाम में आयोजित दिव्य श्रीराम कथा एवं श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के तीसरे दिन रविवार को ऋषिकेश से पधारे कथा वाचक पूज्य गोविंद दास महाराज ने श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का रसपान करवाया। उन्होंने भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र, आदर्शों, मर्यादा, त्याग और भक्ति की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया। प्रवचनों में गोविंद दास महाराज ने कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन मानव समाज को आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देता है। भगवान श्रीराम ने जीवन की प्रत्येक परिस्थिति में मर्यादा, सत्य, त्याग, धैर्य और कर्तव्य को सर्वोपरि रखा। उनके जीवन चरित्र से सीख मिलती है कि विपरीत परिस्थितियों में भी मनुष्य को अपने धर्म और कर्तव्य के मार्ग से विचलित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राम कथा केवल सुनने का विषय नहीं है, बल्कि इसके प्रत्येक प्रसंग को अपने जीवन में आत्मसात करना ही सच्ची भक्ति है। प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर व्यक्ति अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर सकता है। महाराज ने श्रद्धालुओं को नियमित रूप से राम नाम का स्मरण करने, प्रभु के प्रति अटूट विश्वास रखने तथा जीवन में सेवा, सद्भाव और परोपकार की भावना विकसित करने का संदेश दिया। कथा के दौरान भजनों और श्रीराम के जयकारों से मंदिर परिसर गूंजता रहा। श्रद्धालु कथा प्रसंगों को सुनकर भावविभोर नजर आए।

उमड़ रहे श्रद्धालु

धार्मिक महोत्सव के अंतर्गत मंदिर परिसर में प्रतिदिन 108 हनुमान चालीसा एवं संकट मोचन पाठ का सामूहिक आयोजन किया जा रहा है। इसमें श्रद्धालु पूरे उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ भाग लेकर हनुमान जी की आराधना कर रहे हैं। वहीं वैदिक कायाकल्प परिवार के तत्वावधान में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ भी वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ निरंतर जारी है। यज्ञ में श्रद्धालु आहुतियां अर्पित कर परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। आयोजन के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसके बाद शाम 6 बजे काशी की विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती की तर्ज पर गंगा आरती आयोजित की जा रही है।

पीएमश्री स्कूलों सहित 32 विद्यालयों में होगा विद्यार्थी आंकलन

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में आईएफआईसी प्रभाग के सानिध्य में मंगलवार को पीएमश्री विद्यार्थी आकलन के लिए एफआई प्रशिक्षण 2026-27 का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिले के चयनित 32 विद्यालयों में 19 व 20 नवम्बर को होने वाले विद्यार्थी आकलन की प्रक्रिया और व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। एमटी रामावतार एवं जगदीश नेहरा ने करीब 128 एफआई को प्रशिक्षण प्रदान किया। आरएससीईआरटी के निर्देशानुसार इस आकलन के लिए जिले के 16 पीएमश्री विद्यालयों के साथ 16 अन्य विद्यालयों का चयन किया गया है। इन विद्यालयों में विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर का आकलन कर दोनों श्रेणियों के विद्यालयों का तुलनात्मक अध्ययन किया जाएगा। प्रत्येक विद्यालय में कक्षा 2, 3 एवं 5 के अधिकतम 10 विद्यार्थियों का आकलन किया जाना प्रस्तावित है। आकलन कार्य के लिए प्रत्येक विद्यालय में 19 नवम्बर को तीन एफआई तथा 20 नवम्बर को एक एफआई नियुक्त किया जाएगा।

किसानों को कतारों से मिलेगी मुक्ति

सहकारी समिति से उपलब्ध होगी डीएपी खाद

सीमा सन्देश # पीलीबंगा/18 एसपीडी। पंचायत पण्डितांवाली में किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर है। रबी सीजन में गेहूं की बिजाई के लिए अब स्थानीय किसानों को डीएपी खाद लेने के लिए लंबी कतारों में नहीं लगना पड़ेगा। ग्राम सेवा सहकारी समिति के माध्यम से खाद की सुगम और पर्याप्त उपलब्धता होने से किसानों ने राहत की सांस ली है। सहकारी समिति परिसर में खाद वितरण के दौरान सरपंच सुलोचना जाखड़ के प्रतिनिधि नरसाराम जाखड़ ने कहा कि क्षेत्र के अन्नदाताओं को बिजाई के समय किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो, यह ग्राम पंचायत और सहकारी समिति की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि उच्च अधिकारियों और सहकारिता विभाग से समन्वय कर समय पर खाद की खेप मंगवाई गई है, ताकि समिति के माध्यम से प्रत्येक पात्र किसान को बिना भागदौड़ और लंबी प्रतीक्षा के पारदर्शी तरीके से खाद मिल सके। समय पर खाद उपलब्ध होने से क्षेत्र में गेहूं की बिजाई का कार्य तेजी से पूरा हो सकेगा। सुव्यवस्थित वितरण व्यवस्था पर स्थानीय किसानों ने ग्राम पंचायत प्रशासन और ग्राम सेवा सहकारी समिति का आभार व्यक्त किया।



भगवत सिंह ढिल्लों बने के सरपंच



सीमा सन्देश # तलवाड़ा झील। ग्राम पंचायत तलवाड़ा झील में सरपंच पद के चुनाव में भगवत सिंह ढिल्लों ने 2545 मत प्राप्त कर निकटतम प्रतिद्वंद्वी डॉ. छबेग सिंह (2236) को 309 मतों से हराया। चुनाव में कुल पांच प्रत्याशी मैदान में थे। वहीं उपसरपंच चुनाव में माया देवी ने 17 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। समीना बेगम को 4 मत मिले, जबकि विक्रम कुमार और दिलीप कौर को कोई मत नहीं मिला। निर्वाचन के बाद नवनिर्वाचित सरपंच भगवत सिंह ढिल्लों और उपसरपंच माया देवी का शपथ समारोह आयोजित हुआ। ग्रामीणों ने दोनों को बधाई दी।

संगरिया : 27 ग्राम पंचायतों में हुए सरपंची के चुनाव, कई बड़े नाम हुए पराजित. लीलावाली गांव में हुई सबसे बड़ी जीत

कहीं कांटे की टक्कर तो कहीं बड़े अंतर से जीत, हरिपुरा में मात्र 3 वोटों से हुआ फैसला

सीमा सन्देश# संगरिया। पंचायत समिति क्षेत्र में 27 ग्राम पंचायतों में हुए सरपंच चुनाव के परिणामों में इस बार कई दिलचस्प मुकाबले देखने को मिले। कहीं प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर रही तो कहीं विजयी प्रत्याशियों ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की। चुनाव परिणामों में सबसे रोचक मुकाबला हरिपुरा ग्राम पंचायत में रहा, जहां करनैल सिंह ने मात्र 3 मतों के अंतर से जीत हासिल की। करनैल सिंह को 1955 वोट मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी रणजीत सिंह को 1952 मत प्राप्त हुए। वहीं सबसे बड़े अंतर से जीत दर्ज करने वालों में लीलांवाली के वीरपाल कौर रहे। उन्होंने 1426 मतों के अंतर से जीत हासिल की। अमरपुरा जालू में रामेती देवी ने 1304 मतों तथा रतनपुरा में शिवनारायण गोदारा ने 1344 मतों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। रासूवाला में सर्वजीत सिंह 846 मतों से विजयी रहे।









इन ग्राम पंचायतों में यह बने सरपंच

चुनाव परिणामों के अनुसार फतेहपुर में प्रकाशचन्द्र, हरिपुरा में करनैल सिंह, किशनपुरा उतरादा में ज्योति, भाखरांवाली में पूनम, 14 एम.के.एस. (शेरगढ़) में रवि कुमार, चक हीरासिंहवाला में राजपाल कौर, नगराना में सुमन, नाथवाना में गुरविन्द्र कौर, भगतपुरा में चरणजीत कौर, इंदरगढ़ में सिमरन, किकरवाली में शकील, शाहपीनी में करनपाल सिंह, इंदरपुरा में ममता, अमरपुरा जालू में रामेती देवी, मलारामपुरा में निहाल चन्द, ढाबां में समेरस्ता, मोरजंड सिखान में करणी सिंह, जंडवाला सिखान में सुखजीत कौर, सिंहपुरा में बलविन्द्र सिंह, रासूवाला में सर्वजीत सिंह, लीलांवाली में वीरपाल कौर, नुकेरा में अंकुश गोदारा, बोलांवाली में अल्का, मानकसर में जयसूर्या, दीनगढ़ में कृतिका चौधरी, रतनपुरा में शिवनारायण गोदारा तथा संतपुरा में अमरपाल सिंह ने सरपंच पद पर जीत दर्ज की।

कई पंचायतों में रहा रोचक मुकाबला

चुनाव परिणामों पर नजर डालें तो किशनपुरा उतरादा में ज्योति ने 35 मतों, मानकसर में जयसूर्या ने 32 मतों और दीनगढ़ में कृतिका चौधरी ने 66 मतों के अंतर से जीत हासिल की। वहीं शाहपीनी में करनपाल सिंह 518, संतपुरा में अमरपाल सिंह 530, मलारामपुरा में निहाल चन्द 598 तथा बोलांवाली में अल्का 769 मतों के अंतर से विजयी रहे। पूरे क्षेत्र में मतदान एवं मतगणना की प्रक्रिया शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

उपखंड अधिकारी जय कौशिक ने शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग देने के लिए क्षेत्र के समस्त नागरिकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने निर्वाचन एवं मतगणना कार्य में समर्पण और जिम्मेदारी के साथ योगदान देने वाले समस्त पंचायत रिटर्निंग अधिकारी, पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों , सेक्टर अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों एवं जवानों, राजस्व अधिकारी व कार्मिक, मतदान एवं मतगणना दल, नियंत्रण कक्ष, प्रगणकों, पंचायतीराज कार्मिकों तथा सहयोगी कर्मचारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। तहसीलदार मोनिका बंसल ने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों, अनुशासन एवं सहयोग से यह महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक दायित्व सफलतापूर्वक पूरा हुआ।

प्रवीणा जगदीश मेघवाल ने 357 वोटों से दर्ज की जीत, जसवंत ऐचरा बने उपसरपंच



सीमा सन्देश # मिर्जावाली मेर। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत चौथे चरण में शामिल ग्राम पंचायत मिर्जावाली मेर में सोमवार को सरपंच पद के लिए मतदान करवाया गया। मतगणना के बाद प्रवीणा जगदीश मेघवाल ने 357 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। प्रवीणा जगदीश मेघवाल को कुल 1711 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी लुणाराम को 1354 मत मिले। ग्राम पंचायत मिर्जावाली मेर में कुल 5431 मतों में से 4810 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। देर रात्रि को चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विजयी प्रत्याशी के खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई। रिटर्निंग अधिकारी दौलतराम ने प्रवीणा जगदीश मेघवाल को प्रमाण पत्र देकर सरपंच पद पर निर्वाचित होने की घोषणा की। वहीं, मंगलवार को हुए उपसरपंच पद के चुनाव में जसवंत ऐचरा विजयी रहे।

तीन ग्राम पंचायतों में उपसरपंच चुने



सीमा सन्देश # टोपरियां। पंचायतीराज चुनाव के चौथे चरण के तहत मंगलवार को तीन ग्राम पंचायतों में उपसरपंच पद के चुनाव करवाए गए। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी सरपंचों और पंचों को शपथ दिलाई गई तथा नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। उपसरपंच चुनने के लिए नवनिर्वाचित सरपंचों और पंचों की बैठक आयोजित की गई। इसके बाद चुनाव परिणाम घोषित किए गए। बूथों के आरओ और नोडल अधिकारियों ने चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाई। ग्राम पंचायत टोपरियां में सुंदर देवी सरपंच चुनी गईं, जबकि सतार खान को सभी पंचों ने निर्विरोध उपसरपंच चुना। इसी प्रकार बुधवालिया में अमित कुमार गोदारा सरपंच बने तथा किरण को निर्विरोध उपसरपंच चुना गया। वहीं, 25 आरडब्ल्यूडी ग्राम पंचायत में इंद्रावती सहारण सरपंच चुनी गईं। यहां उपसरपंच पद के चुनाव में सुनील कुमार मोठसरा को 4 वोट मिले, जबकि दूसरे उम्मीदवार सुनील को 3 वोट प्राप्त हुए। इस तरह मोठसरा ने एक वोट से जीत दर्ज कर उपसरपंच पद हासिल किया।

थालड़का में माया गौड़ सरपंच निर्वाचित



सीमा संदेश # थालड़का। पंचायती राज चुनाव-2026 के तहत ग्राम पंचायत थालड़का में माया गौड़ ने सरपंच पद पर 246 मतों से जीत दर्ज की। सोमवार रात 11:30 बजे परिणाम घोषित होते ही समर्थकों ने गुलाल उड़ाकर और आतिशबाजी कर जश्न मनाया। वहीं मंगलवार को पालाराम उर्फ मनीष वर्मा निर्विरोध उपसरपंच निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित सरपंच ने बिना भेदभाव सभी ग्रामीणों को साथ लेकर गांव के विकास और मूलभूत सुविधाओं में सुधार का भरोसा दिलाया।

मंजू बीरट, बलवीर जांगिड़, मनीषा भाकर बने सरपंच, पहली बार मतदान को लेकर युवाओं में दिखा उत्साह

मम्मड़खेड़ा, सरदारपुरा जीवन व मोरजंडखारी में 86% मतदान

सीमा सन्देश # सरदारपुरा जीवन। क्षेत्र की ग्राम पंचायत मम्मड़खेड़ा, सरदारपुरा जीवन एवं मोरजड़ खारी में पंचायतीराज चुनाव के तहत मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। तीनों पंचायतों में कुल 86 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला और मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान प्रक्रिया सुबह 7 बजे शुरू हुई, जो शाम 6 बजे तक जारी रही। तीनों ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए कुल 15 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। मतदान संपन्न होने के साथ ही सभी प्रत्याशियों का राजनीतिक भविष्य मतपेटियों में बंद हो गया।मोरजड़ खारी मतदान केंद्र पर पहली बार मतदान करने पहुंचे युवा मतदाता मनीष और एकता ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि पहली बार मतदान कर लोकतंत्र का हिस्सा बनने और अपने गांव की सरकार चुनने का अवसर मिला है। यह हमारे लिए बेहद खुशी और गर्व का पल है। उन्होंने कहा कि मतदान के माध्यम से गांव के विकास के लिए बेहतर जनप्रतिनिधि चुनने का मौका मिलता है। रात्रि लगभग 12 बजे चुनाव परिणाम मिलने शुरू हो गए थे।सबसे पहले। मम्मड़खेड़ा पंचायत का परिणाम जारी हुआ जिसमें मंजू बीरट ने सरोज को 890 मतों से हराया सरदारपुरा जीवन पंचायत से बलवीर जांगिड़ ने धर्मपाल सहारण को 218 मतों से हराया।



मोरजड़ खारी पंचायत से मनीषा भाकर ने जसवीर कौर को 79 मतों से पराजित किया चुनाव जीतने वाले सरपंच प्रत्याशीयो में काफी खुशी देखने को मिली मंगलवार को उपसरपंच का चुनाव हुआ जिसमें सरदारपुरा जीवन मोरजड़ खारी ममड़खेड़ा पंचायत में क्रमशः कालूराम सेवटा अजायब सिंह बवलदीप को उपसरपंच चुना गया चुनाव के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मतदान केंद्रों पर पुलिस का पर्याप्त जाब्ता तैनात रहा।

प्रशासन की निगरानी में मतदान शांतिपूर्ण से संपन्न

पुलिस एवं प्रशासन की निगरानी में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मोरजड खारी की नवनिर्वाचित सरपंच मनीषा भाकर का विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज ग्रुप के चेयरमैन गुरमीत सिंह महल और सुरजीत सिंह महल ने चांदी का मुकुट और माला पहना कर जोरदार स्वागत किया इसके अलावा सभी वार्ड पंच को माला पहना कर उनका सामान किया। इस मौके पर सरपंच समर्थक और ग्रामीण उपस्थित रहे। महल परिवार ने उपस्थित ग्रामीणों के चाय नाश्ते का प्रबंध किया सरपंच मनीषा भाकर ने बताया कि ग्रामीणों ने जिस प्रकार मुझे भरोसा दिया है में ग्रामीणों के भरोसे पर खरा उतरूंगी ग्राम पंचायत में हरसंभव कार्य पूर्ण किया जाएगा।

टिब्बी की 33 ग्राम पंचायतों में सरपंच निर्वाचित, मेहरवाला में सबसे बड़ी जीत



टिब्बी। पंचायतीराज चुनाव के तहत टिब्बी पंचायत समिति क्षेत्र की 33 ग्राम पंचायतों में सोमवार को सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए मतदान के बाद देर रात तक चली मतगणना में गांवों की नई सरकार चुन ली गई। चुनाव में मेहरवाला ग्राम पंचायत में किरणजीत कौर ने 1166 मतों से सबसे बड़ी जीत दर्ज की, जबकि दो केएसपी में रोशनी ने 39 मतों के सबसे कम अंतर से विजय हासिल की। परिणामों के अनुसार 12 डीबीएल में बिरमा 330, 13 सीडीआर में मनजीत कौर 194, चार केएसपी में रमनदीप कौर 247, पांच केएचआर में विकास कुमार 96, बशीर में सुनीता 329, बेहरवाला कलां में रूपिन्द्र कौर 229, चाहूवाली में विजय कुमार गोदारा 590, डबली खुर्द में नरेश कुमार 615, खाराखेड़ा में सरोज 390, कुलचंद्र में सुनीता रानी 857, मल्लड़खेड़ा में सुखविन्द्र कौर 473 तथा मसीतांवाली में रमनदीप 443 मतों से विजयी रहे। अन्य ग्राम पंचायतों में भी प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। मतगणना के दौरान ग्रामीण देर रात तक परिणामों का इंतजार करते रहे। जीत की घोषणा होते ही समर्थकों ने गुलाल लगाकर, आतिशबाजी कर और मिठाइयां बांटकर खुशी मनाई। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस जाब्ता तैनात रहा। मंगलवार को उपसरपंच चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुए। राठीखेड़ा में उपसरपंच निर्विरोध चुना गया, जबकि पीरकामड़िया में बराबर मत मिलने पर टॉस से विजेता का चयन किया गया।

संगरिया : व्यापार मण्डल ने मंडी की समस्याओं को लेकर सौंपे ज्ञापन

सीमा सन्देश# संगरिया। संगरिया व्यापार मण्डल समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार जैन ने कृषि उपज मंडी समिति के सचिव को ज्ञापन सौंपकर नई एवं पुरानी धान मंडी की व्यवस्थाओं में सुधार तथा व्यापारियों की लाइसेंस संबंधी समस्या का शीघ्र समाधान करवाने की मांग की है। नई धान मंडी के कॉमन शेड में पर्याप्त मर्करी लाइटें लगाने, व्यापार मण्डल कार्यालय वाली सड़क पर कम से कम चार बड़ी लाइटें लगवाने तथा पुरानी धान मंडी में प्रत्येक तीसरी-चौथी दुकान के आगे लाइट लगाने की मांग की गई है। साथ ही राजेंद्रा ट्रेडर्स से सुलभ कॉम्प्लेक्स तक क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत एवं पाइपलाइन डालने के बाद धंसी हुई सड़कों और जमीन की दोबारा उचित भराई करवाने की मांग उठाई गई है। समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद वर्ष 2026-27 के आढ़त भुगतान में आ रही परेशानी को उठाते हुए करीब 40-45 व्यापारियों के पुराने स्थायी मंडी लाइसेंस में वास्तविक प्रोपराइटर का नाम दर्ज करवाने की मांग की गई है। पुराने लाइसेंसों में परिवार के सदस्यों, प्रतिनिधियों अथवा मुनीम के नाम दर्ज होने के कारण भारतीय खाद्य निगम द्वारा आढ़त भुगतान में आपत्ति जताई जा रही है। व्यापार मण्डल अध्यक्ष कृष्ण कुमार जैन ने मंडी सचिव से दोनों समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जनहित एवं व्यापारी हित में शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बीएलओ को हेल्प डेस्क पर बैठने के दिए निर्देश

ढाबां में 84.31 प्रतिशत मतदान, फर्जी वोटिंग का आरोप

सीमा सन्देश # ढाबां। उपतहसील गांव ढाबा में पंचायतीराज चुनाव के चौथे चरण के तहत सोमवार को सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। सुबह 7 से शाम 6 बजे तक चले मतदान में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। गांव में कुल 84.31 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। रिटर्निंग अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि सरपंच पद के लिए 7 उम्मीदवार तथा 11 वार्डों में वार्ड पंच पद के लिए 24 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। मतदान के दौरान महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों में खासा उत्साह देखने को मिला। वहीं, फर्जी वोटिंग का आरोप और बीएलओ को मतदान केंद्रों से बाहर बैठाने का मामला भी सामने आया। बूथ नंबर 34 पर वार्ड नंबर 3 निवासी राय सिंह पुत्र हासम सिंह ने आरोप लगाया कि मतदान केंद्र पहुंचने पर उन्हें पता चला कि उनका वोट पहले ही डाला जा चुका है। इस पर उन्होंने रिटर्निंग अधिकारी को शिकायत दी, जिसके बाद उनका टेंडर वोट करवाया गया। वहीं, मतदान शुरू होने के बाद रिटर्निंग अधिकारी ने सभी बीएलओ को मतदान केंद्रों के अंदर बनाई गई हेल्प डेस्क छोड़कर गेट के बाहर बैठने के निर्देश दिए। बाद में निरीक्षण के दौरान निर्वाचन अधिकारी एवं संगरिया एसडीएम जय कौशिक ने बीएलओ को बाहर बैठे देखा तो उन्हें वापस हेल्प डेस्क पर बैठने के निर्देश दिए। इस घटनाक्रम पर बीएलओ ने नाराजगी भी जताई। मतदान के दौरान प्रत्याशियों के चुनाव चिह्न को लेकर ग्रामीणों में उत्साह रहा। बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई। पुलिस मोबाइल पार्टी और जाब्ते ने मुस्तैदी से ड्यूटी निभाई। पूरे मतदान के दौरान कोई विवाद या कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। इस दौरान नायब तहसीलदार रणवीर फुलेजी, पुलिस सुपरवाइजर चंद्रकला, सीआई, पटवारी ममता रानी, समस्त बीएलओ एवं पुलिस बल मौजूद रहे।



108 दीपों की महाआरती से जगमगाई गोशाला, गोपाष्टमी पर उमड़ा श्रद्धा और भक्ति का सैलाब







सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जंक्शन के अबोहर बाइपास स्थित श्री गोविंद गोधाम गोशाला में श्री गौशाला सेवा समिति की ओर से मंगलवार को गोपाष्टमी पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर गौशाला परिसर में दिनभर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गौ माता का विधिवत पूजन कर आशीर्वाद लिया तथा परिवार और शहर की सुख-समृद्धि की कामना की। पर्व को लेकर गौशाला परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत-महात्माओं एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति में गौ माता के विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने गौ माता को तिलक लगाकर, पुष्पमालाएं अर्पित कर तथा गुड़ एवं हरा चारा खिलाकर पूजा-अर्चना की। सुबह से ही गौशाला में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। धार्मिक आयोजनों की कड़ी में दोपहर 1 से 2.30 बजे तक श्री गौशाला सेवा समिति महिला संकीर्तन मंडल की ओर से भजन-कीर्तन किया गया। महिला मंडल की सदस्यों ने भजनों के माध्यम से गौ माता की महिमा का गुणगान किया।

गोपाष्टमी पर गौपूजन के साथ निकली गो फेरी

नोहर। गौसेवा, गोसंवर्धन और भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संदेश लेकर मंगलवार को श्री गौशाला नोहर में गोपाष्टमी महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्तिक शुक्ल अष्टमी के पावन अवसर पर आयोजित महोत्सव में दिनभर धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की धूम रही। गोपाष्टमी को लेकर गौशाला परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। सुबह से ही गौभक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। गौशाला अध्यक्ष राजेंद्र थिरानी के नेतृत्व में विधिवत गो पूजन के साथ कार्यक्रम शुरू हुए। इसके बाद कस्बे में गो फेरी निकाली गई। फेरी के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने गायों का पूजन कर आरती की। दोपहर में ऋषिकेश से आए आनंद ब्रह्मचारी महाराज ने प्रवचन करते हुए कहा कि गाय की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। गोसेवा मात्र से अनेक कष्टों का निवारण संभव है। उन्होंने प्रत्येक परिवार से गोसेवा को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। महोत्सव के दौरान किशन चाचाण के नेतृत्व में गायों से जुड़े विषयों पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वहीं सिरसा के नटराज ग्रुप ने राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सम्मान समारोह भी आयोजित हुआ, जिसमें गौशाला के कार्मिकों का सम्मान किया गया।

महोत्सव के अवसर पर गौशाला का वार्षिक अधिवेशन भी आयोजित किया गया। इसमें गौशाला मंत्री आनंद कंदोई ने वर्षभर का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया। अध्यक्ष राजेंद्र थिरानी ने गौशाला की ओर से संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी। आनंद कंदोई ने कहा कि जनसहयोग से गौशाला में अनेक नए नवाचार किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस बार गोपाष्टमी महोत्सव पर गौदान की विशेष पहल शुरू की गई। इसके तहत गौदान के लिए 3100 रुपए की पुण्य राशि निर्धारित की गई तथा श्रद्धालुओं के लिए पूजन सामग्री गौशाला परिसर में ही उपलब्ध करवाई गई। इस अवसर पर गौशाला कोषाध्यक्ष मनोज मिश्रा, एडवोकेट जसवंत आर्य, धनराज बंसल, रामचंद्र पारीक, एडवोकेट अनीश सर्राफ, मुकेश हिसारिया, पवन हिसारिया, महावीर बारूपाल, पूनम साहेवाल ओमप्रकाश तिवाडी, ओमप्रकाश पांडिया,रतन अरोड़ा, सुरेंद्र मिश्रा सहित गौशाला के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में गौभक्त मौजूद रहे।

हवन यज्ञ के साथ श्रद्धा से मनाई गोपाष्टमी



हनुमानगढ़। टाउन स्थित श्री गौशाला में मंगलवार को श्री गौशाला समिति के तत्वावधान में गोपाष्टमी का पावन पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस मौके पर गौशाला परिसर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान हुए। कई गौ सेवकों, समिति पदाधिकारियों और महिलाओं ने हिस्सा लेकर गौ माता का पूजन किया। वैदिक मंत्रोच्चार और गौ माता के जयकारों से पूरा गौशाला परिसर भक्तिमय हो उठा। श्री गौशाला समिति अध्यक्ष मनोहर लाल बंसल ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9.15 बजे हुआ। सर्वप्रथम गौ सेवकों एवं महिलाओं ने विधि-विधान से गौ माता का पूजन किया। श्रद्धालुओं ने गायों को तिलक लगाकर, माला पहनाकर तथा गुड़, हरा चारा और विशेष भोग अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की।

गोपाष्टमी पर हुआ पूजन

रावतसर। इलाके में गोपाष्टमी धूम धाम से मनाई गई । श्री गौशाला समिति कमेटी रावतसर में गोपाष्टमी के उपलक्ष में जागरण हुआ। इसके अलावा गो पूजन व हवन करवाया। भामाशाह व गणमान्य लोग ने गोपाष्टमी पर श्रद्धानुसार दान किया । इस दौरान श्री कृष्ण गौसेवा समिति रावतसर वार्ड 19में भी गोपाष्टमी धूमधाम से मनाई गई। मुरली मनोहर महिला मंडल जगदीश, बलराम , लालचंद ने 11000 रुपए ,जयकिशन ढुढाणी बालाराम ने 28000रुपए का सहयोग दिया।

पंचायत राज चुनाव में विधायक गुरवीर सिंह बराड़ का रहा दबदबा, चौतरफा खुशी का माहौल

सीमा सन्देश # सादुलशहर

पंचायत राज चुनाव में सादुलशहर पंचायत समिति की 39 ग्राम पंचायतों के कई मुखिया यानि सरपंच विधायक गुरवीर सिंह बराड ग्रुप के विजयी रहे। इनमें पंचायत समिति की सबसे बडी ग्राम पंचायत लालगढजाटान के सरपंच पद पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पवन गरूआ की धर्म पत्नी पूनम गरूआ 272 मतों से विजयी रही। खास बात यह भी रही कि सामान्य महिला सीट पर एससी जाति की पूनम गरूआ ने चुनाव लडकर धुरंधर प्रत्याशियों को पीछे धकेलते हुए जीत हासिल की है। नवनिर्वाचित सरपंच पूनम गरूआ एवं पवन गरूआ ने कहा कि उनकी जीत विधायक गुरवीर सिंह बराड एवं ग्रामीणों द्वारा





दिए गए आशीर्वाद से ही संभव हुई है। इसी तरह सादुलशहर पंचायत समिति की हॉट सीट बनी ग्राम पंचायत नूरपुरा में भी सरपंच पद पर विधायक गुरवीर सिंह बराड के दाएं हाथ कहलाने वाले भाजयुमों के पूर्व जिला महामंत्री विश्वास पूनिया ने जीत हासिल कर जलवा कायम किया। विश्वास पूनिया सादुलशहर मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष साहबराम पूनिया के सुपुत्र हैं। उल्लेखनीय है कि विधायक गुरवीर सिंह बराड ने गांव में हुई नुक्कड सभा में ऐलान किया था कि विश्वास पूनिया पर विश्वास करें। यह सरपंच के साथ-साथ आपकी पंचायत का एमएलए होगा। विकास करवाने में विश्वास कोई कमी नहीं रहने देगा, न ही आपका विष्वास तोडेगा। वहीं विधायक गुरवीर सिंह बराड के पिता जिला परिषद के पूर्व डायरेक्टर बलदेव सिंह बराड भी समर्थकों के साथ पंचायत राज चुनाव में सक्रिय रहे। ग्राम पंचायत खाटसजवार के सरपंच पद पर विधायक बराड के पारिवारिक सदस्य भाजपा देहात मंडल के पूर्व अध्यक्ष कानाराम वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती संतोष देवी भारी मतों से विजयी रही। खास बात यह भी है कि कानाराम वर्मा जहां खुद सरपंच रह चुके हैं, वहीं नवनिर्वाचित सरपंच संतोष देवी वर्मा पंचायत समिति की डायरेक्टर रह चुकी हैं। नवगठित ग्राम पंचायत अमरगढ के प्रथम सरपंच का सौभाग्य विधायक बराड की युवा टीम के सदस्य बलजिंद्र सिंह चहल जीतने में कामयाब रहे। इसी कडी में ग्राम पंचायत बुधरवाली में विधायक बराड के युवा टीम सदस्य खिलाडी मंगल बावरी भी 411 मतों से विजयी रहे। विधायक बराड ने मंगल बावरी के पक्ष में नुक्कड सभा में कहा था कि यह प्रत्याशी मंगल बावरी मेरे लिए भी प्रेरणा स्त्रोत है। इस युवा खिलाड़ी मंगल बावरी ने सबसे पहले गांव बुधरवाली के एक कमरे में अपने स्तर पर बच्चों के लिए नि शुल्क लाइब्रेरी स्थापित की। खेल प्रतियोगिताएं करवाकर युवाओं को खेल के लिए प्रेरित किया। इससे वे काफी प्रभावित हुए और प्रत्येक गांव में सार्वजनिक लाइब्रेरी स्थापित करवाने का सिलसिला शुरू किया, जो अब भी जारी है। इसी तरह नवगठित ग्राम पंचायत दलियांवाली से पहले सरपंच गुरलाभ सिंह, चकमहाराजका ग्राम पंचायत की सरपंच पद पर कुलविंद्र कौर विजयी रहे। वहीं विधायक बराड ग्रुप की रीतू गोदारा पत्नी सुदेश गोदारा ने नवगठित ग्राम पंचायत नौ टीकेडब्ल्यू एवं नव गठित ग्राम पंचायत प्रतापपुरा से दर्शन सिंह, मोरजंडखारी से श्रीमती आनंद भाकर, अलीपुरा से रणजीत मजोका ने जीत हासिल कर विधायक का रूतबा कायम किया।

इन्होंने जताई खुशी: ऐतिहासिक जीत पर देहात मंडल अध्यक्ष निशान सिंह कडवासरा, राजेंद्र खीचड, डॉ. बीबी गुप्ता, एडवोकेट संजीव खीचड, श्री विश्वकर्मा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के एमडी गुरमीत सिंह महल, भामाषाह रेषम सिंह सिधू नारायणगढ, पंजाब आयुर्वेदिक कॉलेज के एमडी डॉ. मोहित अरोडा, पूर्व देहात मंडल अध्यक्ष कुंभाराम कांवलिया, पूर्व उप प्रधान सुरेंद्र जलंधरा, नगर मंडल अध्यक्ष अमन मक्कड, व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष रामगोपाल धींगडा, सुखविंद्र सिंह लालगढिया, राजेंद्र मक्कड, नोहित गर्ग, अरविंद मिड्ढा, प्रवेश गोयल, गुरतेज सिंह रामगढिया, पार्षद प्रतिनिधि प्रेम वर्मा, एडवोकेट रविंद्र मोदी, चकमहाराजका के पूर्व सरपंच जीवन सिंह बराड, पूर्व डायरेक्टर राकेश ओढ आदि शामिल हैं।

चुनाव परिणाम...श्रीकरणपुर पंचायत समिति की कुल 36 ग्राम पंचायतों के चुनाव परिणाम जारी

कोई 1 वोट से जीतकर सरपंच बना तो किसी ने 1171 वोटों से मारी बाजी

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर

ग्राम पंचायत चुनाव शांतिप्रिय माहौल में संपन्न हुए। कुछ ग्राम पंचायतों की मतगणना मध्य रात्रि और कहीं पर सुबह 5 बजे तक भी जारी रही। वहीं, मंगलवार को पंचों के चुनाव संपन्न हुए तथा विजय सरपंचों द्वारा डीजे और ढोल धमाकों के साथ विजयी जुलूस निकाले गये। सरपंच पद के लिए सर्वाधिक मतों के अंतर से ग्राम पंचायत मलकाना कलां के सरपंच अमनेंद्र सिंह विजयी रहे, जिन्होंने प्रतिद्वंद्वी मनदीप सिंह से अधिक 1171 मत प्राप्त किए। इस ग्राम पंचायत में कुल 4 प्रत्याशी थे। सबसे कम जीत हार का अंतर ग्राम पंचायत 25 एच दलपतसिंहपुरा में रहा। यहां राजू राम ने अपने प्रतिद्वंद्वी नरेन्द्र कुमार को मात्र एक मत के अंतर से पराजित किया। ग्राम पंचायत दो एक्स सामान्य महिला में 6 प्रत्याशियों में से विजयी हरकमलप्रीत कौर को 564 व उनकी प्रतिद्वंद्वी हरविंदर कौर को 500 मत प्राप्त हुए। ग्राम पंचायत 56 एफ सामान्य महिला में दो प्रत्याशियों में सीधा मुकाबला था जिसमें सुमित्रा कंवर को 1606 और उनकी प्रतिद्वंद्वी शिमला बाई को 530 मत प्राप्त हुए। इनकी जीत का अंतर 1076 रहा। ग्राम पंचायत 6 एफ ए रड़ेवाला सामान्य महिला में 4 प्रत्यक्षियो में से विजयी मनदीप कौर को 1275 एवं द्वितीय प्रत्याशी नवदीप कौर को 1216 मत प्राप्त हुए। ग्राम पंचायत दो 2 एफएफए, एससी महिला में 5 प्रत्याशियों में से



विजयी अर्चना को 604 व निकटतम प्रतिद्वंद्वी सुरजीत कौर को 344 मत मिले। 36 एच नग्गी सामान्य में 4 प्रत्याशियों में विजयी निशांत कुमार को 1232 व निकटतम हरजिंद्र सिंह को 612 मत, ग्राम पंचायत 13 एफएफ मानकसर एससी महिला में 6 प्रत्याशियों में से मदनराम को 1001, जबकि प्रतिद्वंदी बलदेव राज को 634 मत मिले।

रूपनगर में मंजूदेवी, मोटासर में हरविन्द्रकौर और अरायण में गुरमीतकौर विजयी

ग्राम पंचायत दो एम फूसेवाला सामान्य में कुल 6 प्रत्याशियों में से विजयी कुलदीप कुमार को 1213 व उनके प्रतिद्वंदी बृजमोहन को 409 मत प्राप्त हुए। 42 एच एससी महिला सीट पर दो प्रत्याशियों में सीधे मुकाबले में विजयी सुमित्रा देवी को 1080, उनकी प्रतिद्वंद्वी पार्वती देवी को 716 मत प्राप्त हुए। ग्राम पंचायत 50 एफ रूपनगर एससी महिला में 7 प्रत्याशियों में से विजयी मंजू देवी को 590 एवं इनकी प्रतिद्वंदी परमजीत कौर को मत 491 मिले। ग्राम पंचायत 9 एफ ए माझीवाला सामान्य महिला में 2 प्रत्याशियों में विजयी पूनम को 1274 व इनकी प्रतिद्वंद्वी विमला देवी को 1100 मत, ग्राम पंचायत मोटासर खूनी सामान्य महिला में 4 प्रत्याशियों में से विजयी हरविंद्र कौर को 630 एवं पूजा को 531 मत, ग्राम पंचायत 3 ओ एससी महिला में 8 प्रत्याशियों में से विजयी मैना रानी को 419 व रितु को 379 मत, ग्राम पंचायत 8 वी सामान्य महिला में दो प्रत्याशियों में विजयी कर्मजीत कौर को 840 एवं रती कुमार को 838 मत प्राप्त हुए। 32 एफ अरायण सामान्य महिला में 3 प्रत्याशियों में से विजयी गुरमीत कौर को 1526 एवं उनकी प्रतिद्वंद्वी बसंती रानी को 1310 मत, ग्राम पंचायत 48 जीजी श्रीनगर एसी में 6 प्रत्याशियों में से विजयी रामदेव को 926 एवं गंगाराम को 535 मत मिले।

गुलाबेवाला में गुरप्रीतसिंह, मुकन में रामप्यारी जीतीं

ग्राम पंचायत 25 एफ गुलाबेवाला एससी में 7 प्रत्याशियों में विजयी गुरप्रीत सिंह को 634 व इनके प्रतिद्वंद्वी दुली चंद को 620 मत, ग्राम पंचायत 27 एफ कमीनपुरा सामान्य में 5 प्रत्याशियों में से विजयी राजेंद्र कुमार को 837 एवं उनके प्रतिबंध बलजीत सिंह बराड़ को 602 मत, ग्राम पंचायत 15 ओ एससी में 5 प्रत्याशियों में विजयी रूपाराम को 874 व इनके प्रतिद्वंद्वी गुरबचन सिंह को 481 मत, ग्राम पंचायत 2 एफसी मुकन एससी महिला में 4 प्रत्याशियों में विजयी रामप्यारी को 703 व इनकी प्रतिद्वंदी माया को 581 मत, ग्राम पंचायत 9 एफ एफ बड़ोपल में सामान्य में 6 प्रत्याशियों में से विजयी गुरमीत सिंह को 627 और इनके प्रतिद्वंदी कुलविंद्र सिंह को 510 मत , ग्राम पंचायत 61 एफ सामान्य में 2 प्रत्याशियों में से विजयी निर्मल चंद को 1069 एवं शैलेंद्र कुमार कंबोज को 955 मत, ग्राम पंचायत 7 एस प्रथम कीकरवाली एससी में कुल 6 प्रत्याशियों में से विजयी संदीप कुमार को 620 एवं उनके प्रतिद्वंदी जसपाल को 516 मत, ग्राम पंचायत 46 एफ मौड़ां सामान्य में 6 प्रत्याशियों में से विजयी इकबाल सिंह को 1417 व उनके प्रतिबंधित गुरजीत सिंह को 892 मत, ग्राम पंचायत 52 जीजी गुलाबेवाला सामान्य महिला में 3 प्रत्याशियों में से राजनप्रीत कौर को 1182 एवं इनकी प्रतिद्वंद्वी कमलजीत कौर को 1068 मत प्राप्त हुए।

तेजेवाला में रिछपालसिंह, मलकाना में अमरेन्द्रसिंह बने सरपंच

ग्राम पंचायत 6 वी धनूर एससी महिला में 9 प्रत्याशियों में से विजयी सुमित्रा बाई को 980 व उनकी प्रतिद्वंद्वी भजन कौर को 656 मत, ग्राम पंचायत 10 ओ तेजेवाला ओबीसी में 4 प्रत्याशियों में से विजयी रिछपाल सिंह को 580 एवं उनके प्रतिद्वंदी लखवीर सिंह को 546 मत, ग्राम पंचायत 14 एस सामान्य में 6 प्रत्याशियों में से विजयी लखवीर सिंह खोसा को 1075 और इनके प्रतिद्वंद्वी जरनैल सिंह को 510 मत, ग्राम पंचायत 2 एमएम धरिंगावाली एससी महिला में 6 प्रत्याशियों में से विजयी राधा देवी को 718 एवं उनकी प्रतिद्वंद्वी माया को 699 मत, ग्राम पंचायत मलकाना कला सामान्य में 4 प्रत्याशियों में से अमरेंद्र सिंह को 2193 और उनके प्रतिद्वंदी मंदिर सिंह को 1023 मत प्राप्त हुए। ग्राम पंचायत मलकाना खुर्द सामान्य महिला में चार प्रत्याशियों में से विजयी अमरेंद्र सिंह को 2194 एवं उनके प्रतिद्वंद्वी मनदीप सिंह को 1023 मत , ग्राम पंचायत मलकाना खुर्द सामान्य महिला में 6 प्रत्याशियों में से जसमीत कौर विजयी जसमीत कौर को 783 व उनकी प्रतिद्वंद्वी गुरजीत कौर को 770 मत, ग्राम पंचायत 25 एच दलपतसिंहपुर एसी में 6 प्रत्याशियों में से विजयी रहे, राजू राम को 607 एवं इनके प्रतिद्वंद्वी नरेंद्र कुमार को 606 मत प्राप्त हुए, यहां हार जीत का अंतर मात्र एक मत से हुआ। खरलां में सुशीलादेवी, गुरुसर में मनजीतसिंह जीते: ग्राम पंचायत 43 जीजी खरलां एससी महिला में 3 प्रत्याशियों में से विजयी सुशीला देवी को 1206 एवं उनकी प्रतिद्वंद्वी परमेश्वरी को 845 मत, ग्राम पंचायत 12 एच मोहलां एससी में 6 प्रत्याशियों में से विजयी रमेश कुमारी को 975 एवं उनकी प्रतिद्वंद्वी धर्मपाल को 675 मत, ग्राम पंचायत 14 एफ एफ एससी में 6 प्रत्याशियों में से विजयी रामदेव को 725 एवं उनके प्रतिद्वंद्वी ज्ञान सिंह को 354 मत तथा ग्राम पंचायत 2 डब्ल्यू गुरुसर सामान्य में 6 प्रत्याशियों में से विजयी मनजीत सिंह को 1200 एवं उनके प्रतिद्वंदी हरविंद्र सिंह को 771 मत प्राप्त हुए।

31 वोट से चुनाव जीतकर भीमसेन जोधा बने सरपंच



सीमा सन्देश # रत्तेवाला। ग्राम पंचायत रत्तेवाला में भीमसेन जोधा 31 वोट से सरपंच के चुनाव में विजयी हुए। इन्हें 973 कुल वोट मिले। प्रतिद्वंद्वी जसकरण सिंह सेखों को 942 वोट मिले। जीत के बाद रात तक समर्थकों ने आतिशबाजी की। मंगलवार को उपसरपंच वार्ड 7 से सुरेंद्रकुमार जैन को निर्विरोध चुना गया।

सादुलशहर: घनश्याम सहारण ऐतिहासिक मतों से विजयी



सीमा सन्देश # सादुलशहर

ग्राम पंचायत जोगीवाला में घनष्याम सहारण ऐतिहासिक मतों से विजयी रहे। खास बात यह रही कि घनश्याम सहारण सादुलशहर नगरपालिका के पार्षद रणजीत सहारण के नजदीकी रिश्तेदार होने के कारण सादुलशहर में भी पार्षद सहारण के नेतृत्व में खुशियां मनाई गई। खुशी मनाने वालों में सहकारी समिति के अध्यक्ष मंगत सहारण, शिव प्रकाश सहारण, अभिषेक सहारण, स्वरूप चौधरी आदि शामिल हैं।


बर्थ-डे सेलिब्रेशन

सूरांवाली। प्राची वर्मा के जन्मदिन पर दादा-दादी लीलाराम-सन्तोष



देवी, माता-पिता निर्मला-सुनील कुमार, ताऊ-ताई नंदराम मंजु देवी, दौलतराम -शारदा देवी, चाचा अशोक कुमार, बुआ-फूफा तारादेवी-प्रेम कुमार, कृष्णा देवी-राजाराम, बहन-बहनोई उषा रानी-विनोद कुमार, बहन कंचन, रमन, अरन, पुजा, भाई पवन, हर्ष, जुगल किशोर, अंश, कमल, सूर्यांश वर्मा की ओर से बधाई।

शुभ विवाह



4 एमएल। 4 एम एल वार्ड 34 केदार कालोनी निवासी कृष्ण लाल गोयल की सुपुत्री पूनम (पत्रकार राजेन्द्र गोयल की भतीजी) का शुभ विवाह रूप नगर ढाणी निवासी देवीलाल पेंसिया के सुपुत्र रमन पेंसिया के संग गत दिवस सम्पन्न हुआ। वरवधु को ग्रामीणों ने आशीर्वाद दिया।

न्यूज इन ब्रीफ

अरविंद देहडु और लक्ष्मी देवी सरपंच निर्वाचित

मण्डी 365 हैड। पंचायती राज चुनाव 2026 के तहत सरपंच पद के लिए हुए मतदान के जारी परिणामों में ग्राम पंचायत 2 केएल डी से 1 अरविंद कुमार देहडु 530 वोटो से विजेता बने। 2 केएल डी पंचायत में कुल 2898 वोट पोल हुए। वहीं दूसरी नव गठित पंचायत 1 केवाईडी से लक्ष्मी देवी 86 वोटों से विजयी रही। इस पंचायत में 1860 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। रविवार सुबह 7 बजे शुरू हुई मतदान प्रक्रिया शाम 6 बजे तक चली। दो घटे बाद यानी रात आठ बजे मतगणाना शुरू हुई। सबसे पहले वार्ड मेंबर की गणना की गई उसके उपरांत सरपंच उम्मीदवार की गणना की गई। देर रात 11 बजे तक जैसे-जैसे परिणाम घोषित होते हुए विजयी उम्मीदवार को पुलिस स्टाफ द्वारा उनके कार्यालय तक पहुंचाया गया। इसके बाद विजेताओं ने अपने समर्थकों के साथ जीत का जश्न मनाया।

गणेशगढ़ में 1128 वोट से चुनाव जीतकर सरपंच बनीं पुष्पादेवी वर्मा

सीमा सन्देश # गणेशगढ़। ग्राम पंचायत गणेशगढ़ में 85 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव परिणाम में पुष्पादेवी वर्मा को 1953 वोट मिले,



जबकि इनकी प्रतिद्वंद्वी इंदु पारीक को 825 वोट हासिल हुए। पुष्पादेवी 1128 वोटों से चुनाव जीतकर सरंपच निर्वाचित हुईं। रात्रि करीब साढ़े बारह बजे रिजल्ट क्लीयर होने पर उनके समर्थकों ने रंग गुलाल खेला और ढोल की थाप पर झूमे। यहां उपसरपंच सुमित्रा देवी चुनी गईं। सरपंच के चुनाव में ग्रामीण वोटरों को खासा उत्साह देखने को मिला। दोनों प्रत्याशियों के समर्थकों ने खूब मेहनत की और उत्सुकता दिखाई। नतीजे के बाद जीतने वाले खेमे में जोश दोगुना हो गया, जबकि प्रतिद्वंद्वी हार से कुछ मायूस नजर आए। सरपंची के चुनाव को लेकर कई दिनों तक गांव में गहमागहमी रही।

ग्राम पंचायत लोहारा में बलवीर सिंह गिल ने फिर बने सरपंच



सीमा सन्देश # गजसिंहपुर

ग्राम पंचायत लोहारा में सरपंच पद के चुनाव में बलवीर सिंह गिल ने शानदार जीत दर्ज की है। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी गोविंद गिल को लगभग 200 से अधिक वोटों के अंतर से पराजित किया। बलवीर सिंह गिल पहले भी सरपंच रह चुके हैं। इस बार उन्होंने विकास और गांव की मूलभूत सुविधाओं को अपने चुनावी एजेंडे में प्रमुखता दी। ग्रामीणों के समर्थन से मिली इस जीत को उनके लिए एक बार फिर गांव की जिम्मेदारी संभालने का जनादेश माना जा रहा है। जीत के बाद समर्थकों ने खुशी जाहिर की।

बनवारीलाल सहारण बने डूंगरसिंहपुरा के सरपंच

सीमा सन्देश # गणेशगढ़। समीपस्थ ग्राम पंचायत डूंगरसिंहपुरा में 85 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां रोचक और करीबी मुकाबले के



आसार लगाए जा रहे थे। यहां के चुनाव परिणाम में बनवारीलाल सहारण का मुकाबला महेन्द्र सिंह सहारण के साथ रहा। बनवारीलाल को 1211 वोट मिले, जबकि महेन्द्रसिंह को 723 वोट हासिल हुए। बनवारीलाल ने अच्छे मतांतर से जीत हासिल की। जीत के बाद विजयी खेमे के समर्थकों ने रंग-गुलाल लगाकर जश्न मनाया। रात तक समर्थक उत्साहित दिखे। सरपंच बनवारीलाल की अगुवाई में दयाराम नैण को दूसरे दिन उपसरपंच चुना गया। सभी ग्रामीणों ने शांतिपूर्वक हुए चुनाव पर राहत महसूस की। सरपंची में मिली जीत के बाद बनवारीलाल को लोगों ने बधाई दी।

अनूपगढ़ : 44 पंचायतों में सरपंच पद हेतु पड़े 88.59 प्रतिशत वोट

सीमा सन्देश # अनूपगढ़। अनूपगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र की 44 ग्राम पंचायतों में सरपंच और वार्ड पंच पदों के लिए सोमवार को मतदान हुआ। कुल 1,14,117 मतदाताओं में से 1,01,100 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह मतदान प्रतिशत 88.59 रहा। ग्राम पंचायत 1 एनडब्ल्यूएम में कमलेश का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। सोमवार को मतदान के बाद देर रात तक सरपंच पद के नतीजे आते रहे। वहीं मंगलवार को उप सरपंच पद के लिए मतदान हुआ। सरपंच पद पर ग्राम पंचायत 1 एलएसएम से रविन्द्र कुमार, 11 पी पतरोड़ा से कमलेश मनोहर चावला, 11 एसजेएम बी से संदीप डागला, 11-12 एनडी नाहरावाली से साहबराम कूकना, 12 एबी से माया औड, 12 एच हिशामकी से राधादेवी, 14 एपीडी कमरानिया से रमेश कुमार शर्मा, 15 ए बी से प्रमिला देवी बिश्नोई, 15 एलएम से गुरप्रीत कौर, 18 पी से संदीप कुमार कुलड़िया, 19-21 एपीडी से आरती, 2 पीजीएम-बी से ज्योति, 20 एलएम लूनिया से रिंकू, 21 एसजेएम खोखरावाली से राजविंदर कौर, 22 ए से धर्माराम, 27 ए से प्रवीण पाल कौर, 3 एनडी से वीरपाल कौर, 3 एनएम ढाबा से रेवंताराम, 30 एपीडी से तुलछादेवी, 4 ए से तारादेवी नायक, 4 केएएम खाल से मदन लाल और 4 केएसएम बांडा से पप्पूराम सरपंच निर्वाचित हुए। इसी तरह ग्राम पंचायत 4 एलएम से इंदिरा कुमारी, 4 एलएसएम से नीतू इंदिलया, 4 एमएसआर से सुभाष, 4 एसपीएस (सलेमपुरा) से गुरविंदर सिंह, 5 पी से शंकरलाल, 54 जीबी से संतोष देवी, रामसिंहपुर से राजविंदर कौर, 6 एच से विमला कुमारी, 6 एनडी से ओमप्रकाश डाबला, 6 पी से गुरविंद्र सिंह, 61 जीबी से लखविंदर सिंह गिल, 65 जीबी से कमलजीत सिंह, 68/2 जीबी से मनजीत कौर, 7 एपीएम-ए से रीना रानी, 7 एसजेएम से हरिसिंह, 72 जीबी से उषा, 74 जीबी से बलकार सिंह, 78 जीबी से दलजीत सिंह गिल, 8 केबी से जगजीत सिंह, 87 जीबी से कृष्णा, 9 एलएम-बी से मदनलाल तथा 90 जीबी से ममता देवी सरपंच निर्वाचित हुए।

देहरादून में राष्ट्र स्तरीय सम्मान समारोह में ईओ सम्मानित

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। एक बार फिर इस सीमांत कस्बे की नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार बिश्नोई देहरादून में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हुए। यह सम्मान उन्हें भारत सरकार द्वारा कुल प्राप्त 201 प्रविष्ठियों का मूल्यांकन करते हुए टॉपर घोषित होने पर उत्तराखंड के देहरादून में फेयरफील्ड बाव मैरिट में प्रदान किया गया है। इस सम्मान समारोह में निदेशक राष्ट्रीय नगर कार्य संस्थान, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स डॉ. देबोलीना कुंदू , डॉ. महरीन मट्टो - टीम लीड (एनआईयूए) परिचय देंगे। साक्षी



गुडवानी कंट्री लीड, सुश्री राय निदेशक निति आयोग, उत्तराखंड सरकार के शहरी विकास सचिव नितेश कुमार झा, श्रीनिवास करिकिथला सचिव उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय, राम सिंह कैरा शहरी विकास मंत्री उत्तराखंड, तोखण साहू आवास एवं शहरी मामलों राज्य मंत्री उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि इस नगर पालिका को आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय और एनआईयूए की एक पहल, 'ट्रबन लर्नथॉन 2.0' में अन्य शहरी स्थानीय निकायों की उप-श्रेणी के अंतर्गत विशेष उल्लेख प्राप्त हुआ है, जिसे राष्ट्रीय शहरी शिक्षण मंच के माध्यम से कार्यान्वित किया गया है। कुल 201 प्रविष्टियों में एक सुव्यवस्थित मूल्यांकन और चयन प्रक्रिया के बाद संगठन ने एन यू एल पी पर प्रस्तुत 'यातायात पार्क नगरपालिका श्रीकरणपुर' विषय पर हमारी प्रविष्टि को मान्यता दी गई है। ईओ के प्रयासों से नगरपालिका पार्क को विकसित करते हुए यहां पर यातायात पार्क और सड़क सुरक्षा कॉन्सेप्ट पार्क को विकसित किया।

शहीद बाबा तेगा सिंह जी गुरुद्वारा साहिब में चार दिवसीय आयोजन 26 से

सीमा सन्देश # रामसिंहपुर। कूपली रोड स्थित शहीद बाबा तेगा सिंह जी गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व और शहीद बाबा तेगा सिंह जी की स्मृति को समर्पित आठवें वार्षिक धार्मिक समागम की तैयारियां मंगलवार सुबह से शुरू हो गई हैं। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। मुख्य सेवादार संत बाबा गुरदीप सिंह जी चंदपुराने वाले ने संगत को प्रवचन देते हुए कहा कि मोह मनुष्य के



दुखों का प्रमुख कारण है। जो व्यक्ति मोह-माया से ऊपर उठकर प्रभु भक्ति और सेवा अपनाता है, वह कर्मों के बंधनों से मुक्त हो जाता है। उन्होंने नाम सिमरन, सेवा, परोपकार और सद्भावना के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। बाबा गुरदीप सिंह ने बताया कि चार दिवसीय यह वार्षिक समागम 26 से 29 नवंबर तक आयोजित होगा। इसमें पंजाब के प्रसिद्ध कथावाचक धार्मिक दीवान सजाकर गुरबाणी के माध्यम से आध्यात्मिक संदेश देंगे। आसमानी पैराशूट से पुष्पवर्षा इस आयोजन का विशेष आकर्षण रहेगी। श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए मेला भी लगेगा और लगातार लंगर बरतेगा। बड़ी संख्या में संगत के पहुंचने की संभावना के चलते सेवा कार्य शुरू कर दिए गए हैं।

सादुलशहर की तरक्की के लिए हर संभव कार्य करेंगे-विधायक

सीमा सन्देश # सादुलशहर। पंचायत राज चुनाव में ऐतिहासिक सफलता पर विधायक गुरवीर सिंह बराड



ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए सभी नवनिर्वाचित सरपंचगणों से अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में विकास कार्य करवाने, योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति को ज्यादा से ज्यादा दिलाने का आह्वान किया है। विधायक बराड ने सादुलशहर क्षेत्र में शांतिपूर्वक चुनाव के लिए आमजन के साथ-साथ चुनाव में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों को भी शुभकामनाएं देते हुए सभी का आभार जताया। विधायक ने कहा कि उनकी मंषा है कि सादुलशहर क्षेत्र में बिना भेदभाव सभी पंचायतों में विकास कार्य करवाए जाएं। सादुलशहर की खुशहाली और तरक्की के लिए हर संभव कार्य किया जाए।

माकपा में आई जान, दो पंचायतों के बने मुखिया

सादुलशहर। पंचायत चुनावों में माकपा के भी दो वरिष्ठ नेताओं ने जीत हासिल कर पार्टी में जान फूंकने का काम किया। माकपा सचिव ताराचंद सोनी एवं किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष कौर सिंह सिधू, माकपा नेता सुरेश सोनी ने संयुक्त रूप से बताया कि नवगठित पंचायत हाथियांवाली से माकपा नेता पालाराम, ग्राम पंचायत मन्नीवाली से माकपा नेता सुमित आर्य ने सरपंच पद पर बडे अंतर से जीत हासिल की। जीत पर वरिष्ठ नेता का. धर्मेंद्र शर्मा, माकपा नेता धान मंडी के व्यवसायी राजेंद्र सुखीजा, सीटू यूनियन के अध्यक्ष महेश खंडा, एडवोकेट अमन सिंह ने खुशी व्यक्त की।

Email : advt.seemasandesh@gmail.com
CLASSIFIED
99280-38379, 95095-96000

NAME CHANGED

■ I HAVE CHANGED MY NAME FROM RAHUL TO RAHUL VERMA S/O CHHOTURAM R/O WARD NO.14 8 PSD-B RAWLA MANDI TEHSIL GHARSANA DISTRICT SRI GANGANAGAR (RAJ.) PLEASE ALL CONCERN NOTE.

■ I have changed my name from SUKHDEEP KAUR BRAR to SUKHDEEP KAUR. So please all concern note. SUKHDEEP KAUR W/o GURPINDAR SINGH BRAR, WARD NO 16, 3STR, GHARSANA-335707, District Sriganganagar (Rajasthan).

■ मेरे पुत्र मोहम्मद सहजाद के विद्यालय रिकार्ड में मेरा नाम मदीना (MADINA) दर्ज है जबकि मेरा वास्तविक नाम मदीना (MADEENA) है। मेरे पुत्र मोहम्मद सहजाद के विद्यालय रिकार्ड में मेरा नाम मदीना (MADEENA) दर्ज किया जावे। मदीना पत्नी श्री शकूर खां, जाति-कुम्हार मुसलमान, निवासी ग्राम रामगढ़, तहसील नोहर, जिला-हनुमानगढ़।

विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।

✷ हनुमानगढ़ : 94611-23203, 94139-23203 ✷ रावतसर : 9414950421, 9680008289 ✷ नोहर : 94624-01666 ✷ संगरिया : 94146-29987 ✷ पल्लू : 96670-03883 ✷ सरदारशहर : 80786-99231 ✷ टिब्बी : 94137-33600 ✷ पीलीबंगा : 82907-20001, 94145-01321 ✷ करणपुर : 94144-34202 ✷ रायसिंहनगर : 7878125846 ✷ अनूपगढ़ : 9828554311, 94145-03452 ✷ पदमपुर: 94146-31255, 97858-16978 ✷ गजसिंहपुर : 86191-30345 ✷ जैतसर : 78910-35061 ✷ सूरतगढ़ : 94144-32401 ✷ मानकसर : 99503-13776 ✷ केसरीसिंहपुर : 63763-01818, 97722-55455 ✷ घड़साना : 94149-89576, 99283-55629 ✷ बीकानेर : 77379-79636, 94141-38622, 77379-79636 ✷ रावला : 94149-84798, 99500-49908 ✷ कालूवाला : 9680496829 ✷ थालड़का : 78913-40002 ✷ गोलूवाला : 98281-32337 ✷ श्रीविजयनगर : 99836-19000 ✷ खाजूवाला : 96804-96829 ✷ सादुलशहर : 94145-08198, 94145-12234

ग्लोबल न्यूज

'रामायण' ने रचा इतिहास, बनी सबसे तेज 1400 करोड़ कमाने वाली भारतीय फिल्म



'रामायण' ने दुनियाभर में 1400 करोड़ की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया और वह ऐसा करने वाली सबसे तेज भारतीय फिल्म बन गई है। सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने सिर्फ 12 दिनों में दुनियाभर में 1,437.25 करोड़ की कमाई कर ली है। इसने 'धुरंधर 2' के 12वें दिन के कलेक्शन (1,394.20 करोड़) को पीछे छोड़ दिया है।

दुनिया के 50 सबसे प्रभावशाली मुसलमानों में केवल एक भारतीय शामिल



जॉर्डन के RISSC की 2027 रिपोर्ट में दुनिया के 500 प्रभावशाली मुसलमानों की सूची जारी हुई। टॉप 50 में भारत से केवल जमीयत उलेमा-ए-हिंद प्रमुख मौलाना महमूद मदनी 18वें स्थान पर हैं, जो पिछले साल से 2 पायदान नीचे हैं। इसमें शीर्ष 50 में पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर सबसे आगे हैं।

अब देश में ही तैयार होगा राफेल का M88 इंजन का इकोसिस्टम, फ्रांस करेगा सहयोग



फ्रांसीसी कंपनी सफरान भारत में राफेल के M88 इंजन की फाइनल असेंबली लाइन स्थापित करने की योजना बना रही है। हैदराबाद में 400 करोड़ के निवेश से टफ्ड सेंटर का निर्माण हो रहा है, जो सालाना 600 से अधिक इंजन मॉड्यूल की सर्विसिंग करेगा। यह भारत-फ्रांस रक्षा औद्योगिक साझेदारी का विस्तार है।

मेटा ने भारत में इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक कंटेंट को रोकने के लिए किए बदलाव



मेटा ने कहा कि उसने भारत के लिए इंस्टाग्राम के रिकमेंडेशन सिस्टम में बदलाव किए हैं ताकि यौन रूप से उकसाने वाले/हिंसक कंटेंट को कम दिखाया जा सके। ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि सरकार ऑनलाइन कंटेंट पर अपनी निगरानी सख्त कर रही है। यह बदलाव उन अकाउंट्स के सुझावों पर असर डालता है जिन्हें यूजर फॉलो नहीं करते है।

अब बिना इंसानी मदद के साइबर हमले कर रहे हैं एआई एजेंट: रिपोर्ट



गूगल की थ्रेट इंटेलिजेंस रिपोर्ट के मुताबिक, साइबर अपराधी अब एआई एजेंट्स का इस्तेमाल कर खुद वेबसाइटों की सुरक्षा खामियां खोजकर उन्हें हैक कर रहे हैं। शोधकर्ताओं को पहली बार 'एक्सप्लॉइटएजेंट' नामक सिस्टम मिला जो सॉफ्टवेयर अपडेट में खामियां ढूंढने, अटैक कोड लिखने और बिना इंसानी मदद के साइबर हमले करने में सक्षम है। गूगल ने इसे गंभीर खतरा बताया।

डेस्क पर सोने के आरोप में महिला डायरेक्टर बर्खास्त, अब कंपनी को देना होगा मुआवजा



ब्रिटेन की अक कंपनी 'ब्लू स्ट्रॉबेरी एआई' की 46-वर्षीय डायरेक्टर डॉ. डैन लुओ को डेस्क पर सोने और जल्दी ऑफिस छोड़ने के आरोप में नौकरी से निकाल दिया गया था। लंदन साउथ एम्प्लॉयमेंट ट्रिब्यूनल ने कंपनी की कार्रवाई को अनुचित बर्खास्तगी बताया है। कोर्ट ने कंपनी को 4,333 पाउंड का बकाया वेतन और नोटिस पे देने का आदेश दिया।

मेक्सिको में कैद हुआ बड़े पंखों वाला काला जीव, लोगों ने कहा- 'उड़ने वाला डायनासोर'



मेक्सिको के आसमान में दिन के समय बड़े पंखों वाला एक काला जीव उड़ता नजर आया। इसका वीडियो हाल ही में टिकटॉक पर वायरल हो गया। ऑनलाइन कई लोग दावा कर रहे हैं कि यह उड़ने वाला डायनासोर है। हालांकि, स्थानीय अधिकारियों ने इन दावों को खारिज करते हुए कहा कि यह संभवतः कोई बड़ा पक्षी है।

7 नंबर की जर्सी को सलाम

धोनी का IPL से संन्यास

CSK के मेंटर बने : 19 सीजन में 5 खिताब जिताए
मालिकों से वीडियो कॉल पर कहा- रिलीज कर दो



धोनी ने IPL से संन्यास ले लिया है। चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) ने मंगलवार को महेंद्र सिंह धोनी को टीम का मेंटर बनाया। धोनी 19 साल तक IPL में खेले। इनमें से 17 सीजन उन्होंने चेन्नई के साथ बिताए। 2016-17 में CSK पर बैन लगा था, इसलिए वे राइजिंग पुणे सुपरजायंट की तरफ से खेले। धोनी ने IPL में 278 मैच खेले और 5,439 रन बनाए। उनकी कप्तानी में चेन्नई ने 5 बार IPL और 2 बार चैंपियंस लीग T20 का खिताब जीता।

धोनी ने धीरे से कहा- लिस्ट में मेरा नाम भी जोड़ दीजिए

CSK की मालिक रूपा गुरुनाथ ने बताया कि कुछ महीने पहले धोनी ने कहा था कि पता नहीं अगले सीजन में खेल पाएंगे या नहीं। वीडियो कॉल पर 2027 के लिए रिलीज होने वाले खिलाड़ियों के नाम तय हो रहे थे। तभी धोनी ने धीरे से कहा- लिस्ट में मेरा नाम भी जोड़ दीजिए।

पिछले सीजन में एक भी मैच नहीं खेले धोनी

2026 में धोनी चोट के कारण चेन्नई सुपर किंग्स के लिए एक भी मैच नहीं खेल सके थे। उन्होंने अपना आखिरी मैच 20 मई 2025 को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेला था। इस मैच में उन्होंने 16 रन बनाए थे।

आईपीएल कॅरिअर

मैच	रन
278	5,439
स्ट्राइक रेट	**बेस्ट**
137.45	84*

100s/50- 0/24

आईपीएल में कप्तानी

मैच	जीत	हार
221	131	88

2 नो रिजल्ट



धोनी की कप्तानी में जीते **IPL टाइटल-5**
2010 2011 2018 2021 2023

10 बार फाइनल में पहुंचे
2008 • 2010 • 2011 • 2012 • 2013 • 2015 • 2018 • 2019 • 2021 • 2023

श्रीनिवासन बोले- धोनी के बिना CSK नहीं

CSK के मालिक एन. श्रीनिवासन ने कहा, धोनी के बिना CSK की कल्पना नहीं की जा सकती। करीब 20 साल से हमारा साथ है। 2008 में मैंने ही उन्हें टीम में शामिल करने की बात कही थी। यह मेरा सबसे अच्छा फैसला था।

भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हुए मिचेल सैंटनर



न्यूजीलैंड को भारत के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले झटका लगा है। टीम के व्हाइट-बॉल कप्तान और अनुभवी स्पिन बॉलिंग ऑलराउंडर मिचेल सैंटनर दाएं हाथ में फ्रैक्चर के कारण सीरीज से बाहर हो गए हैं। रविवार को भारत के खिलाफ पांचवें और आखिरी वनडे में बल्लेबाजी के दौरान सेंटनर के हाथ पर गेंद लगी थी। इसके बाद कराए गए स्कैन में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने मीडिया रिलीज जारी कर इसकी जानकारी दी।

कमिंस के बयान की स्पिनर अश्विन ने की कड़ी आलोचना



भारत के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस की आलोचना की है, जिन्होंने उस्मान ख्वाजा की आत्मकथा 'सब्र' में 2018 सैंडपेपर गेट विवाद पर किए गए दावों को 'बकवास और आधारहीन' बताया। अश्विन ने जियोस्टार के कार्यक्रम में कहा कि किसी खिलाड़ी के संस्मरण को इस तरह खारिज करना अपमानजनक है।

गुजरात टाइटन्स में शामिल हुए हर्षल



दो बार पर्पल कैप जीत चुके भारतीय तेज गेंदबाज हर्षल पटेल आईपीएल 2027 में गुजरात टाइटंस की ओर से खेलेंगे। सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) ने उन्हें 4 करोड़ में गुजरात को ट्रेड किया है। SRH ने 2025 की नीलामी में उन्हें 8 करोड़ में खरीदा था। इस तरह उनकी फीस में 4 करोड़ यानी 50 प्रतिशत की कटौती हुई है।

गिल बोले- भारत पहले टेस्ट में 4 पेसर उतारेगा : बुमराह एक साल बाद लौटेंगे

ऋषभ पंत को लेकर भी दुविधा नहीं, न्यूजीलैंड से 19 से मुकाबला

न्यूजीलैंड दौरे पर गई भारतीय टीम वेलिंगटन टेस्ट में 4 तेज गेंदबाजों के साथ उतरेगी। कप्तान शुभमन गिल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। गिल ने ऋषभ पंत के खेलने की भी पुष्टि की। उन्होंने कहा- टीम मैनेजमेंट के सामने पंत को लेकर कोई दुविधा नहीं है। इस मुकाबले से जसप्रीत बुमराह करीब एक साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करेंगे। बुमराह ने पिछला टेस्ट 22 नवंबर 2025 को साउथ अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी में खेला था।

प्लेइंग-11 में 7 बल्लेबाज, अंशुल-आकाश भी बैटिंग कर सकते हैं

गिल ने बताया कि टीम 7 बल्लेबाजों के साथ उतरेगी। नंबर 8 और 9 पर अंशुल कंबोज और आकाश दीप बल्लेबाजी में योगदान दे सकते हैं। नीतीश कुमार रेड्डी भी बल्लेबाजी का विकल्प हैं। गिल ने कहा कि सभी तेज गेंदबाजों ने वनडे में अच्छा प्रदर्शन किया है। ऐसे में प्लेइंग-11 के लिए चार गेंदबाजों का चयन करना आसान नहीं होगा। टीम अभी अंतिम कॉम्बिनेशन तय कर रही है। गिल ने प्लेइंग-11 में स्पिनरों की संख्या को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। ऐसे में रवींद्र जडेजा या वॉशिंगटन सुंदर जैसे स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर को मौका मिल सकता है।

कुलदीप की जगह गुरनूर टीम में

जसप्रीत बुमराह की वापसी से भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिलेगी। टीम मैनेजमेंट ने कुछ दिन पहले स्पिनर कुलदीप यादव को टेस्ट स्क्वॉड से रिलीज कर तेज गेंदबाज गुरनूर बरार को शामिल किया था। इससे टीम



के तेज गेंदबाजी विकल्प बढ़े हैं। हालांकि, प्लेइंग-11 में चार तेज गेंदबाजों के अलावा स्पिनर के रूप में रवींद्र जडेजा या वॉशिंगटन सुंदर में से किसे मौका मिलेगा, इस पर कप्तान ने कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी।

पंत अनुभवी विकेटकीपर, दुनिया भर में रन बनाए: शुभमन गिल

गिल ने विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत की फॉर्म और फिटनेस पर उठ रहे सवालों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि पंत टीम के अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं। वे दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में रन बना चुके हैं और ऑस्ट्रेलिया में भी टेस्ट शतक लगा चुके हैं। गिल ने कहा, ऋषभ पंत को लेकर कोई दुविधा नहीं है। उन्होंने 50 टेस्ट खेले हैं और दुनिया भर में रन बनाए हैं। वह ऐसे विकेटकीपर हैं, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया में भी शतक लगाया है।

हांगकांग ओपन: सात्विक-चिराग ने पहले राउंड में रोमांचक जीत के साथ हार का सिलसिला तोड़ा

हांगकांग (वार्ता)। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने मंगलवार को हांगकांग ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में कड़ी टक्कर के साथ जीत हासिल करके लगातार तीन बार पहले राउंड से बाहर होने का सिलसिला खत्म किया। दुनिया की नंबर 6 भारतीय बैडमिंटन जोड़ी ने एक घंटे आठ मिनट तक चले शुरूआती राउंड के मैच में चीनी ताइपे के 15वीं रैंक वाले ली जे-हुई और यांग पो-हसुआन को 15-21, 21-17, 28-26 से हराया। भारत के ध्रुव कपिला और राधिका शर्मा क्वालिफाइंग राउंड से आगे बढ़कर मिक्स्ड डबल्स के मेन ड्रॉ में पहुंच गए।

SUCCESS PICTURES



पाकिस्तान के मोहम्मद अब्बास, रजाउल्लाह और आमिर जमाल ने 3-3 विकेट लिए

रावलपिंडी टेस्ट में 98 रन पर सिमटी श्रीलंका:9 बैटर्स दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सके; पाक 121/3

रावलपिंडी। पाकिस्तान ने रावलपिंडी टेस्ट में श्रीलंका के खिलाफ मजबूत शुरूआत की है। मेजबान टीम ने मंगलवार को श्रीलंका को 98 रन पर समेटा। फिर स्टंप्स तक 3 विकेट पर 121 रन बना डाले। कप्तान बाबर आजम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। तेज गेंदबाजों ने पहले ही घंटे में 4 विकेट लेकर बाबर के फैसले को सही साबित कर दिया। लाहिरू कुमारा 4, पसिंदु सूर्यबंदारा 2, दिनेश चंडीमल 7 और कामिंदु मेंडिस 8 रन बनाकर आउट हुए।

मेंडिस-दिनूषा ने 49 रन की पार्टनरशिप की : धनंजया डी सिल्वा (एक रन) 5वें विकेट के रूप



में पवेलियन लौटे। यहां पर स्कोर 36/5 था। कप्तान कुसल मेंडिस ने सोनल दिनूषा के साथ छठे विकेट के लिए 49 रन की साझेदारी की। हालांकि, मेंडिस खुद 32 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें आमिर जमाल ने साकिब खान के हाथों कैच कराया। मेंडिस ने अपनी पारी में 5 चौके मारे। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद अब्बास, रजाउल्लाह और आमिर जमाल ने 3-3 विकेट झटके हैं। साकिब खान को एक विकेट मिला। कप्तान बाबर ने श्रीलंका की पारी में 4 गेंदबाजों का इस्तेमाल किया।

अजान अवैस फिफ्टी के करीब, बाबर 8 रन पर आउट : पहले दिन का खेल समाप्त होने पर पाकिस्तानी ओपनर अजान अवैस 47 रन पर नाबाद लौटे। तैयब आरिफ 46 रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद ताहा और कप्तान बाबर आजम 8-8 रन पर आउट हुए। साकिब खान 2 रन पर नाबाद लौटे हैं।

तनय मेहेंदाले, स्नेहा लांबा तीसरे दौर में

गंगटोक (वार्ता) राजस्थान की स्नेहा लांबा और महाराष्ट्र के तनय मेहेंदाले ने मंगलवार को यहां 49वीं योनेक्स-सनराइज नेशनल जूनियर (अंडर-19) बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपने से कहीं अधिक रैंकिंग वाले विरोधियों को सीधे गेम में हराकर शुरूआती हलचल मचा दी। स्नेहा ने चौथी वरीयता प्राप्त तन्वी रेड्डी अंदलूरी को लड़कियों के एकल के दूसरे दौर में 15-12, 15-6 से हराया, जबकि मेहेंदाले ने लड़कों के एकल में छठी वरीयता प्राप्त शौर्य मिश्रा को 15-13, 16-14 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। वरीय खिलाड़ियों को शुरूआती दौर में बाई मिली थी और सभी की निगाहें सिक्किम की राजधानी में व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन प्रदर्शन करने वाले शीर्ष सितारों पर थीं।

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

सीमा सन्देश

श्रीगंगानगर, बुधवार, 18 नवम्बर, 2026

डर, क्रोध और नफरत ने भाजपा और आरएसएस समर्थकों के दिलों में एक ऐसा जाल बुन दिया है, जो उन्हें प्रेम को महसूस करने और उसे व्यक्त करने से रोकता है। - राहुल गांधी

न्यूज इन ब्रीफ

उत्तराखंड में दो बड़े सड़क हादसे: 17 की मौत, 31 घायल

उत्तराखंड। रुद्रप्रयाग और टिहरी गढ़वाल जिलों में हुए दो भीषण सड़क हादसों में 17 लोगों की मौत हो गई और 31 घायल हुए हैं। पहला हादसा सोमवार रात अगस्त्यमुनि के क्यूंजा घाटी में हुआ, जहां बारातियों की जीप खाई में गिरने से 7 लोगों की जान गई और 6 घायल हुए। दूसरा हादसा मंगलवार सुबह टिहरी के गूलर के पास हुआ, जहां हरिद्वार से जोशीमठ जा रही बस नदी में गिर गई। इसमें 10 यात्रियों की मौत हुई और 25 घायल हुए। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने शोक जताया है।

कार-बाइक की टक्कर, तीन की मौत

जयपुर। राजस्थान के दूदू-मालपुरा स्टेट हाईवे पर मंगलवारा और सेवा गांव के बीच एक कार और बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस दर्दनाक हादसे में बाइक सवार दो बहनों ललिता (19), किस्मत (18) और उनके चचेरे भाई देशराज (23) की मौत हो गई, जबकि सिलोचना (24) गंभीर रूप से घायल हो गईं। चारों खुडियाला गांव से मूंगीथाला में शादी की 'मायरा' रस्म में शामिल होने जा रहे थे। घायल को जयपुर रेफर किया गया है, और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बूंदी; दंपती को डंपर ने कुचला, पति की मौत

बूंदी। रायथल थाना क्षेत्र के अंथड़ा-साथेली मार्ग पर मंगलवार सुबह एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार दंपती को कुचल दिया। हादसे में अंथड़ा माता के दर्शन को जा रहे बटूंदा निवासी राधेश्याम रेंगर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल पत्नी कस्तूरी बाई को कोटा रेफर किया गया। गुस्साए ग्रामीणों ने अवैध खनन पर रोक और मुआवजे की मांग को लेकर 2 घंटे जाम लगाया। पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पटियाला में युवक की गोली मारकर हत्या

पटियाला । पटियाला में बीती रात मामूली बहस के बाद युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान ताशु शर्मा के तौर पर हुई है, जबकि गोली चलाने वाला गांव चट्ठा का रहने वाला चमकौर सिंह बस्सी बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले लिया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

सहारनपुर में सर्राफ के घर से जेवर चोरी

सहारनपुर। जैन बाग इलाके में सर्राफ संदीप जैन के घर से अज्ञात बदमाशों ने करीब 20 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चुरा लिए। मंगलवार सुबह जब उनकी पत्नी मॉर्निंग वॉक से लौटकर ऊपरी मंजिल की रसोई में गईं, तो उन्हें गंडासा मिला। कमरे की अलमारी का सामान गायब था। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालकर बदमाशों की तलाश कर रही है।

ब्रिटिश पर्यटकों की बस पलटी, 17 घायल

भरतपुर। अलवर के सरिस्का टाइगर रिजर्व से भ्रमण कर भरतपुर लौट रहे ब्रिटिश पर्यटकों की बस मंगलवार को सेवर के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में 16 ब्रिटिश पर्यटक और एक भारतीय नागरिक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू कर सभी घायलों को आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है।

बैग से 40 लाख के जेवर व नकदी चोरी

आजमगढ़। मुंबई से गोदान एक्सप्रेस के कोच बी-3 में परिवार संग लौट रहे हरिऔध नगर निवासी सूरज राय के बैग से करीब 40 लाख रुपये के आभूषण और नकदी चोरी हो गई। पीड़ित ने चार अज्ञात संदिग्धों के खिलाफ जीआरपी थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

पराली, फैक्टरियों और वाहनों के धुएं से बिगड़ी आबोहवा, बुजुर्गों और बच्चों पर सबसे ज्यादा असर

स्मॉग ने बढ़ाई सांसों की तकलीफ, अस्पतालों में बढ़ रहे अस्थमा और सीओपीडी के मरीज

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

इलाके में पिछले करीब 15-20 दिनों से प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ने के कारण वातावरण में स्मॉग की चादर छाई हुई है। पराली जलाने, फैक्ट्रियों से निकलने वाले धुएं और वाहनों के प्रदूषण के कारण सुबह-शाम हवा में धुआं और धूल का असर साफ दिखाई दे रहा है। बिगड़ती आबोहवा अब लोगों की सेहत पर भारी पड़ने लगी है। सांस, अस्थमा, सीओपीडी और हृदय रोग से पीड़ित मरीजों की परेशानियां बढ़ रही हैं। अस्पतालों में सांस लेने में तकलीफ, एलर्जी और अस्थमा की शिकायत लेकर पहुंचने वाले मरीजों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। शहर के सीनियर फिजिशियन डॉ. बृजेश गौड़



ने बताया कि पिछले 15-20 दिनों से वातावरण में प्रदूषण बढ़ने के कारण सांस और एलर्जी के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। धुएं और मिट्टी के संपर्क में आने से कई बार मरीजों की स्थिति अचानक गंभीर हो जाती है और उन्हें सांस का अटैक तक आ जाता है। ऐसी स्थिति में मरीज को अस्पताल में भर्ती करवाने की नौबत भी आ रही है। पहले से अस्थमा और सीओपीडी से पीड़ित मरीजों के अलावा बुजुर्गों और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। वहीं प्रदूषण के लगातार संपर्क में रहने से स्वस्थ लोगों में भी सांस संबंधी नई समस्याएं पैदा होने की आशंका बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि प्रदूषित धुआं और धूल के कण मिलकर स्मॉग बनाते हैं। ये सूक्ष्म कण सांस के जरिए फेफड़ों में पहुंचकर जमा होते रहते हैं और शरीर के विभिन्न अंगों को प्रभावित करते हैं। लगातार प्रदूषण के संपर्क में रहने से फेफड़ों को स्थायी नुकसान पहुंच सकता है। इसका असर केवल सांस संबंधी बीमारियों तक सीमित नहीं है, बल्कि हृदय रोगियों के लिए भी यह बेहद खतरनाक है। प्रदूषण के कारण हार्ट के मरीजों की परेशानी बढ़ सकती है और स्वस्थ लोगों में भी हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। इसके अलावा त्वचा संबंधी समस्याएं, आंखों में जलन और अन्य शारीरिक परेशानियां भी सामने आ सकती हैं।

डॉ. गौड़ ने कहा कि हनुमानगढ़ जैसे छोटे क्षेत्र में सांस के रोगियों की संख्या पूरे राजस्थान में सर्वाधिक होना चिंता का विषय है। प्रदूषण की समस्या का स्थाई समाधान जरूरी है। इसके लिए पराली जलाने, फैक्ट्रियों और वाहनों से निकलने वाले धुएं पर प्रभावी नियंत्रण करना होगा। प्रदूषण प्रभावित क्षेत्रों में प्रदूषण नियंत्रण विभाग की ओर से नियमित जांच कर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। सड़कों और धूल प्रभावित क्षेत्रों में पानी का छिड़काव करवाया जाए, ताकि मिट्टी के कण हवा में न फैलें।

मास्क लगाकर निकलें बाहर, दवाइयों में बदलाव डॉक्टर की सलाह से ही करें

डॉ. गौड़ ने प्रदूषण से बचाव के लिए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि ऐसे मौसम में अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें। बाहर जाना जरूरी हो तो मास्क लगाकर ही निकलें। पहले से अस्थमा, सीओपीडी और सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित मरीज चिकित्सक की सलाह के अनुसार मौसम और वातावरण को देखते हुए अपनी दवाइयों में बदलाव करवाएं। घर के अंदर भी पर्याप्त वेंटिलेशन बनाए रखें। उन्होंने कहा कि हर साल प्रदूषण को लेकर चर्चा होती है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकल पा रहा। प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ना आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। शासन-प्रशासन को अब केवल चर्चा तक सीमित रहने के बजाय प्रभावी कदम उठाने होंगे, ताकि हवा को प्रदूषण मुक्त बनाया जा सके।

9000 से 9400 रुपये प्रति क्विंटल भाव, पशुओं को भी नहीं मिल रही सरसों की खळ

समर्थन मूल्य से 3200 रुपए महंगी बिक रही सरसों, रसोई से गायब तेल की खुशबू

सीमा सन्देश # चारणवासी।

सरसों के बाजार भावों में आई जबरदस्त तेजी ने किसानों के चेहरे पर खुशी ला दी है। अच्छे भाव मिलने की उम्मीद में घरों में सरसों का भंडारण करने वाले किसान अब अपनी उपज मंडियों में बेचकर अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। वर्तमान में मंडियों में सरसों 9000 से 9400 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिक रही है। इसके चलते वर्षभर घरेलू उपयोग के लिए रखी गई सरसों भी अब मंडियों तक पहुंचने लगी है। इसका असर ग्रामीण परिवारों की रसोई से लेकर पशुओं के चारे तक दिखाई देने लगा है। वर्ष 2025-26 के लिए सरकार ने सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 6200 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया था। वहीं वर्ष 2026-27 के लिए इसमें 413 रुपए की वृद्धि कर 6613 रुपए प्रति क्विंटल किया गया है, जो अभी पूरी तरह प्रभावी नहीं हुआ है। वर्ष 2025-26 के समर्थन मूल्य से तुलना करें तो वर्तमान खुले बाजार में किसानों को प्रति क्विंटल 2800 से 3200 रुपए तक अधिक मिल रहे हैं। यही वजह है कि फेफाना उपतहसील क्षेत्र के दर्जनों किसान प्रतिदिन नोहर, सिरसा और ऐलनाबाद की मंडियों में सरसों बेचने पहुंच रहे हैं।



घरेलू तेल के लिए रखी सरसों भी मंडियों में पहुंची

भावों में तेजी का असर ग्रामीण परिवारों की रसोई पर भी पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि वे सालभर सब्जी और घरेलू उपयोग के लिए तेल निकलवाने के उद्देश्य से 50 से 100 किलो तक सरसों घरों में सुरक्षित रखते थे। वर्तमान बाजार भाव के अनुसार इस सरसों की कीमत 4500 से 9000 रुपए तक हो गई है। ऐसे में किसान परिवार घरेलू उपयोग के लिए रखी सरसों को भी मंडियों में बेच रहे हैं। उनका मानना है कि सरसों बेचकर मिलने वाली राशि से सालभर करीब 150 रुपए प्रति लीटर के भाव वाला रिफाइंड तेल खरीदने के बाद भी अच्छी बचत हो सकती है।

खळ से लेकर बालों के तेल तक बदली दिनचर्या

सरसों की ऊंची कीमतों का असर ग्रामीण जीवनशैली पर भी नजर आने लगा है। घरों में सरसों का तेल नहीं निकलवाने के कारण जहां रसोई में सरसों के तेल का उपयोग कम हो रहा है, वहीं बालों में लगाने के लिए भी सरसों के बजाय अन्य सुगंधित तेलों का इस्तेमाल बढ़ रहा है। इसके अलावा घरों में तेल निकालने के बाद मिलने वाली पौष्टिक सरसों की खल भी दुधारू पशुओं को नहीं मिल पा रही है। दूसरी ओर चिकित्सकों ने केवल आर्थिक लाभ के लिए पारंपरिक सरसों के तेल को छोड़कर रिफाइंड तेलों का अधिक उपयोग करने की प्रवृत्ति पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि खाद्य तेल का चयन करते समय केवल कीमत नहीं, बल्कि उसकी गुणवत्ता और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को भी ध्यान में रखना चाहिए।

रिड़मलसर पंचायत की सरपंच निर्वाचित हुईं मंशादेवी मांझू



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

ग्राम पंचायत रिड़मलसर में मंशादेवी मांझू सरपंच निर्वाचित हुई हैं। मंशादेवी के पति रामकुमार मांझू भी सरपंच रह चुके हैं। सरपंच मंशादेवी ने गांव में विकास कार्य करवाने का वादा किया। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी सरिता पूनिया को 16 मतों से हराया। नवनिर्वाचित सरपंच मंशादेवी, शिक्षाविद् राजाराम बिश्नोई की भतीजी हैं और सामाजिक कार्यों में सक्रिय रामस्वरूप मांझू के भतीजे की पत्नी हैं। उनकी जीत से समर्थक उत्साहित नजर आए। सरपंच मंशादेवी ने कहा कि ग्रामीणों ने उन पर जो विश्वास जताया है, वे उस पर खरी उतरेंगी। सभी को साथ लेकर पूरी पंचायत का चहुंमुखी विकास करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके दरवाजे हर वर्ग के लिए हमेशा खुले रहेंगे। गांव का विकास ही उनकी प्राथमिकता में शामिल है।

विधायक चाचाण ने सीएम को लिखा पत्र, 80% से अधिक फसल खराबे का हवाला देकर मांगी राहत

नोहर-पल्लू को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग

सीमा सन्देश # नोहर।

नोहर विधानसभा क्षेत्र में खरीफ फसलों को हुए व्यापक नुकसान और सिंचाई पानी के अभाव का मुद्दा राज्य सरकार तक पहुंच गया है। विधायक अमित चाचाण ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर नोहर एवं पल्लू तहसीलों को अभावग्रस्त/सूखाग्रस्त घोषित करने तथा प्रभावित किसानों को कृषि आदान-अनुदान और सरकारी राहत उपलब्ध करवाने की मांग की है। विधायक ने बताया कि अल्पवृष्टि और प्रतिकूल प्राकृतिक परिस्थितियों के चलते क्षेत्र में 80 प्रतिशत से अधिक फसल खराब हुई है। इसके बावजूद दोनों



तहसीलों को अभी तक अभावग्रस्त घोषित नहीं किया गया है, जिससे हजारों किसान सरकारी सहायता से वंचित हैं। चाचाण ने मुख्यमंत्री का ध्यान दिलाया कि बीकानेर की लूणकरणसर, चूरू की सरदारशहर और श्रीगंगानगर की सूरतगढ़ तहसीलों को अभावग्रस्त घोषित किया जा चुका है, जबकि समान परिस्थितियों के बावजूद नोहर एवं पल्लू को राहत नहीं मिली है। उन्होंने इसे किसानों के साथ असमानता बताते हुए समान आधार पर राहत देने की मांग की।

विधायक ने क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों को गंभीर बताते हुए कहा कि नोहर क्षेत्र की नहरें नहर तंत्र के अंतिम छोर यानी टेल क्षेत्र में स्थित हैं। इस कारण पानी की उपलब्धता चुनौतीपूर्ण रहती है। इस बार पूरे खरीफ सीजन में नहरों से पानी नहीं मिला और भूमिगत जल खारा होने से नलकूपों से भी सिंचाई नहीं हो सकी। इसका सीधा असर खरीफ फसलों पर पड़ा है और अब रबी सीजन में भी कम बुवाई हुई है।

चाचाण ने कहा कि फसल खराबे से किसानों की आर्थिक स्थिति, पशुपालन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है। खेतों में चारे की कमी और पशुधन के भरण-पोषण की समस्या ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

ये प्रमुख मांगें उठाईं

विधायक ने राजस्व व कृषि विभाग की संयुक्त टीम से निष्पक्ष सर्वे करवाने, दोनों तहसीलों को अभावग्रस्त घोषित करने और आपदा राहत राशि देने की मांग की है। साथ ही फसल बीमा क्लेम दिलवाने, टेल क्षेत्र की नहरों में पानी पहुंचाने की कार्ययोजना बनाने, रबी सीजन के नुकसान का आकलन कर राहत देने तथा पशुपालकों को चारे के लिए सहायता उपलब्ध करवाने का आग्रह किया है।

फुटबॉल में जीते विदेशी सैलानी, हॉर्स शो ने मोहा मन

अजमेर। अंतरराष्ट्रीय पुष्कर पशु मेला 2026 का मंगलवार को कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत ने पूजा-अर्चना और ध्वजारोहण कर विधिवत शुभारंभ किया। 24 नवंबर तक चलने वाले इस मेले के पहले दिन सुप्रसिद्ध नगाड़ा वादक नाथूसिंह सोलंकी के नगाड़ा वादन, छात्राओं के लोक नृत्य और राजस्थानी मांडणा प्रतियोगिता ने देशी-विदेशी पर्यटकों को खूब लुभाया। मेले में आयोजित 'चक दे राजस्थान' फुटबॉल मैच में विदेशी सैलानियों की टीम ने स्थानीय टीम को 5-2 से शिकस्त दी। वहीं, पहली बार आयोजित राजस्थान पुलिस अकादमी के विशेष हॉर्स शो में जवानों के हैरतअंगेज करतब सैलानियों के बीच मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे।

बागवानी और कृषि उद्यमिता से आत्मनिर्भर बनेंगी छात्राएं



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राजकीय नेहरू मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को राजस्थान राज्य महिला नीति-2021 के अंतर्गत छात्राओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बागवानी एवं कृषि आधारित उद्यमिता विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. रामपाल अहरोदिया ने की। प्राचार्य प्रो. अहरोदिया ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में पारंपरिक नौकरियों के साथ-साथ बागवानी, नर्सरी प्रबंधन, जैविक खेती और किचन गार्डनिंग जैसे क्षेत्रों में रोजगार एवं स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने वैश्विक उदाहरण देते हुए बताया कि कई देशों ने आधुनिक तकनीक, ग्रीनहाउस खेती और उन्नत प्रसंस्करण के माध्यम से फल एवं सब्जी उत्पादन तथा बागवानी के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इसी तरह भारत और विशेषकर राजस्थान में भी आधुनिक तकनीक अपनाकर युवा एवं महिलाएं कृषि उद्यमिता के क्षेत्र में नई संभावनाएं विकसित कर सकती हैं।

पंचायत चुनाव-2026

120 ग्राम पंचायतों में सरपंच निर्वाचित होते ही समर्थकों ने नाचकर मनाया जीत का जश्न

देर रात तक आए सरपंच चुनाव के नतीजे, जीत के जश्न में रंग-गुलाल से रंगे गांव

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत चौथे एवं अंतिम चरण में जिले की हनुमानगढ़ टाउन, संगरिया, टिब्बी एवं रावतसर पंचायत समितियों की 120 ग्राम पंचायतों में सोमवार को सरपंच एवं 1234 वार्ड पंच पदों के लिए मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक चले मतदान के बाद देर शाम संबंधित ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर मतगणना शुरू हुई। देर रात तक परिणाम घोषित होने के साथ ही गांवों में जीत का जश्न शुरू हो गया। विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों ने रंग-गुलाल लगाकर और ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचकर खुशियां मनाईं। वहीं, मंगलवार को चारों पंचायत समितियों की ग्राम पंचायतों में उपसरपंच का चुनाव करवाया गया। चौथे चरण में जिले के 415 मतदान केन्द्रों पर कुल 3 लाख 93 हजार 176 पंजीकृत मतदाताओं में से 3 लाख 56 हजार 353 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार कुल 90.63 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। हनुमानगढ़ टाउन पंचायत समिति में सर्वाधिक मतों से जीत की बात की जाए तो चोहिलांवाली ग्राम पंचायत से चुकलेश ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 1747 मतों के अंत से पराजित किया। संगरिया पंचायत समिति में लीलांवाली से वीरपाल कौर (2659) अपने ही नाम की निकटतम



प्रतिद्वंद्वी वीरपाल कौर (1233) से 1426 अधिक मत लेकर सरपंच निर्वाचित हुईं। वहीं सबसे कम अंतर से जीत की बात करें तो हरीपुरा से करनैल सिंह (1955) अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रणजीत सिंह (1952) से मात्र 3 मत अधिक लेकर विजेता घोषित किए गए। वहीं रावतसर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 6-7 डीडब्ल्यूडी में मनजिन्द्र सिंह (1459) अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रतनलाल (689) से 770 मत अधिक लेकर सरपंच निर्वाचित हुए। जबकि 27 आरडब्ल्यूडी से भालाराम (631) अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजकुमार (629) से मात्र 2 मत अधिक लेकर सबसे कम मतों के अंतर से सरपंच बने। इसी प्रकार टिब्बी पंचायत समिति में ग्राम पंचायत मेहरवाला से किरणजीत कौर (3322) अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी नवदीप कुमार (2156) से 1166 मत अधिक लेकर सरपंच पद पर निर्वाचित हुईं। वहीं 2 केएसपी में रोशनी (512) अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी भागवंती देवी (473) से 39 मत अधिक लेकर सबसे कम वोटों के अंतर से विजयी हुईं।

टाउन की 30 पंचायतों में सरपंच पद के परिणाम

हनुमानगढ़ टाउन पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 1 एसटीबी में कृष्णा देवी, 19 एसएसडब्ल्यू में चन्द्रभान, 22-23 एनडीआर में सुनीता, 30 एसएसडब्ल्यू में विनोद कुमार, 31 एसएसडब्ल्यू में राजबाला, 4 एआरडब्ल्यू-ए में संतोष, 5 एआरडब्ल्यू-ए में मोहनलाल, अमरपुरा थेड़ी में रुक्मणी, अराईयांवाली में सविता, बहलोलनगर में लाली, भोमपुरा में गायत्री, भूनावाली ढाणी में जयदेव मूंड, चक हरीपुरा में वीरपाल, चोहिलांवाली में चुकलेश, फतेहगढ़ में किरण, गुरुसर में विद्या देवी, झाम्बर में प्रदीप सिहाग, जोरावरपुरा में मंगतूराम, किशनपुरा दिखनादा में प्रभुदयाल, लखूवाली में सहीराम, मैनावाली में इन्द्र कुमार, मटोरियांवाली ढाणी में धारवी, मोहनमगरिया में जय श्रीराम, मूंडा में पूनम, नन्दराम की ढाणी में बलविन्द्र सिंह, नौरंगदेसर में सुनील कुमार टांडी, रामसरा नारायण 20 एचएमएच में च्यानणराम भाटी, रणजीतपुरा में शंकरलाल खोड, सहजीपुरा में रामेश्वरी देवी और श्रीनगर में गुरलाभ सिंह सरपंच निर्वाचित हुए।

संगरिया की 27 ग्राम पंचायतों के परिणाम

संगरिया पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 14 एमकेएस (शेरगढ़) में रवि कुमार, अमरपुरा जालू में रामेती देवी, भगतपुरा में चरणजीत कौर, भाखरांवाली में पूनम, बोलांवाली में अल्का, चक हीरासिंहवाला में राजपाल कौर, दीनगढ़ में कृतिका चौधरी, ढाबां में समेस्ता, फतेहपुर में प्रकाशचन्द्र, हरीपुरा में करनैल सिंह, इन्द्रगढ़ में सिमरन, इन्द्रपुरा में ममता, जंडवाला सिखान में सुखजीत कौर, किकरवाली में शकील, किशनपुरा उतराधा में ज्योति, लीलांवाली में वीरपाल कौर, मालारामपुरा में निहालचन्द, मानकसर में जयसूर्या, मोरजंड सिखान में करणी सिंह, नगराना में सुमन, नाथवाना में गुरपिन्द्र कौर, नुकेरा में अंकुश गोदारा, रासूवाला में सर्वजीत सिंह, रतनपुरा में शिवनारायण गोदारा, संतपुरा में अमरपाल सिंह, शाहपीनी में करणपाल सिंह और सिंहपुरा में बलविन्द्र सिंह सरपंच निर्वाचित हुए।

टिब्बी की 33 ग्राम पंचायतों में परिणाम

टिब्बी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 12 डीबीएल में बिरमा, 13 सीडीआर में मनजीत कौर, 2 केएसपी में रोशनी, 4 केएसपी में रमनदीप कौर, 4-5 आरडब्ल्यूबी में श्योभगवान, 5 केएचआर (माणक टिब्बी) में विकास कुमार झोरड़, बशीर में सुनीता, बेहरवाला कलां में रूपिन्द्र कौर, भूरानपुरा (11 आरडब्ल्यूडी) में बलराम, चाहूवाली में विजय कुमार गोदारा, चन्दूरवाली में भादर राम, डबली कलां में सुन्दर, डबली खुर्द में नरेश कुमार, गुडिया में सम्पूर्ण सिंह, खाराखेड़ा में सरोज, कुलचन्द्र में सुनीता रानी, मल्लड़खेड़ा में सुखविन्द्र कौर, मसीतांवाली में रमनदीप, मेहरवाला में किरणजीत कौर, मिर्जावाली मेर में प्रवीणा, नाईवाला में गुरप्रीत कौर, पन्नीवाली में जसवंत सिंह, पीरकामड़िया में रविन्द्र कुमार, रामपुरा रामसरा में दीनदयाल, राठीखेड़ा में वकीला बेगम, साबुआना में परमपाल कौर, सहारणी में सुखासिंह, सलेमगढ़ मसानी में रामस्वरूप, सालीवाला में वन्दना, शेरेकां में धर्मपाल, सिलवाला खुर्द में परमजीत कौर, सूरेवाला में वीना और तलवाड़ा झील में भगवंत सिंह सरपंच पद पर निर्वाचित हुए।

रावतसर की 30 पंचायतों में सरपंच पद के परिणाम

रावतसर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 15-16 केडब्ल्यूडी में हेमराज, 2 केबीएम में जाकिर, 22 एजी में पूनम, 25 आरडब्ल्यूडी में इन्द्रावती, 27 आरडब्ल्यूडी में भालाराम, 29 डीडब्ल्यूडी में कौशल्या, 34 आरडब्ल्यूडी में रोशनी देवी, 4 सीवाईएम में प्रीति कंवर, 4 डीडब्ल्यूएम में इन्द्रा, 4 एनडब्ल्यूडी में गोपाल, 6-7 डीडब्ल्यूडी में मनजिन्द्र सिंह, 7 डीडब्ल्यूएम में कृष्ण कुमार, 99 आरडी में कविता, भाखरांवाली में कुलदीप, भेरूसरी में मदन लाल, बुधवालिया में अमित कुमार, चाईया में कमला देवी, धन्नासर में विक्रम, गंधेली में लता देवी, हरदासवाली में सुशील कुमार, कनवानी में उमा देवी, खेदासरी में राजपाल, खोड़ा में बिमला, किकरालियां में संतलाल, लालपुरा में सुन्दर, मोधूनगर में सहनाज बानो, निरवाल में रोशनी, रामपुरा मटोरिया में अजय कुमार, सरदारपुरा में सुनीता और थालड़का में माया सरपंच चुनी गईं।

स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528